जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in



ग्रीन साड़ी में करीना का कहर

पेज: 10

जयपुर, सोमवार, 14 अप्रैल, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 343 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.

## बड़ी उपलब्धि

# भारत ने बनाया लेजर हथियार

**नई दिल्ली।** भारत ने 30 किलोवाट के लेजर हथियार से हवाई जहाज, मिसाइल और ड्रोन को नष्ट करने की ताकत दिखाई है। यह देश की रक्षा तकनीक में एक बड़ा कदम है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने इस हथियार को बनाया है, जो अब सेना में इस्तेमाल के लिए तैयार है। भारत अब अमेरिका, चीन और रूस जैसे चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है। नीचे इस खबर को आसान हिंदी में और सब हेड के साथ बताया है।



### लेजर हथियार की ताकत

डीआरडीओ ने 30 किलोवाट का लेजर हथियार बनाया है, जो 5 किलोमीटर की दूरी तक ड्रोन, हेलीकॉप्टर और मिसाइल जैसे हवाई खतरों को नेस्तनाबूद कर सकता है। यह हथियार इलेक्ट्रॉनिक वॉर में भी माहिर है और दुश्मन के कम्युनिकेशन और सैटेलाइट सिग्नल को जाम कर सकता है। इसे जमीन और जहाज दोनों पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

### भारत की बड़ी उपलब्धि

डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने कहा, 'यह तो बस शुरुआत है। हमारी लैब ने दूसरी लैब, उद्योग और शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर यह सफलता पाई है। हम जल्द ही अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे। हम हाई-एनर्जी माइक्रोवेव और इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक पल्स जैसे दूसरे हथियारों पर भी काम कर रहे हैं। ये हमें स्टार वॉर्स जैसी ताकत देंगे।'

### हथियार की खासियतें

यह लेजर हथियार 360 डिग्री सेंसर से लैस है, जो सटीक निशाना लगाता है। इसे हवाई जहाज, ट्रेन, सड़क या समुद्र के रास्ते जल्दी तैनात किया जा सकता है। यह जमीन और समुद्र दोनों पर भारत की रक्षा को और मजबूत करेगा। इसका डिज़ाइन इतना लचीला है कि इसे अलग-अलग सैन्य जरूरतों के लिए ढाला जा सकता है।

## केन्द्रीय मंत्री शाह बोले...

# सहकारी समितियां पेट्रोल पंप चलाएंगी, गैस बांटेंगी





## भोपाल में कहा, मध्यप्रदेश में काफी संभावनाएं, सांची और डेयरी डेवलपमेंट के बीच एमओयू

**भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान मध्यप्रदेश दुग्ध संघ और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के बीच एमओयू हुआ।

इसके साथ ही एमपी के छह दुग्ध संघों और एनडीडीबी के बीच छह अलग-अलग एमओयू भी किए गए। शाह ने कहा कि देश में सहकारी समितियां अब पेट्रोल पंपों का संचालन करेंगी और रसोई गैस वितरण भी संभालेंगी।

सहकारिता सेक्टर में मध्य प्रदेश में काफी संभावनाएं हैं, जिस पर काम करने की जरूरत है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा- मध्य प्रदेश के अंदर कृषि, पशुपालन और सहकारिता क्षेत्र में अधिक संभावनाएं हैं। मैं मानता हूं कि हमें हमारी संभावनाओं का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए ढेर सारा काम करने की जरूरत है।

### राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन



### साढ़े 3 साल में काफी बदलाव आया

केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि ग्रामीण विकास और कृषि विकास के आयाम, पशुपालन के आयाम, इन सबको एक जगह पर रखकर केंद्रीय स्तर पर कोई विचार नहीं किया। विचार होता भी कैसे। कोई सहकारिता मंत्रालय ही नहीं था। आजादी के 75 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय बनाकर मुझे मंत्री बनाया। सीएम मोहन यादव जी कह रहे हैं उन्हें आश्चर्य हुआ तो थोड़ा मुझे भी आश्चर्य हुआ। साढ़े तीन साल के समय में मोदी जी ने खुद बहुत बारीकी से देखकर सहकारिता आंदोलन में बहुत बड़ा बदलाव लाने का काम किया।

### मॉडल बायलॉज को सभी राज्यों ने अपनाया

केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा आज भी सहकारिता राज्य का विषय है। भारत सरकार राज्य की सूची में कोई बदलाव नहीं कर सकती, लेकिन टैक्स को पुनर्जीवित करना, डेयरी क्षेत्र को बढ़ाना, उत्पादन के क्षेत्र में सहकारिता को ले जाना, अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक, जिला सहकारी बैंक और ग्रामीण बैंकों के सुचारू व्यवस्थापन का सारा काम कैसे होगा। मैं कहना चाहता हूं की संपूर्ण भारत में मॉडल बायलॉज को स्वीकार किया गया है। जब आपकी नीयत ठीक हो, श्रम करने की वृद्धि हो तो नतीजे भी ठीक ही आएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। इस दौरान सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पशुपालन-डेयरी विकास मंत्री लखन पटेल के साथ ही नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड और मध्यप्रदेश के सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

इससे पहले स्टेट हैंगर पर शाह का स्वागत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने किया। इसके बाद शाह का काफिला रवाना होकर सीएम हाउस पहुंचा, जहां केन्द्रीय मंत्री शाह ने सीएम मोहन यादव और उनके साथी मंत्रियों के साथ लंच किया।

### सीएम ने कहा, किसानों की जिंदगी बेहतर बनाएंगे

*सीएम ने कहा कि हजारों साल से ऐसा माना जाता था कि हमारे देश में दूध की नदियां बहती थीं। लेकिन गाय का दूध खरीदने में हाथ जोड़ते थे। यह बात अलग है की दूध में पानी मिलाकर चला दें, लेकिन कोई दूध उत्पादक घर से गाय का दूध लेकर जाए तो गाय का दूध नहीं खरीदते थे।*

## आम आदमी को राहत...!

# कभी भी लागू हो सकती है नई टोल नीति

### शुरुआत दिल्ली-जयपुर हाईवे से किए जाने के आसार

### 3 हजार का वार्षिक पास



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस वे में टोल संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रस्तावित नई टोल नीति शुल्क में औसतन 50 प्रतिशत तक राहत देने के साथ ही लोगों को तीन हजार रुपए एकमुश्त खर्च में वार्षिक पास की सुविधा भी प्रदान करेगी। ये पास राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस वे के साथ ही राज्यों के एक्सप्रेस वे पर भी मान्य होंगे। इसके लिए, अलग से पास लेने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि शुल्क फास्टैग अकाउंट के जरिये ही अदा किया जा सकता है। नई टोल नीति लगभग तैयार है और इसकी घोषणा कभी भी की जा सकती है। इसमें टोल गेटों को समयसीमा के भीतर समाप्त करने का संकल्प भी है।

### तीन हजार के पास में साल भर दौड़ेगी कार

नई टोल नीति टोल प्लाजाओं की व्यवस्थाओं के बजाय प्रति किलोमीटर निर्धारित शुल्क पर आधारित होगी। मोटे तौर पर सौ किलोमीटर के लिए एक कार को पचास रुपये का टोल शुल्क देना होगा। नई टोल नीति के निर्माण से जुड़े सूत्र के अनुसार, अभी मासिक पास ही जारी किए जाते हैं, जो स्थानीय लोगों को एक टोल प्लाजा पार करने में राहत देते हैं, लेकिन नई नीति में तीन हजार रुपए का वार्षिक पास हासिल कर कोई कार पूरे साल असीमित किलोमीटर की यात्रा कर सकती है और उसे किसी एक्सप्रेस वे अथवा हाइवे पर कोई शुल्क नहीं देना होगा।

### इस फार्मूले के तहत होगी क्षति की भरपाई

इसमें सबसे बड़ी अड़चन कंसेसनरों और कांट्रेक्टरों के मौजूदा अनुबंध थे, जिनमें इस तरह की सुविधा का कोई प्रविधान नहीं है। सूत्रों के अनुसार, उनकी आपत्तियों को दूर करने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय क्षति की भरपाई करने पर सहमत हो गया है। यानी कंसेसनायर अपने टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों का डिजिटल रिकार्ड रखेंगे और उनके दावे और वास्तविक वसूली में जो अंतर होगा, उसकी भरपाई एक फार्मूले के अनुसार सरकार की ओर से की जाएगी।

### पहले इस सुविधा पर किया गया विचार

मीडिया सूत्रों के अनुसार कंसेसनरों की आपत्ति, राज्यों में वाहनों की आयु सीमा के अलग-अलग नियमों और बैंकों की हिचक के कारण सरकार ने अब आजीवन पास जारी करने का विचार छोड़ दिया है। पहले लाइफटाइम पास के रूप में तीस हजार रुपये में 15 वर्ष तक वैध रहने वाला पास जारी करने के बारे में सोचा गया था, लेकिन इस पर सभी पक्षों की सहमति नहीं बनी। इसके लिए उपभोक्ताओं के आगे आने के आसार भी कम थे।

### बैरियर फ्री इलेक्ट्रानिक टोलिंग की व्यवस्था

नई टोल नीति बैरियर फ्री इलेक्ट्रानिक टोलिंग को बढ़ावा देने वाली है। सूत्रों के अनुसार इससे संबंधित तीन पायलट प्रोजेक्टों के सकारात्मक नतीजे मिले हैं। सटीकता का स्तर 98 प्रतिशत के आसपास पहुंच रहा है। बैंकों के साथ इस चिंता का भी समाधान कर लिया गया है कि अगर कोई वाहन टोल अदा किए बिना सड़क नेटवर्क से निकल जाता है, तो टोल की वसूली कैसे होगी। इसके लिए बैंकों को और अधिकार दिए जाएंगे। वे फास्टैग समेत पेमेंट के अन्य माध्यमों में न्यूनतम बैलेंस की शर्त लगा सकते हैं और अधिक पेनल्टी थोप सकते हैं।

### कहां से की जाएगी नई सुविधा की शुरुआत

नई टोल नीति निर्माण में सलाहकारों ने मंत्रालयों को बैंकों को वे साइड एमेनिटीज के स्वामित्व में हिस्सेदारी की सलाह भी दी है। इसकी शुरुआत दिल्ली-जयपुर हाईवे से किए जाने के आसार हैं।

मंत्रालय के एक अन्य अधिकारी के अनुसार बैरियर फ्री इलेक्ट्रानिक टोलिंग के लिए आटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉगनिशन सिस्टम पूरे देश में इसी साल के अंत तक लागू हो जाएगा। शुरुआत भारी वाहनों और खतरनाक सामग्री ले जाने वाले ट्रकों से की जाएगी। पूरे नेटवर्क की मैपिंग हो चुकी है, नई तकनीक-सेंसर और कैमरे सभी क्षेत्रों में लगाए जा रहे हैं। फास्टैग और एएनपीआर मिलकर नए जमाने की टोल प्रणाली की जरूरत को पूरा करेंगे।

### टोल प्लाजा पर आगे-पीछे नहीं करनी पड़ेगी कार

*केन्द्र सरकार राज्यों से भी बात कर रही है कि वे इस प्रणाली में शामिल हों ताकि सभी तरह की सड़कों को इसमें कवर किया जा सके। अवैध-अक्रिय फास्टैग बड़ी समस्यासरकार के दावों के विपरीत टोल प्लाजा में भीड़भाड़ बनी रहने और लोगों को होने वाली असुविधा को दूर करने के लिए हाईवे प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों ने पिछले 15 दिन में दो बार अपनी एजेंसियों, कंसेसनायरों और परियोजना निदेशकों के साथ बैठक की है।*

# सीएम शर्मा ने दी अम्बेडकर जयंती पर शुभकामनाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती (14 अप्रैल) पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



सीएम शर्मा ने कहा कि महान विचारक, समाज सुधारक, विधिवेत्ता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर दलितों, शोषितों, वंचितों, महिलाओं और गरीबों के मुक्तिदाता थे। डॉ. अम्बेडकर ने सदैव सामाजिक न्याय और समानता के लिए अपनी आवाज उठाई और समाज के कमजोर वर्गों को उनके अधिकार दिलवाए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपने सम्पूर्ण जीवन में कड़ी मेहनत से जो सफलता प्राप्त की, वह आज भी हमारे लिए पथ-प्रदर्शक और प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का जीवन नागरिक अधिकारों के रक्षक, संसदीय शासन प्रणाली के समर्थक, महिला अधिकारों के अग्रदूत, अस्पृश्यता मिटाने के रूप में हम सभी के लिए प्रेरणापुंज है। बाबा साहेब ने कानून, शिक्षा, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही, श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के लिए, संघर्ष कर उनका उत्थान सुनिश्चित किया। शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब का संविधान निर्माण के जरिये समतामूलक समाज के निर्माण एवं भारत को प्रगतिशील राष्ट्र बनाने में अतुलनीय योगदान रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा ने समता, बंधुता और न्याय पर आधारित बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने के लिए प्रदेशवासियों से उनके सिद्धांतों और विचारों का अनुसरण करने का आह्वान किया, जिससे देश व प्रदेश के विकास में सभी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा सकें।

# टाइगर सफारी आए राहुल गांधी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सवाई माधोपुर।** सवाईमाधोपुर में टाइगर सफारी पर जाते समय राहुल गांधी ने कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष से बातचीत की तथा नेतृत्व के बारे में कार्यकर्ता और स्थानीय नेताओं से चर्चा की। राहुल गांधी ने कहा वह मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्षों को आने वाले समय में सक्रिय भूमिका में लाएंगे, जिससे संगठन को मजबूती मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने राजस्थान में नेतृत्व को लेकर भी चर्चा की। राहुल गांधी ने कहा कि राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

## आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली जिले में पटाखा फैक्ट्री में जोरदार ब्लास्ट...

# 8 लोगों की दर्दनाक मौत



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली जिले में एक पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि कई किलोमीटर दूर तक लोगों ने इसे सुना। इस विस्फोट में फैक्ट्री में काम करने वाले 8 मजदूरों की मौत हो गई। अनाकापल्ली के पुलिस अधीक्षक तुहिन सिन्हा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए घटना की पुष्टि की। मामले में अभी और जानकारी की प्रतीक्षा है।

### सीएम ने घटना पर जताया दुख

आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने अनकापल्ली जिले के कोटावुरटला में एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में 8 श्रमिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने घटना के बारे में जानकारी जुटाने के लिए, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और राज्य की गृह मंत्री अनिता से फोन पर बात की। सीएम ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घायलों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सुविधा मिले। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार पीड़ितों के परिवारों का समर्थन करेगी और उनसे मजबूत बने रहने का आग्रह किया। उन्होंने अधिकारियों को घटना की गहन जांच करने और उन्हें एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि घायल श्रमिकों में से दो की हालत गंभीर है।

### इंडियन एयरफोर्स पर साइबर अटैक

**नई दिल्ली।** भारत ने म्यांमार में आए भूकंप के बाद ऑपरेशन ब्रह्मा को लॉन्च किया। भारतीय वायुसेना के विमानों ने तुरंत मोर्चा संभाला। पहला एयरक्राफ्ट सी-130 जी दिल्ली से राहत बचाव दल के साथ रवाना हुआ। इसके बाद कई और एयरक्राफ्ट को लॉन्च किया गया। जो भारतीय वायुसेना के पायलटों को म्यांमार में झेलना पड़ा वह अजीब था। जब विमान म्यांमार के एयर स्पेस में उड़ान भर रहा था तो जीपीएस सिंग्नल के साथ छेड़छाड़ की जा रही थी।

# वक्फ कानून मामले पर बंगाल में हिंसा जारी

### धुलियान से 500 लोगों का पलायन, मालदा के स्कूल में शरण ली

### घर जलाए, पानी में जहर मिलाने का आरोप



**मुर्शिदाबाद।** वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही, शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। गाड़ियां जलाईं, दुकानों-घरों में तोड़फोड़ कर लूट भी की गई। अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 15 पुलिसकर्मी घायल हैं। 150 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में 10 अप्रैल से हिंसा जारी है। केन्द्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं। इनमें बीएसएफ के 300 जवान हैं। कुल 21 कंपनियां की तैनात की गई हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बैन है। बीएनएस की धारा 163 भी लागू है। इधर, मुर्शिदाबाद के धुलियान से करीब 500 लोग पलायन कर गए हैं। इन सभी ने नदी पार मालदा के वैष्णवनगर में एक स्कूल में शरण ली है। इन लोगों का आरोप है कि उनके घरों में तोड़फोड़-आगजनी की गई।

पीने के पानी में जहर मिला दिया गया है। ये किसी तरह बीएसएफ की मदद से वहां से बचकर आए हैं। उधर, नए वक्फ कानून को लेकर दिल्ली में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति ने एक बैठक की। वहीं एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने आज कहा- वक्फ कानून असंवैधानिक है। वहीं वक्फ बोर्ड पर कब्जा करना चाहती है।



# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रहीं श्रीमहावीर जी दौरे पर


**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार को करौली में श्रीमहावीर जी दौरे पर रहीं, इस दौरान उन्होंने भगवान श्री महावीर के दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली और समृद्धि की कामना की। श्रीमहावीर जी मंदिर विकास समिति के पदाधिकारिओं, सदस्यों एवं आमजन द्वारा उप मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। राज्य सरकार के द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में विकास को लेकर महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं, आगामी समय में धार्मिक पर्यटन को लेकर और भी सराहनीय कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

# हरियाणा में दलितों के लिए खास होगी अंबेडकर जयंती, मोदी देंगे कई सौगातें

## पांच बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लिए सोमवार का दिन बेहद खास होगा। इस दिन संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान निर्माता बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ ही सोमवार को हरियाणा के हिसार और यमुनानगर में पांच बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में दलित समाज के लोगों ने भाजपा का खुलकर साथ दिया है। भाजपा ने इस समर्थन के लिए दलित समुदाय का आभार जताने को प्रधानमंत्री मोदी को हरियाणा बुलाया है। प्रधानमंत्री ने रविवार को स्वयं एक ट्वीट कर बाबा साहब की जयंती पर अपने हरियाणा आने की जानकारी दी है।



### पीएम मोदी ने दी जानकारी

प्रधानमंत्री ने ट्वीट में कहा है, आंबेडकर जंयती पर सोमवार का दिन हरियाणा की विकास यात्रा को समर्पित होगा। सुबह करीब सवा 10 बजे हिसार-अयोध्या के बीच कामर्शियल फ्लाइट का शुभारंभ और एयरपोर्ट के नये टर्मिनल भवन का शिलान्यास करूंगा। दोपहर को यमुनानगर में कई परियोजनाओं से जुड़े कार्य म हैं, जिनका शिलान्यास होगा। विधानसभा चुनाव में भाजपा व कांग्रेस के बीच संविधान की रक्षा के नाम पर जरदस्त जंग छिड़ी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक के बाद कई रैलियां हरियाणा के चुनाव में की और कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी ने संविधान में बदलाव के प्रयासों के आरोप लगाकर चुनाव की दिशा बदलने का प्रयास किया, लेकिन दलित समाज के लोगों ने जिस तरह से भाजपा के प्रति अपना भरोसा जताया है, उससे पूरी भाजपा उत्साहित है।

### रैलियों को संबोधित करेंगे पीएम

प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को हिसार व यमुनानगर में दो बड़ी रैलियां भी संबोधित करेंगे। हिसार की रैली में 48 और यमुनानगर की रैली में 42 विधानसभा क्षेत्रों के लोगों के पहुंचने की व्यवस्था की गई है। हिसार में प्रधानमंत्री हिसार व अयोध्या के बीच फ्लाइट की शुरुआत करने के साथ ही महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का शिलान्यास करेंगे। पहले उन्हें भिवानी के मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करना था, लेकिन उसकी क्लीयरेंस नहीं मिल पाई है। यमुनानगर में 8 00 मेगावाट सुपर थर्मल पावर का शिलान्यास करने के साथ ही पीएम मोदी कंप्रेस्ट बायोगैस प्लांट और रेवाड़ी के फोरलेन बाइपास का उद्घाटन करेंगे।

### सैनी और मनोहर लाल के साथ तैयार कर रहे हैं रूपरेखा

सीएम नायब सिंह सैनी के साथ केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। पीएम मोदी के कार्यक्रम में हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल और बिजली मंत्री अनिल विज मौजूद रहेंगे, जबकि हिसार के कार्य म में कांग्रेस सांसद जयप्रकाश जेपी को भी बुलाया गया है। हालांकि जेपी के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना नहीं है। केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत व कृष्णपाल गुर्जर पीएम के यमुनानगर के कार्य मों में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ शामिल होंगे।

# कार-ट्रेलर की टक्कर में बैंक मैनेजर-इंजीनियर समेत 5 की मौत

## मनोहरपुर-दौसा हाईवे पर हुआ हादसा, पूरा परिवार खत्म



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर के जमवारामगढ़ में रविवार सुबह ट्रेलर-कार की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार सॉफ्टवेयर इंजीनियर, उसकी बैंक मैनेजर पत्नी समेत 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी लोग एक ही परिवार के है। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर रोड से नीचे उतरकर पलट गया। कार से शवों को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### कार के आगे का हिस्सा चकनाचूर

*कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। पांचों कार में बुरी तरह फंस गए थे। हादसे की सूचना पर रायसर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को आशंका है कि ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा हुआ है।*

### आमने-सामने की टक्कर में परिवार खत्म

रायसर थाना अधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया- हादसा सुबह करीब 8 बजे मनोहरपुर-दौसा हाईवे पर हुआ है। लखनऊ के रहने वाले सत्य प्रकाश (6 0), उनकी पत्नी रामा देवी (55), बेटा अभिषेक (35), बहू प्रियांशी (30) और 6 महीने की पोती वर्ना कार से खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए निकले थे। इसी दौरान नेकावाला टोल के पास कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में पूरा परिवार खत्म हो गया।

### कल लखनऊ से मैनपुरी गया था परिवार

चचेरे भाई आदित्य प्रकाश सिंह ने बताया कि सभी लोग कार से 12 अप्रैल की शाम 5 बजे मैनपुरी के लिए निकले थे। वहां चाचा की बेटी की शादी थी।

बहन के बेटे का जन्मदिन था। सभी लोग रातभर रुके थे और बर्थडे सेलिब्रेट किया। आज सुबह खाटू श्याम के लिए निकले थे। खाटू श्याम से 70 किमी पहले कार सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई। सुबह वहां से फोन आया, तब जाकर हमें हादसे की जानकारी मिली।



# जयपुर में घरेलू नौकर ने चुराए गहने

## 6 दिन पहले काम पर था रखा, झूठ बोलकर फ्लैट से निकला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

*__जयपुर।__ जयपुर में एक घरेलू नौकर घर से मालकिन के गहने चोरी कर ले गया। छह दिन पहले ही उसको बुजुर्ग दंपती की देखभाल के लिए रखा गया था। झूठ बोलकर घरेलू नौकर फ्लैट से गहने चोरी कर ले गया। गांधी नगर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। गांधी नगर इलाके में स्थित एक बिल्डिंग के फ्लैट में रहने वाली हेमलता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनके सामने वाले फ्लैट में बुजुर्ग सास-ससुर रहते हैं। बुजुर्ग सास-ससुर की देखभाल के लिए परिचित के यहां से संदीप चौधरी नाम के लड़के को रखा था। 3 अप्रैल को काम पर आया था। वह 9 अप्रैल को बिना बताए झूठ बोलकर अपना सामान और घर से गहने चोरी कर ले गया। चोरी गए गहनों की कीमत करीब 3 लाख रुपए है। उसके जाने के बाद गहने संभालने पर गायब मिले। घरेलू नौकर के ही गहने चोरी कर भागने के शक पर कॉन्टैक्ट का प्रयास किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। गांधी नगर थाने में गहने चोरी कर भागे आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।*

# मिस राजस्थान बनने के लिए लड़कियों ने ऑडिशन दिए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर में आज ब्यूटी क्वीन बनने के लिए लड़कियों ने 'मिस राजस्थान 2025' के ऑडिशन दिए। 200 फीट बायपास स्थित एक होटल में हुए ऑडिशन में हर छोटे-बड़े शहर से 1100 से अधिक युवतियों ने भाग लिया। इंट्रोडक्शन और कैटवॉक राउंड में अपना टैलेंट और आत्मविश्वास दिखाया। इंट्रोडक्शन राउंड में गर्ल्स ने अपने व्यक्तित्व को शब्दों में पेश किया। कैटवॉक राउंड में उनकी ग्रेस और स्टाइल ने जूरी को प्रभावित किया। अजमेर की एक युवती ने कहा मैं स्कूल टाइम से ब्यूटी पेजेंट का सपना देखती थी। आज खुद को इस मंच पर आकर गर्व महसूस कर रही हूं। भीलवाड़ा से आई प्रतिभागियों ने कहा आज के समय में कॉम्पीटिशन बहुत है, लेकिन परिवार का साथ और हौसला ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।



### जुलाई में होगा फिनाले

*आयोजकों बताया आने वाले तीन महीनों तक लगातार ऑडिशन राउंड्स, टैलेंट शोकेस, फोटो शूट्स, इंटरनेशनल ग्रूमिंग सेशंस, आरजे इंटरैक्शन, फिटनेस व ब्यूटी वर्कशॉप्स और प्री-पार्टीज़ का आयोजन किया जाएगा। मिस राजस्थान 2025 का ग्रैंड फिनाले जुलाई माह में जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित किया जाएगा। जहां चयनित फाइनलिस्ट्स में से टॉप टाइटल विनर्स को चुना जाएगा।*

# अखिलेश यादव को गोली मारने की धमकी

## नाराज सपाईयों ने दर्ज कराई तहरीर

**लखीमपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करके एक युवक ने गोली मारने की धमकी दी है, जिससे नाराज सपाइयों का हुजूम जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव की अगुवाई में रविवार की दोपहर सदर कोतवाली में उमड़ा। जिलाध्यक्ष ने आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि इंटरनेट मीडिया पर शनिवार को करीब एक बजे अमरेंद्र प्रताप सिंह नाम के फेसबुक अकाउंट से सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को गोली मारकर जान से मारने की धमकी दी गई है, जिसका वीडियो बनाकर पोस्ट किया गया है। इससे पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में रोष है।

**सपा कार्यकर्ताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी:** जिलाध्यक्ष ने कहा कि सपा एक अनुशासित पार्टी है। पार्टी कोई हंगामा खड़ा करना नहीं चाहती, लेकिन अगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने में पुलिस ने हीलाहवाली की तो कार्यकर्ता आंदोलन को विवश होंगे। धमकी देने वाले आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए शहर कोतवाल हेमंत कुमार राय से सपा पदाधिकारियों व पूर्व विधायकों ने वार्ता की, जिसमें तहरीर के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

# दिल्ली-यूपी में आंधी-तूफान ने मचाई तबाही

## 400 से अधिक उड़ानें प्रभावित, मौसम विभाग का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली यूपी के मौसम का मिजाज बिगड़ चुका है। पिछले दो दिन से दिल्ली-एनसीआर से लेकर यूपी, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। लोगों को गर्मी से तो राहत मिली है लेकिन किसानों की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए और भी गंभीर चेतावनियां जारी की हैं। आईएमडी के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक दिल्ली एनसीआर समेत यूपी, पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों में बारिश और तेज हवाएं चलने का सिलसिला जारी रहेगा। आईएमडी ने हालिया जानकारी में बताया कि उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 12 अप्रैल को और झारखंड में 15 अप्रैल को छिटपुट ओलावृष्टि की संभावना है।



### पिछले 24 घंटों के मौसम का हाल

पिछले 24 घंटों में मौसम में भारी बदलाव देखने को मिला। शुक्रवार शाम को दिल्ली एनसीआर समेत सटे राज्यों में आंधी पानी और हल्की बूंदाबादी देखने को मिली। जिससे तापमान में काफी कमी देखने को मिली। आईएमडी ने बताया कि पिछले 24 घंटों में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर तूफानी हवाओं के साथ गरज के साथ बारिश हुईं। वहीं, ये सिलसिला आज और कल जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कुछ राज्यों में लू को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 14 और 15 अप्रैल को पश्चिमी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर लू चलने की संभावना है। वहीं, 16 -18 अप्रैल के दौरान अलग-अलग स्थानों पर भीषण लू चलने की संभावना है।

### उड़ानों में देरी से यात्री हुए परेशान

*खराब मौसम और रनवे बंद होने की वजह से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआई) एयरपोर्ट पर लगातार दूसरे दिन शनिवार को 400 से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई। नतीजन, यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार शाम को तेज हवा के साथ वर्षा होने से उड़ानों पर काफी असर पड़ा। बड़ी संख्या में उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। विलंब का यह क्रम शनिवार को भी जारी रहा। एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़ने से अफरातफरी का माहौल रहा। यात्रियों ने इंटरनेट मीडिया पर लंबी कतारों और भीड़भाड़ की तस्वीरें और वीडियो साझा की।*

# जयपुर में पार्षद के टिकट के बहाने महिला से गैंगरेप

## 35 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई

**जयपुर।** जयपुर में एक महिला को पार्षद की टिकट दिलाने के बहाने गैंगरेप का मामला सामने आया है। महिला ने सिंधी कैंप थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। महिला का आरोप है की उसे कांग्रेस पार्टी से पार्षद की टिकट दिलाने के बहाने मिलने बुलाया गया था। कांग्रेस के एक विधायक से बात करवाई। इसे बाद खाने में नशा मिलाकर गैंगरेप किया। जयपुर की रहने वाली 35 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। काफी समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़ी हुई है। एफआईआर में आरोप लगाया कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात बबलू नाम के व्यक्ति से हुई थी। बातचीत के दौरान उसने कांग्रेस पार्टी के नेताओं से अच्छी पहचान होना बताया।

### होटल में मिलने बुलाया

आरोप है कि 9 अप्रैल को आरोपी बबलू ने पार्षद पद की टिकट की बात करवाने के बहाने स्टेशन रोड स्थित एक होटल में मिलने बुलाया। शाम करीब 7.30 बजे होटल में मिलने पहुंचने पर आरोपी बबलू के साथ उसके दो परिचित वसीम और मुन्ना भी मौजूद थे।

### विधायक से कॉल पर की बात

आरोप है कि होटल के रूम में आरोपी बबलू ने कांग्रेस के एक विधायक को फोन किया। स्पीकर पर फोन कर बातचीत करने के दौरान विधायक ने राहुल गांधी के प्रोग्राम में होना बताया। कुछ देर बाद वापस फोन करने की कहकर आरोपी ने उसे रोक लिया। धोखे से खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उसको खिला दिया।

बेहोशी की हालत में तीनों आरोपियों ने उसके साथ गैंगरेप किया। तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज करवाया अगले दिन सुबह होश आने पर विरोध करने पर आरोपियों ने धमकाया। सिंधीकैंप थाने में शुक्रवार रात पीड़िता ने तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने शनिवार शाम पीड़िता का मेडिकर करवाकर जांच शुरू कर दी है। मामले की जाच एसीपी (सदर) धर्मवीर सिंह कर रहे हैं। एसीपी (सदर) धर्मवीर सिंह ने बताया पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पीड़िता का मेडिकल करवाया गया है। मौका-नक्शा बनाने के लिए पीड़िता को बुलाया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पूरे देश के लिए मॉडल ड्राफ्ट होगा तैयार

# स्कूलों में मनमानी फीस पर लगेगा अंकुश

**नई दिल्ली।** शिक्षा वैसे तो राज्य का विषय है, लेकिन नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने के साथ दिल्ली सहित देश के अधिकांश राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि को लेकर जिस तरह से हर साल निजी स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों के बीच टकराव की स्थिति निर्मित हो रही है, उस पर अंकुश लगाने के लिए केन्द्र सरकार अब एक पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था खड़ी करना चाहती है।

इसे लेकर वह एक मॉडल ड्राफ्ट तैयार करने की कोशिश में जुटी है, जिसे सभी राज्य अपने यहां स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर रोकथाम के लिए अमल में ला सकेंगे। मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के पास ही मनमानी फीस पर रोकथाम के लिए कानून है। इनमें सबसे सख्त कानून उत्तर प्रदेश में है, जिसे 2018 में लाया गया था।



### नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रयास

*शिक्षा मंत्रालय ने यह पहल नई नेशनल एज्यूकेशन पॉलिसी ( एनईपी) की सिफारिशों का लागू करने के म में शुरू की है। जिसमें साफ कहा गया है कि स्कूलों का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। नीति ने अभिभावकों के आर्थिक शोषण व शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण पर अंकुश न लगा पाने के लिए मौजूदा नियामक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए है। इस बीच मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए जो ड्राफ्ट का स्वरूप सामने आया है, उसमें सभी स्कूल अब एक ही मानक के आधार पर न फीस वसूल सकेंगे न ही फीस में वृद्धि कर सकेंगे।*

### शैक्षणिक प्रदर्शन से तय होगी रैंकिंग

बल्कि स्कूलों को स्टैंडर्ड के हिसाब से इस निर्धारित करने का अधिकार मिलेगा। इसके लिए सबसे पहले सभी राज्यों को अपने स्कूलों की एक रैंकिंग तैयार करने होगी। यह रैंकिंग उनके इंफ्रास्ट्राक्चर, शिक्षकों स्तर व स्कूल के शैक्षणिक प्रदर्शन से तय की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक राज्य व केन्द्र शासित प्रदेश में एक राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण ( ट्रिपलएसए) नामक एक स्वतंत्र निकाय स्थापित करना होगा। साथ ही फीस का निर्धारण और वृद्धि को जिला शुल्क नियामक समिति की मंजूरी के बगैर लागू नहीं किया जा सकेगा।

### इन मुद्दों पर हो रहा काम

फीस के अतिरिक्त और किसी भी तरह फीस स्कूल नहीं ले सकेंगे। स्कूलों की अपनी फीस, ड्रेस, किताबों आदि से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। और इसकी जानकारी हर साल सत्र शुरू होने से पहले जिला शुल्क नियामक समिति को देनी भी होगी। स्कूल एक मुश्त साल भर की फीस नहीं ले सकेंगे। उन्हें अभिभावकों को छह, तीन और एक माह का विकल्प देना होगा। फीस से जुड़े किसी भी विषय को अभिभावक समिति के समझ चुनौती दे सकेगा। जिस पर समिति को पंद्रह दिन के भीतर फैसला लेना होगा। समिति सिविल कोर्ट की तरह सुनवाई करेगी।

# पैंसिल बनाकर पैसा कमाने का लालच देकर लाखों रुपए ठगे

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने 2019 से फरार चल रहे एक शातिर ठग को आज गिरफ्तार किया है। आरोपी जयपुर में कई लोगों को पैंसिल बनाकर पैसा कमाने का लालच देकर लाखों रुपए की ठगी कर चुका है। आरोपी के खिलाफ जब पीड़ितों ने थाने में शिकायत देना शुरू किया तो आरोपी फरार हो गया। पुलिस टीम निरंतर आरोपी की तलाश में थी जिस के बाद आज पुलिस को तुलसी गुर्जर के बारे में जानकारी मिली। इस पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया- लम्बे समय से फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिए हुए हैं। सीआई मालवीय नगर संग्राम सिंह और उनकी टीम ने आज ठगी के तीन मामले में फरार चल रहे आरोपी तुलसी गुर्जर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2019 में पहली एफआईआर हुई जिस के बाद से वह फरार हो गया था। आरोपी ने पेंसिल बनाकर रुपए कमाने का झांसा दिया। पैंसिल बनाने का कच्चा माल उपलब्ध करवा कर कई लोगों से लाखों रुपए लिए।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com

## राज्यपाल की अम्बेडकर जयंती पर शुभकामनाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल बागडे ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का स्मरण करते हुए कहा कि वंचित एवं कमजोर वर्ग के कल्याण के साथ समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में उनका अप्रतिम योगदान रहा। संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन आदर्श मूल्यों से जुड़ा रहा है। बागडे ने सभी से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलते हुए भेदभाव रहित समाज के निर्माण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

## मेरी आवाज ही पहचान है भाग-5 का भव्य आयोजन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** चित्रांश आर्ट एंड कल्चर फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित संगीत कार्यक्रम मेरी आवाज ही पहचान है का पांचवां संस्करण जवाहर कला केंद्र के रंगायन ऑडिटोरियम में अत्यंत भव्यता और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस संगीतमय संध्या में 40 नवोदित गायक कलाकारों ने, जिनमें 20 महिला एवं 20 पुरुष कलाकार शामिल थे, अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतुल माथुर जी के श्रद्धांजलि देते हुए हुई इसके पश्चात मंच पर एक से एक शानदार डुएट प्रस्तुतियों की श्रृंखला चली। सुनील दत्त और मधु माथुर ने कितना प्यारा वादा, दिलीप कुलश्रेष्ठ और आशा माथुर ने तेरे होठों के दो फूल, संजय भटनागर और शालिनी वर्मा ने जहां में जाती हूं, डीपी माथुर और पूनम माथुर ने यह दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं, बृजेश कुलश्रेष्ठ और नंदा पत्नी ने मस्ती भरा है समां, डॉ. पंकज माथुर और ममता शर्मा ने तेरी मेरी प्रेम कहानी, डॉ. अशोक माथुर ने छलकाए जाम, डॉ.अनिल सक्सेना और कविता सक्सेना ने हमसफर मेरे हमसफर, राधे श्रीवास्तव और रिचा माथुर ने कोरा कागज था यह मन मेरा, राधे श्रीवास्तव और स्मिता नवलखा ने तेरे हाथों में पहन के चूड़ियां, शेखर श्रीवास्तव और रिचा माथुर ने फिर से कोरा कागज था यह मन मेरा, डॉ. संकल्प ने हम काले हैं तो क्या हुआ, संजय सक्सेना और शालिनी वर्मा ने पुरवइया लेकर चली, प्रेरणा माथुर और प्रीति माथुर ने मन क्यों बहका रे बहका, रोहित माथुर और राहुल माथुर ने यह दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, श्रेया सक्सेना और रिचा माथुर ने एक मेडले प्रस्तुति दी, टेनिस श्रीवास्तव ने ऐ दिल है मुश्किल, शिवम श्रीवास्तव ने लाइव प्रस्तुति दी, डॉ. शालिनी माथुर ने तू मुझे जान से भी प्यारा है, बृजेश कुलश्रेष्ठ और नंदा पत्नी ने कभी तू छलिया लगता है, सुमित माथुर और वनिता माथुर ने वादा करो, अतुल श्रीवास्तव और अपेक्षा माथुर ने कह दूं तुम्हें, अनिल कांत वर्मा और ममता वर्मा ने पन्ना की तमन्ना है, तथा मेहुल माथुर और तेज प्रकाश माथुर ने बने चाहे दुश्मन जमाना हमारा जैसे गीतों पर प्रस्तुति दी। संपूर्ण कार्यक्रम को एक सूत्र में पिरोने का कार्य मृदुला पाटनी ने बेहद प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार निगम एवं विमला निगम थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेंद्र सक्सेना मधुकर, एस.के.श्रीवास्तव, जेपी माथुर, नंदा पाटनी, पंकज लीला, आर.के.सोनी, विकास सक्सेना, विवेक निगम, संजय भटनागर सुर फाउंडेशन, नंद बिहारी माथुर, विनोद शर्मा नलिनी फाउंडेशन, बृजेश कुलश्रेष्ठ एवं डॉ.शालिनी माथुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के निर्देशक राकेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस मंच के माध्यम से अब तक कुल 220 नवोदित गायक कलाकारों को मंच प्रदान किया जा चुका है। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी प्रस्तुतियां डुएट गीतों के रूप में दी गईं, जिसमें किसी भी गाने या कलाकार की पुनरावृत्ति नहीं हुई। मेरी आवाज ही पहचान है एक बार फिर संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार संध्या बन गई, जिसने नए कलाकारों की प्रतिभा को मंच देने के साथ-साथ दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

## हाईकोर्ट ने 21 छायादार-पौधे लगाने पर दिया सुनवाई का मौका

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बैंच ने एक श्रमिक को उसके मामले में राहत देते हुए श्रम न्यायालय के 17 साल पुराने आदेश को रद्द कर दिया। लेकिन अदालत ने श्रमिक पर भी 21 छायादार पौधे लगाने की शर्त लगाई हैं। दरअसल धौलपुर जिले का सीताराम की 1986 में सिंचाई विभाग में वर्कमैन कर्मचारी के रूप में बेलदार नियुक्त हुआ था। जिसे दिसम्बर 1989 में बर्खास्त कर दिया गया। इसे उसने भरतपुर श्रम न्यायालय में चुनौती दी। लेकिन पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं कर पाने के कारण 29 जनवरी 2008 को उसका दावा खारिज कर दिया गया। इस आदेश को उसने हाईकोर्ट में चुनौती दी। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने कहा कि मामले में याचिकाकर्ता की लापरवाही रही, लेकिन न्यायहित में श्रम न्यायालय का आदेश रद्द कर उसे 21 छायादार पौधे लगाने की शर्त पर साक्ष्य पेश करने का अंतिम मौका दिया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और ऑक्सीजन युक्त वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक छोटा सा मगर महत्वपूर्ण कदम है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता एक माह में पौधे लगाकर फोटो श्रम न्यायालय में पेश करे, श्रम न्यायालय में सुनवाई के दौरान हर तिमाही जून, सितम्बर, दिसम्बर और मार्च में पौधों की देखभाल से संबंधित उस दिन के अखबार के साथ फोटो पेश की जाए।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

### 'डॉ. बी.आर.अंबेडकर और भारतीय संविधान @75 वर्ष' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत और वंचित वर्गों के अधिकारों के सजग प्रहरी थे बाबा साहेबः जोगाराम पटेल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय ,जोधपुर के अम्बेडकर अध्ययन केंद्र एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति एवं शिकायत प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में बृहस्पति भवन में रविवार को 'डॉ.बी.आर.अंबेडकर और भारतीय संविधान @ 75 वर्ष' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी, संसदीय कार्य विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो कांता कटारिया, आईपीएए के महासचिव प्रो वाई पार्दसारधी, पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. केएल रैगर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। पटेल ने कहा डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत के संविधान निर्माता, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत और वंचित वर्गों के अधिकारों के सजग प्रहरी के रूप में सदियों तक याद रखे जाएंगे। उन्होंने कहा डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं, बल्कि महान विचारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और मानवाधिकारों के संवाहक भी थे।

### समतामूलक समाज के निर्माण में सहभागी बनें

संसदीय कार्य मंत्री ने प्रतिभागियों से आह्वान करते हुए कहा हम अपने जीवन में संवैधानिक मूल्यों जैसे-न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को आत्मसात करें और एक समतामूलक समाज के निर्माण में सहभागी बनें।




### महिला अधिकारों एवं श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान

पटेल ने कहा कि महिला अधिकारों और श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में डॉ अंबेडकर के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा डॉ.अंबेडकर ने 8 घंटे के कार्य दिवस, महिला श्रमिकों की सुरक्षा, सवेतन अवकाश और भविष्य निधि जैसे ऐतिहासिक निर्णयों से देश के श्रमिकों को सशक्त बनाया।

### संविधान को प्रगतिशील और लोकतांत्रिक स्वरूप प्रदान किया

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा डॉ अंबेडकर ने संविधान को समावेशी, प्रगतिशील और लोकतांत्रिक स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार मिले, चाहे उसकी जाति, धर्म, लिंग या सामाजिक स्थिति कोई भी हो। पटेल ने कहा बाबा साहेब का जीवन आज भी हमारी प्रेरणा है। हमें न केवल उनके विचारों को समझना है, बल्कि उन्हें आत्मसात करना है ताकि हम उनके सपनों का भारत बना सकें। जिसमें सामाजिक एवं आर्थिक लोकतंत्र की स्थापना सुनिश्चित हो।

## वन राज्यमंत्री ने वैशाखी के पावन पर्व पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को वैशाखी के पावन पर्व पर अलवर शहर में भगतसिंह सर्किल पर पुरूषार्थी समाज के लोगों के साथ वीर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि शहीद भगत सिंह जी का बलिदान देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उनका बलिदान हमें देशभक्ति और सेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि वीर सपूत भगतसिंह ने अपने अद्वितीय संघर्ष से स्वाधीनता आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की इसके लिए देश इनके अतुल्य त्याग और बलिदान के लिए हमेशा ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि वैशाखी का पर्व नई ऊर्जा और उमंग का प्रतीक है।



### सामान्य चिकित्सा में वाटर कूलर का किया शुभारम्भ

राज्यमंत्री शर्मा ने पुरुषार्थी समाज द्वारा राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में लगाए गए वाटर कूलर का शुभारंभ किया। उन्होंने पुरुषार्थी समाज द्वारा वाटर कूलर लगाए जाने पर साधुवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्य समाज में मानव सेवा का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि इस वाटर कूटर के शुरू होने से चिकित्सालय में आने वाले लोगों को शीतल जल मिलेगा। साथ ही उन्होंने पुरुषार्थी समाज द्वारा पेयजल प्रभावित दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले आमजन की पेयजल व्यवस्था हेतु शुरू किए गए 'पानी के टैंकर' को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपने दोनों बजटों में अलवर जिले की पेयजल समस्या समाधन हेतु अनेक सौगाते दी गई है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल हेतु परेशानी का सामना नहीं करने पडे इसके लिए विधायक निधि की सम्पूर्ण 5 करोड रूपये की राशि अलवर शहर की जनता की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए समर्पित की गई है। इस निधि से 39 बोरिंग करवाई गई हैं तथा अन्य स्वीकृत बोरिंगों को चालू कराने के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान मंत्री शर्मा ने सामान्य चिकित्सालय में अपने प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया इस अवसर पर विभाग के उच्च अधिकारी, प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## 14 अप्रैल को जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का होगा आयोजन

### 'आभा आईडी' बनाई जाएगी

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार 14 अप्रैल (सोमवार) को जिलेभर में 'आयुष्मान आरोग्य शिविरों' का आयोजन किया जाएगा। ये शिविर 'आयुष्मान भारत हेल्थ वेलनेस सेंटर' (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के अंतर्गत आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि शिविर में रोगियों का पंजीकरण किया जाएगा।

हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी और सिकलसेल जैसे रोगों की स्क्रीनिंग होगी। नागरिकों के लिए 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' के अंतर्गत 'आभा आईडी' बनाई जाएगी और विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में शुरू की गई योजना की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आमजन को सुलभ, नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि शिविरों में आवश्यक दवाइयां और जांचें नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

जरूरत होने पर टेली-कंसल्टेशन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की परामर्श सेवाएं दी जाएंगी। योग सत्रों का भी आयोजन होगा। 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य यानी मा योजना' में पंजीकरण किया जाएगा। आमजन और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को शिविरों की रिपोर्टिंग एवं फोटोग्राफ 'आयुष्मान भारत आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल' पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### धार्मिक शिक्षण शिविरों को लेकर हुई समिति की बैठक

**जयपुर।** धार्मिक शिक्षण शिविरों को लेकर दिगम्बर जैन महा समिति की बैठक महावीर नगर के जैन भवन में आयोजित की। बैठक में शिविर को सफल कैसे बनाया जाए और अधिक से अधिक बच्चों,युवा व महिलाओं को कैसे जोड़ा जाए,इस पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र कुमार जैन व अंचल अध्यक्ष। अनिल जैन ने बताया कि यह शिविर 18 से 27 मई तक जयपुर व राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। अंचल महामंत्री महावीर बाकलीवाल ने बताया कि इन शिविरों में करीब 5 हजार के आसपास शिविरार्थियों के भाग लेने की संभावना है। बैठक में और कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में अंचल उपाध्यक्ष सुनील बज को दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप का अध्यक्ष बनने पर माला पहनाकर बधाई दी गई।

## विभिन्न अनुष्ठानों और भजनों ने हनुमान भक्ति से किया मंत्र मुग्ध

### श्री पीताम्बरा आश्रम में अर्धरात्रि बाद तक चले विभिन्न अनुष्ठान, पूर्णिमा पर मध्यरात्रि में ललिता महानुष्ठान

**जयपुर/बांसवाड़ा।** गायत्री मण्डल द्वारा संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम में हनुमान प्राकट्य महोत्सव विभिन्न विशिष्ट अनुष्ठानों के साथ शनिवार आधी रात को सम्पन्न हुए। इसमें मुख्य साधक के रूप में राज्य उपभोक्ता आयोग के पूर्व सदस्य एवं सामाजिक चिन्तक शैलेन्द्र भट्ट ने हनुमान महापूजा के उपरान्त आरती एवं पुष्पान्जलि विधान किया। रात्रिकालीन श्री मारुति महानुष्ठान के अन्तर्गत अक्षत एवं पुष्पों से श्री हनुमान विग्रह का हनुमान सहस्रनामावली से अर्चन किया गया और विभिन्न हनुमान आराधना स्तोत्रों के सामूहिक पाठ किए गए। युवा कर्मकाण्डी पं. जय रणा के आचार्यत्व में हुए इन अनुष्ठानों में गायत्री मण्डल वास्तु परिषद के संयोजक पं. चन्द्रशेखर निर्भयराम जोशी, पीताम्बरा परिषद के सह संयोजक पं. मधुसूदन व्यास, पं. चन्द्रेश व्यास, डॉ. नवीन उपाध्याय, एड्वोकेट यशपाल गुप्ता, गायत्री मण्डल उपाध्यक्ष अनिमेष पुरोहित, द्रोमिल त्रिवेदी, रमेश रेवाशंकर भट्ट, पं. मनोज नरहरि भट्ट, ललित आचार्य, अनिल पण्ड्या, हीरेन उपाध्याय, मुकेश पाठक, अनिल नरहरि एच. भट्ट, गिरीश जोशी 'रामायणी' आदि ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री पीताम्बरा आश्रम की साधिकाओं आशा जोशी, पुष्पा व्यास, नीना गुप्ता, डॉ. मनीषा उपाध्याय ने हनुमान भक्ति भजन कार्यक्रम में हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ सहित पवनपुत्र महिमागानपरक विभिन्न हनुमान स्तुतियों एवं भजनों का गायन किया। मध्यरात्रि को पूर्णिमा अनुष्ठानों की श्रृंखला में पूर्ण चन्द्रबिम्ब की साक्षी में ललिता सहस्रनाम से पाठ एवं अर्चन, चन्द्र पूजा तथा श्रीविद्या के विशिष्ट प्रभावकारी प्रयोग हुए।



# सड़कों के निर्माण के संबंध में की गई बजट घोषणा को निर्धारित समय में पूर्ण करें : दिया कुमारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में रविवार को करौली में हिण्डौन के एक होटल में पर्यटन, सार्वजनिक निर्माणविभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल अधिकारिता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में जितने भी विकास कार्य संचालित किये जा रहे है, उन्हें निर्धारित समय में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नॉन पेचेबल नई सड़कों के प्रस्ताव समय से सक्षम स्तर से अनुमोदन हेतु भिजवाएँ। वहीं अन्य पुलिया आदि के कार्यों की डीपीआर तैयार करवाकर विकास कार्यों में गति लाएँ।

04 लेन के सम्बंध में बजट घोषणा को निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए उपमुख्यमंत्री ने विभाग के अधीक्षण अभियन्ता जयलाल मीना को निर्देश प्रदान किए। साथ ही जो सड़कें गत वर्ष बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हो गई हैं उनको शीघ्र दुरुस्त करवाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने महिला एवं बाल विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि



जिले में जिन आँगनबाड़ी केन्द्रों को कोई भामाशाह गोद लेना चाहते हैं उनके प्रस्ताव शीघ्र भिजवाएँ। साथ ही उन्होंने छाया, पानी, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश प्रदान किए। इसी के साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण ट्रेकर पर पीएम मातृत्व वंदन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा भी की। उप मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक को हाल ही में की गई घोषणा से संबन्धित कार्यों को समय से शुरू करने एवं जिले में पर्यटन की संभावनाओं के मद्देनजर जनप्रतिनिधियों की राय लेते हुए प्रस्ताव तैयार कर सक्षम स्तर को भिजवाने के दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परेडवाल, करौली के विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज गुर्जर, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी के अधीक्षण अभियंता पीसी मीना, हिण्डौन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय पर्यवरण मंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

## प्रत्येक गांव को 11-11 पौधे भेंट, हर ग्राम पंचायत में होगी नर्सरी केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने 12 ग्राम पंचायत को टी.बी. मुक्त होने पर दिए सर्टिफिकेट

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने अपने संसदीय क्षेत्र में अभिनव नवाचार 'सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा' का शुभारम्भ हनुमान जयंती के पावन अवसर पर अलवर की ग्राम पंचायत पृथ्वीपुरा से किया गया। इसी क्रम में दूसरे दिन रविवार को ग्राम पंचायत दोंगड़ा में उसके कलस्टर कि ग्राम पंचायत बाघोड़ा, मूसाखेड़ा ब्रसंगपुर व चोरबसई तथा पंचायत नांगल सालिया में उसके कलस्टर के ग्राम पंचायत तिंगावा, झडक़ा, बघेरी खुर्द व तिजारा की ग्राम पंचायत ईशरोदा में उसके कलस्टर के ग्राम पंचायत बिछाला, लुहादेरा, मुंड़ाना इस प्रकार ग्राम पंचायत कमालपुर में उसके कलस्टर कि ग्राम पंचायत मसीत, मिठियावास, नाखनौल में सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा आयोजित हुई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय मंत्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सांसद के रूप में अपने संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव पर पहुंच कर आमजन से रूबरू होकर न केवल उनकी समस्याओं निदान करना बल्कि विकास कार्यो को गति प्रदान करने का उदेश्य से सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर के व्यक्ति को मिले इसके लिए इस कार्यक्रम में उनकी जानकारी के साथ साथ उन योजनाओं में पंजीयन सुविधा प्रदान की जाएगी।



**ई- गुरुकुल के तहत स्थानिय छात्रों को ग्राम पंचायत पर डिजिटल लाईब्रेरी की सुविधा :** केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि युवा देश का भविष्य है और उन्हें अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढने का प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन कराया गया, आगे भी इसे निरन्तर कराया जावेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में अलवर सांसद खेल उत्सव में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कहा कि हम जैसी ग्रामीण क्षेत्र की बालक-बालिकाओं को इस खेल उत्सव में प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा की युवाओं को डिजिटल शिक्षा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के उदेश्य से अलवर संसदीय क्षेत्र की हर ग्राम पंचायत में ई लाइब्रेरी खुलवाने का उनका प्रयास है।

**केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने 12 ग्राम पंचायत को टी.बी. मुक्त होने पर दिए सर्टिफिकेट :** उन्होंने कहा कि खैरथल-तिजारा जिलें को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत योजना के तहत जिले कि 71 ग्राम पंचायतों को टी.बी. मुक्त घोषित किया गया है। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत मरीजों की जांच कर योजना के तहत प्रत्येक टी.बी. रोगी को प्रत्येक माह पोषण हेतू उनके खातो में 1000 रूपये दिए जा रहे है साथ ही पोषण किट प्रदान किये जा रहे है। सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत दोंगड़ा, चोरबसई, नांगल सालिया, तिंगावा, झडक़ा, बघेरी खुर्द, बिछाला, मुंड़ाना, कमालपुर, मसीत, मिठियावास, नाखनौल टीवी मुक्त होने पर सर्टिफिकेट एवं मोमेंट दिया। उन्होने बाकी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को उक्त योजना के माध्यम से अपने गांव को टी.बी. मुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

**प्रत्येक गांव को 11-11 पौधे भेंट, हर ग्राम पंचायत में होगी पौधशाला :** केन्द्रीय वन मंत्री यादव ने 'सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा' के प्रत्येक ग्राम पंचायत को 11-11 पौधे भेंट कर कहा कि इन पौधों के साथ ग्रामवासी अपने तरफ से 100 और पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पौधशाला बनाई जा रही है जिसमे नरेगा से दो श्रमिक भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को मां व धरती मां के प्रति अपनी कृतघ्यता प्रकट करने का अभियान बताते हुए सभी को अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

**पीएम सूर्य घर योजना से जुडकर उठाए लाभ बचत के साथ होगा पर्यावरण संरक्षण :** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना से न केवल निर्बाध, निःशुल्क बिजली मिलेगी बल्कि इससे पर्यावरण के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान भी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 78 हजार रूपये तक की सब्सिडी केन्द्र सरकार व राज्य सरकार 17 हजार रूपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है इस तरह लाभार्थी को कल 95000 की सब्सिडी दी जा रही है। अतिरिक्त विद्युत उत्पाद होने पर सरकार उस बिजली को खरीदेगी। उन्होने आमजन से आह्वान किया कि इस योजना का लाभ उठाने हेतु सर्वप्रथम अपना रजिस्ट्रेशन करावे।

**डेयरी सैक्टर को मजबूत करने, लखपति दीदी बनाने पर दिया जोर :** उन्होंने कहा कि अलवर जिले के डेयरी सैक्टर को विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के माध्यम से किसानों को अच्छी नस्ल के पशुओं के माध्यम से डेयरी क्षेत्र में विकसित हो, उन्होंने कहा की राजधानी के पास होने के कारण डेयरी का व्यापक मार्केट है जिसका लाभ उठते हुए हमें इस क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### निःशुल्क नेत्र शिविर में 140 मरीजों की जांच, 62 का होगा लेंस प्रत्यारोपण

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** डीडवाना में श्री आदर्श सरस्वती सेवा समिति ने रविवार को अग्रसेन भवन में 32वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया। शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर और जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 140 मरीजों की जांच की गई। जांच के बाद 62 मरीजों का चयन लेंस प्रत्यारोपण के लिए किया गया है। समिति के मीडिया प्रभारी लोकेश अग्रवाल ने बताया कि चयनित मरीजों का ऑपरेशन सोमवार को जयपुर के शंकरा आई हॉस्पिटल में होगा। वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिव्या खंडेलवाल अत्याधुनिक और टांके रहित तकनीक से सर्जरी करेंगी। समिति अध्यक्ष नितेश बाजारी ने बताया कि मरीजों को चश्मा, भोजन और रहने की सुविधा निःशुल्क दी जाएगी। अगला शिविर 11 मई को लगेगा, जो समिति का 33वां शिविर होगा। समिति निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, दिव्यांगों को उपकरण वितरण, कवि सम्मेलन और भजन संध्या जैसे सामाजिक कार्यक्रम भी करती है। शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष नितेश बाजारी, मंत्री बनवारी मोट, कमल भारूका, अशोक घोड़ावत समेत कई कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया।

### आज जय भीम के नारे से गूंजेगा बगड़

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बगड़।** अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी शाखा बगड़ के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब व महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती उपलक्ष में बगड़ विशाल भव्य रैली आयोजन होने जा रहा है। सोमार को सुबह 8 बजे पीरामल गेट पोस्ट ऑफिस के पास से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी, बीएल चौक, निर्मल कॉलोनी, अंबेडकर सर्किल जाटावास पहुंचकर बाबा साहेब प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके वाल्मिकी बस्ती होते हुए अंबेडकर पार्क, खटीकान मोहल्ला से निमड़ी स्टैंड पर रैली समापन किया जाएगा। रैली समापन के तुरंत बाद भंते विनयपाल जी बुद्ध विहार जय पहाड़ी सानिध्य में कार्यक्रम किया जाएगा। साथ में सांस्कृतिक कार्यक्रम व समाज के उत्कृष्ट व्यक्तियों को सम्मान किया जाएगा। अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी शाखा बगड़ अपील कि है की विशाल भव्य रैली व कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कायक्रम कि शोभा बढ़ाए।

### परिंडा अभियान-महिला थाना परिसर में एसएचओ ने बांधे परिंडे

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** तपन भरी गर्मी के बीच परिंदों के लिए दाने पानी की व्यवस्था करने को लेकर दैनिक उद्योग आस-पास समाचार पत्र की ओर से चलाएं जा रहे 'आईए परिंदों के लिए रखें चुग्गा-पानी अभियान' के अंतर्गत लोग नेक काम में शामिल हो रहे हैं। अभियान के पहले दिन झुंझुनूं महिला थाना प्रभारी अभिलाषा ने अपने कर्तव्य के साथ धर्म भी निभाया। सुबह महिला थाना परिसर में परिंदों के लिए परिंडे बांधकर उनमें पानी डाला। थानाधिकारी अभिलाषा ने इस अभियान की सराहना करते हुए अन्य लोगों से भी गर्मी के इस मौसम में नेक काम में शामिल होने का आह्वान किया।



### स्पोर्ट्स जोन एकेडमी के कोच गुरूदयाल सैनी बने कराटे में ब्लैक बेल्ट



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बगड़।** स्पोर्ट्स जोन एकेडमी के डायरेक्टर राकेश सैनी ने बताया कि कराटे ब्लैक बेल्ट की गुरूदयाल सैनी ने एग्जाम दी। जिसका 12 अप्रेल को परिणाम आया। जिसमें ए प्लस प्लस उत्कृष्ट परिणाम रहा। इस अवसर पर स्पोर्ट्स जोन एकेडमी में सम्मान समारोह का प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें गुरूदयाल सैनी को माला पहनकर ब्लैक बेल्ट का सर्टिफिकेट देकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर एकेडमी के अकाउंटेंट पूनम कुमारी, आजाद सैनी, रजनीकांत शर्मा व कराटे के खिलाड़ी मौजूद रहे।

### चनाना में बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण आज

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** चनाना गांव स्थित अंबेडकर पार्क में अंबेडकर जयंती के मौके पर सोमवार को बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण होगा। यह मूर्ति कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा द्वारा स्थापित करवाई गई है। जिसका अनावरण सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे स्वयं जिलाध्यक्ष सुंडा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय बिग केट गठबंधन नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिशाषी अधिकारी जुगलाल सिंह मेघवाल होंगे। जबकि अध्यक्षता सरपंच चरण सिंह धींवा तथा पंचायत समिति सदस्य सुमन डिग्रवाल करेंगी। विशिष्ट अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के अतिरिक्त निदेशक मुकेश डिग्रवाल होंगे। कार्यक्रम का आरंभ मूर्ति अनावरण के साथ शुरू होगा। इसके बाद साढे नौ बजे संवाद कार्यक्रम और 11 बजे सम्मान समारोह होगा। भीमराव अम्बेडकर समिति चनाना के अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। इधर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा ने बताया कि उनके द्वारा बाबा साहेब के सम्मान और उनके जीवन के बारे में हर व्यक्ति को मालूम हो। इसके लिए लगातार सालों से मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने सभी सरकारी कार्यालयों में बाबा साहेब की फोटो भी उपलब्ध करवाई थी। वहीं अब नवलगढ़ पंचायत समिति की 11 पंचायतों में अंबेडकर भवन बनाने के लिए राशि का आवंटन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 11 पंचायतों में ना केवल अंबेडकर भवन बनेंगे। बल्कि लाइब्रेरी के साथ—साथ सभी में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करवाई जाएगी ताकि बाबा साहेब के आदर्शों से युवा पीढी प्रेरणा लें। साथ ही युवाओं को लाइब्रेरी के लिए गांव से दूर नहीं जाना पड़े।



# भैसावता खुर्द निवासी डॉ. मनजीत सिंह धनखड़ को ऑस्ट्रेलिया अवॉर्ड फैलोशिप

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सिंघाना।** भैसावता खुर्द गांव के डॉ. मनजीत सिंह धनखड़ का चयन ऑस्ट्रेलिया अवार्ड फैलोशिप के लिए हुआ है। डॉ. धनखड़ उदयपुर के महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मृदा एवं जल अभियांत्रिकी विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है एवं राजस्थान सरकार द्वारा गठित जल नीति निर्धारण समिति के सदस्य भी हैं। जल प्रबंधन एवं संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. मनजीत सिंह सहित भारत के कुल छह जल विशेषज्ञों को अतिप्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलिया अवार्ड फैलोशिप के लिए चयन हुआ है। ये सभी जल विशेषज्ञों ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रस्थान किया। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मामलात व ट्रेड विभाग की ओर से प्रदत्त इस अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप स्टडी को इंस्टीट्यूट फॉर स्टडी एंड डवलपमेंट वर्ल्ड वाइड, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी तथा ऑस्ट्रेलिया इंडिया वाटर सेंटर मिलकर आयोजित कर रहे हैं।



डॉ. बसंत माहेश्वरी, डॉ. बसुंधरा भट्टराई के नेतृत्व एवं डॉ. निक शोफिल्ड, डॉ. रोजर पेकहैम के संयोजन में यह फेलोशिप 14 अप्रेल से होगी। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने बताया कि यह फैलोशिप विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। जिसके तहत राजस्थान में जल प्रबंधन एवं संरक्षण के क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा। अवार्ड फेलोशिप के तहत भारत के काटली नदी, आयड़ एवं बेडच बेसिन, ऑस्ट्रेलिया के हॉक्सबरी-निपीन, हंटर वैली, विंगेकेरेबी, वोलोंगोंग जल ग्रहण क्षेत्रों में वाटरशेड में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों पर मिलकर अध्ययन करेंगे। विश्व के 13 विशेषज्ञ जल प्रबंधन एवं संरक्षण, शहरी जल आपूर्ति प्रबंधन, वर्षा जल गुणवत्ता, बाढ़ प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन ग्रामीण-शहरी जल प्रबंधन, जल सुरक्षा, जल संशोधन, नदियों को पुनः जीवन, पर्यावरणीय प्रवाह इत्यादि विषयों पर गहन अध्ययन व परस्पर सीख से समग्र प्लान बनाएंगे। डॉ. मनजीत सिंह ने कहा कि राजस्थान के नदी बेसिनों के विकास व संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. मनजीत सिंह धनखड़ की पत्नी डॉ. उर्मिला धायल भी महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ सुधार अनुसंधान परियोजना में कार्यरत है।

# पुरुषार्थी समाज ने बैशाखी पर्व पर समाज के 31 वयोवृद्धों को किया सममानित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला पुरुषार्थी धर्मशाला समिति विवेकानंद चौक की ओर से बैशाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के 31 वयोवृद्ध गणमान्य समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। धर्मशाला समिति के अध्यक्ष प्रेम गांधी ने बताया कि इस समारोह में सभी बुजुर्गों समाजसेवियों को ही अतिथि बनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवियों के जीवन परिचय कराया गया और नई पीढ़ी को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष राजेन्द्र आहूजा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सममानित होने वालों में समाजसेवी हरीश कालड़ा ख्, दौलत राम हजरती, चरणजीत सुनेजा, राजाराम सोनी, जगदीश गिज्जा अदलकखा, के. एल. अरोड़ा, सतीश भाटिया, किशन लाल अदलकखा, भगवान दास कथूरिया, लक्ष्मी चंद अरोड़ा, प्रीत पाल सिंह, बलजीत सिंह, इन्दर गांधी, लखमी चंद, मनोहर झाम, सतीश अरोड़ा, हरिकिशन खत्री, अमीर चंद, रामचन्द्र अरोड़ा, तिलक राज, जवाहर मिनोचा आदि थे। अंत में संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि पुरुषार्थी समाज ने हर क्षेत्र में विकास किया है। अलवर में समाज की ओर से युवाओं के स्किल डवलपमेंट और उनकी शिक्षा सहित छात्रावास के नवीनीकरण पर जोर दिया जाएगा जिसके लिए रणनीति तैयार की जा रही है जिसमें सभी संगठन पदाधिकारी भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र अदलकखा ने किया। इस अवसर पर राजेश खत्री, अनिल नकरा, गिर्राज बाली, मनोज आहूजा, प्रेम अरोड़ा, अशोक सोनी, प्रहलाद बत्रा, उत्कर्ष अरोड़ा, प्रियांश अरोड़ा, संदीप गौतम, अमित भाटिया ने बुजुर्गों को सम्मानित किया। इस अवसर पर बुजुर्गों ने अपने संस्मरण सुनाए। पुरुषार्थी धर्मशाला समिति की ओर से मीठे पीले चावल वितरित किए।

# भागवत पुराण के महात्म्य की कथा का श्रवणपान करवाया



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**मुकुंदगढ़।** निकटवर्ती ग्राम चूड़ी अजीतगढ़ के वार्ड नंबर नौ में दीनदयाल पीपलवा के आवास पर सप्त दिवसीय भागवत कथा प्रारंभ सीताराम शास्त्री दिल्लीवाले के मुखारबिंद से हुआ। कथा में भागवत पुराण के महात्म्य की कथा का श्रवणपान करवाया गया। इससे पहले श्री बुगले वाले बालाजी मंदिर से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ की गई। जिसका जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. लालचंद, प्रभुदयाल शर्मा, सुरेश शर्मा, भागीरथ सैनी, विनोद रावण, पुरुषोत्तम पीपलवा, कैलाश पीपलवा, घनश्याम शर्मा, गोपालसिंह शेखावत, राजकुमार मनिका सहित भारी संख्या में मातृ शक्ति ने भी कथा का रसपान किया।

# श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं को 11 गायों का होगा गोदान



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** श्री बाबा गंगाराम धाम श्री पंचदेव मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में स्वर्ण जयंती समारोह 16 एवं 17 अप्रेल को भव्य रूप से झुंझुनूं में आयोजित होने जा रहा है। इस अवसर पर देश-विदेश के कोने-कोने से हजारों प्रवासी भक्तों का आना प्रारंभ हो चुका है। इस अवसर को गौ सेवा के साथ शुरू करने के प्रकल्प को ध्यान में रखते हुए मंदिर के मुख्य ट्रस्टी अनिल मोदी ने श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं डॉ. डीएन तुलस्यान से श्री पंचदेव मंदिर में आपसी विचार-विमर्श के साथ अपनी इच्छा जताई कि वे इस अवसर को यादगार बनाने के लिए वे गौ सेवा में कुछ अच्छा करना चाहते हैं। इस अवसर पर उपस्थित संजय जालान हैदराबाद, प्रदीप मोदी सूरत, झुंझुनूं से प्रदीप पाटोदिया, सुनिल (बंटी) मोदी के साथ आपसी चर्चा करते हुए विभिन्न सेवा कार्यों के बारे में उन्हें बताया गया जिस पर उन्होंने कहा कि बाबा गंगाराम जी की इच्छा के अनुसार भक्त शिरोमणि श्री देवकीनंदन जी एवं माता गायत्री देवी का हमेशा ही गौ सेवा में रुझान रहा है। उन्होंने इस अवसर पर 11 गायों का गौदान करने की स्वीकृति दी है। स्वर्ण जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर 11 गायों का गौदान पंचदेव मंदिर झुंझुनूं परिसर में 15 अप्रेल मंगलवार सुबह 9 बजे विधि विधान के साथ विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में किया जाएगा। श्री गोपाल गौशाला में लगातार गौसेवा के लिए भामाशाहों की मदद मिल रही है। गौशाला में गौसेवा पर विश्वास की मोहर लगाते हुए विकास के कार्य लगातार हो रहे है। अब 11 गायों का गौदान करने की स्वीकृति पंचदेव मंदिर की ओर से मिली है है। गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि दानदाताओं का गौशाला के प्रति विश्वास दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। जिससे दानदाता बड़ी संख्या में जुड़कर गौ सेवा में आगे आ रहे हैं।

# राज्यमंत्री शर्मा ने सामान्य चिकित्सालय में वाटर कूलर का किया शुभारम्भ, पेयजल टैंकर को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** राज्यमंत्री शर्मा ने पुरुषार्थी समाज द्वारा राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में लगाए गए वाटर कूलर का शुभारंभ किया। उन्होंने पुरुषार्थी समाज द्वारा वाटर कूलर लगाए जाने पर साधुवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्य समाज में मानव सेवा का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि इस वाटर कूटर के शुरू होने से चिकित्सालय में आने वाले लोगों को शीतल जल मिलेगा। साथ ही उन्होंने पुरुषार्थी समाज द्वारा पेयजल प्रभावित दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले आमजन की पेयजल व्यवस्था हेतु शुरू किए गए 'पानी के टैंकर' को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपने दोनों बजटों में अलवर जिले की पेयजल समस्या समाधन हेतु अनेक सौगाते दी गई है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल हेतु परेशानी का सामना नहीं करने पडे इसके लिए विधायक निधि की सम्पूर्ण 5 करोड़ रूपये की राशि अलवर शहर की जनता की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए समर्पित की गई है। इस निधि से 39 बोरिंग करवाई गई हैं तथा अन्य स्वीकृत बोरिंगों को चालू कराने के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान मंत्री शर्मा ने सामान्य चिकित्सालय में अपने प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, अशोक आहूजा, रमेश जुनेजा, सौरभ कालरा, प्रेम गांधी, दीवान चंद सेतिया सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।



### अंबेडकर जयंती पर सभा एवं रैली का आयोजन आज

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**गुढ़ागौड़जी।** स्थानीय भैंरू कॉलोनी टोडी परम पूज्य डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आगामी 14 अप्रेल को भैंरू कॉलोनी टोडी-गुढ़ागौड़जी में एक भव्य सभा एवं रैली का आयोजन किया जाएगा। यह वार्षिक आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे सामाजिक उत्साह और एकता के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:15 बजे होगी। जिसमें डॉ. अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फूले समेत अन्य महान विचारकों के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्पवर्षा कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके पश्चात विचार नारे, संगीत धुनों और बैनरों के साथ रैली निकाली जाएगी। उक्त जानकारी ख्यालीराम पूर्व सरपंच टोडी व मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा ने बताया कि रैली भैंरू कॉलोनी से प्रारंभ होकर झुंझुनूं-उदयपुरवाटी रोड होते हुए स्व. बन्नाराम मीणा आदिवासी छात्रावास, टोडी तक जाएगी। जहां धन्यवाद सभा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समस्त सामाजिक बंधुओं से अनुरोध है कि इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक आयोजन में सामाजिक एकता एवं समरसता का संदेश दें।

## न्यूज ब्रीफ

### महाराष्ट्र के गृह मंत्री सालासर और खाटूश्यामजी दर्शन के बाद पहुंचे झुंझुनूं



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** महाराष्ट्र के गृह रूरल, हाउसिंग, स्कूली शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर दो दिन के शेखावाटी के दौरे पर रहे। पहले दिन उन्होंने खाटूश्यामजी और दूसरे दिन सालासर बालाजी के दर्शन किए। उनके साथ उनकी पत्नी शीतल भोयर और मित्र भाजपा नेता सुरेश भूकर भी थे। सालासर दर्शन के बाद मंत्री डॉ. भोयर झुंझुनूं पहुंचे। जहां पर अग्रसेन सर्किल स्थित विधायक जनसेवा केंद्र में विधायक राजेंद्र भांबू और युवा नेता सचिन भांबू के नेतृत्व में स्वागत किया गया। करीब एक घंटे तक मंत्री डॉ. भोयर तथा विधायक भांबू के बीच बातचीत हुई। जिसमें डॉ. भोयर ने राजस्थान सरकार और झुंझुनूं जिले के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इसके बाद डॉ. भोयर चिड़ावा भी अपने मित्र भाजपा नेता सुरेश भूकर के निवास पर रूके। जहां पर भी उन्होंने भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर समेत अन्य भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें महाराष्ट्र आने का न्यौता दिया। चिड़ावा पहुंचने पर मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने सबसे पहले पूर्व पार्षद व भाजपा नेता सुरेश भूकर की मां संतोष देवी का आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर सुरेश भूकर की पार्षद पत्नी सरिता, बेटी ऐंजल भूकर, देवरोड़ सरपंच अनूप नेहरा, दीपक, मुकेश खंडेलवाल, मोहित तामड़ायत आदि भी मौजूद रहे। डॉ. भोयर ने बताया कि यह उनकी निजी यात्रा थी। उन्होंने परिवार सहित खाटूश्यामजी और सालासर के दर्शन के अलावा झुंझुनूं में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

### निशान पदयात्रा का स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में चूणा चौक से हजारों की संख्या में शहरवासी निशान लेकर बंधे का बालाजी मंदिर पहुंचे व जय श्री हनुमान जी महाराज के जयकारों के साथ उनको मंदिर में बालाजी मूर्ति पर चढ़ाया। पदयात्रा का शहर भर में अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। नगर परिषद के सामने गीतांजली ज्वैलर्स शोरूम के आगे समाजसेवी शिवकरण जानूं व पूर्व उपसभापति वीरेंद्र डारा के नेतृत्व में बंधे बॉयज सदस्यों ने पद यात्रियों का पुष्प वर्षा व ढोल नगाड़ों के साथ पानी व ज्यूस पिलाकर स्वागत किया। मुकेश कृष्णियां ने बताया कि बंधे बॉयज सदस्यों द्वारा हनुमान जयंती पर हर वर्ष पद यात्रियों के सम्मान में इसी तरह की व्यवस्था की जाती है।

### अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ का वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** भारत वर्ष के सबसे बड़े श्रम संगठन भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ का 18वां त्रैवार्षिक अधिवेशन छतीसगढ़ की राजधानी रायपुर के गुड़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव की उपस्थिति में शनिवार-रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री रविंद्र हिमते, राष्ट्रीय मंत्री अंजलि पटेल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री मध्य क्षेत्र भारतीय मजदूर संघ सुनील किरवई उपस्थित रहे। इस अधिवेशन में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडू, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, गुजरात, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, बिहार, अंडमान निकोबार, तेलंगाना व गोवा आदि प्रदेश से करीब 450 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के 18वें त्रैवार्षिक अधिवेशन में नवीन अखिल भारतीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें राजस्थान की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मधुसूदन जोशी, उपाध्यक्ष भगवती मनेरिया के अलावा अजमेर डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी, आजाद मोहम्मद व डूंगर सिंह को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया। रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित विद्युत के राष्ट्रीय अधिवेशन में अजमेर डिस्कॉम के झुंझुनूं से वीरेंद्रसिंह तंवर, सुरेश कुमार शर्मा, बांसवाड़ा से तेजसिंह शेखावत, दिनेश कुमार पारीक, भीलवाड़ा से नरेश कुमार जोशी, बनवारीलाल सुमन, उदयपुर से हेमराज डांगी, जगदीशप्रसाद, अजमेर से डूंगरसिंह, चित्तौड़गढ़ से सागरमल टाक, तुलसीराम मनेरिया, सीताराम जाट, डूंगरपुर से मनीष अग्रवाल, वीरेंद्र भट्ट, कैलाश जादू आदि शामिल हुए।

### पृष्ठ 1 का शेष...टाटा सफारी आएं राहुल गांधी...

साथ ही पूछा कि आपको राजस्थान में गहलोत या पायलट दोनों में से कौन सा नेता ज्यादा पसंद है। ब्लॉक अध्यक्ष छुट्टन लाल मीणा के पास मंडल अध्यक्ष शेरपुर खिलचीपुर का भी पद है। मीणा से चर्चा के बाद राहुल गांधी रणथंभौर में सफारी के लिए निकल गए। उन्होंने रणथंभौर के जोन नंबर दो में सफारी की। सफारी के दौरान राहुल गांधी ने बाघिन रिद्धि और उसके शावकों का दीदार किया। इसके बाद राहुल गांधी होटल शेर बाग पहुंचे। राहुल गांधी 11 से 13 अप्रैल तक रणथंभौर में निजी यात्रा पर आए हुए हैं।

**तीन सफारी में लगातार टाइगर साइटिंग:** राहुल गांधी ने गुरुवार सुबह जोन नंबर 3 के गूलर वन क्षेत्र में बाघिन सिद्धि के दीदार हुए। यहां शावक को स्वछंद घूमते देखकर राहुल गांधी खासे उत्साहित दिखाई दिए। गुरुवार शाम की पारी में जोन नंबर 2 में फीमेल टाइगर के दीदार किए। इस दौरान उन्होंने बाघिन टी-84 एरोहेड व उसके शावकों की अठखेलियां देखी। राहुल गांधी ने शिवराज एनीकट वन क्षेत्र में बाघिन और उसके शावकों को शिकार का लुत्फ उठाता देखा। जिसे उन्होंने अपने कैमरे में कैद किया। वहीं शुक्रवार सुबह की पारी में राहुल गांधी ने रणथंभौर के जोन नंबर 2 और 3 में सफारी की। जहां उन्होंने जोन नंबर 2 पर रिद्धि व उसके शावक और जोन नंबर 3 में ऐरोहेड व उसके शावकों के दीदार किए।

# झुंझुनूं में चलता है गरीबों का अस्पताल, रोज दो घंटे 10 डॉक्टर करते हैं मरीजों का इलाज

## प्राइवेट डॉक्टर, लेकिन परामर्श, जांच, दवा सब फ्री

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** आप एक प्राइवेट चिकित्सक से और प्राइवेट अस्पताल को लेकर कभी यह नहीं सोच सकते कि आपका इलाज फ्री में हो जाएगा। इसके लिए आपको सरकारी अस्पताल ही जाना होगा या फिर सरकारी योजना के जरिए प्राइवेट अस्पताल में। लेकिन झुंझुनूं जिले में एक ऐसा अस्पताल संचालित हो रहा है। जहां पर सरकारी और प्राइवेट चिकित्सक हर दिन दो घंटे तक मरीजों को ना केवल फ्री परामर्श देते है। बल्कि सामान्य जांचें और दवा तक फ्री मिलती है। इस अस्पताल को गरीबों का अस्पताल के रूप में पहचाना जाता है। जहां पर सरकारी व निजी अस्पतालों से जुड़े करीब 10 डॉक्टर और 15 चिकित्साकर्मी रोजाना दो घंटे मरीजों का इलाज करते हैं। सामान्य जांच और दवा फ्री है। बड़ी जांचें निजी केंद्रों पर नो प्रोफिट-नों लोस में करवाते हैं। जरूरतमंद मरीज को उधार में मेडिकल उपकरण भी मुहैया करवाते हैं। झुंझुनूं शहर में ईदगाह के नजदीक एनजीओ मेडिकल सर्विस सोसायटी की ओर से अनूठा अस्पताल संचालित होता है। इस पॉलिक्लिनिक से अब तक 30 डॉक्टर और 42 चिकित्साकर्मी जुड़ चुके है। जो सभी निशुल्क सर्विस देते हैं। रोटेशन के हिसाब से हर डॉक्टर की चौथे दिन ड्यूटी लगती है। यह क्लिनिक रोजाना शाम को दो घंटे ही खुलता है, लेकिन इस दौरान औसतन 50 से अधिक मरीज इलाज करवाने आते हैं। इसमें रोजाना पांच से दस डॉक्टर शाम के समय पांच से सात बजे तक रोटेशन के अनुसार अपनी निशुल्क सेवाएं देते हैं। रोगी को जहां तक संभव है, दवा फ्री दी जाती है। जरुरतमंद लोगों के प्रति सेवा भाव को देखते हुए कई सामाजिक संगठन भी इस सोसायटी की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। लायंस क्लब झुंझुनूं, महावीर इंटरनेशनल झुंझुनूं ने भी मेडिकल उपकरण उपलब्ध करवाए हैं। यहां पर ईलाज करवाने के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी किसी तरह के महंगे इलाज की झिझक नहीं होती और अपनी बीमारियों को खुलकर चिकित्सकों के सामने रखते है।

**कोरोना काल में हुई थी प्रारंभिक तौर पर ऐसे शुरूआत :** इस प्रोजेक्ट की शुरुआत करने वाले समाजसेवी जाकिर सिद्दीकी ने बताया कि कोरोना काल में अस्पतालों में गरीबों को न बेड मिल रहे थे और न ऑक्सीजन। इलाज के अभाव में लोगों की सांसें टूट रही थी। वे मेडिकल लाइन से जुड़े हुए है। इसलिए यह दर्द उन्होंने खुद महसूस किया। तब यह आइडिया आया कि क्यों न जरूरतमंदों को उधार में मेडिकल उपकरण उपलब्ध करवाएं। साथियों से चर्चा की तो सभी ने सहमति दी और सहयोग का भरोसा दे दिया। तब 30 अक्टूबर 2020 को सिम्पैथी प्रोजेक्ट की शुरुआत कर दी। मेडिकल सर्विस सोसायटी गंभीर बीमारों को उधार में निशुल्क उपकरण मुहैया कराती है। प्रोजेक्ट के संयोजक जाकिर सिद्दीकी के अनुसार ऑक्सीजन सिलेंडर, कंस्ट्रक्टर मशीन, बेड, व्हील चेयर, कोफिन डी-फ्रीज, कमोड चेयर, नेबुलाइजर मशीन, डीएनसी टेबल, सक्शन मशीन, स्ट्रेचर, वॉकर, वॉटर बेड व एयर बेड जैसेउपकरण नाममात्र का चार्ज लेकर उपलब्ध करवाते हैं। यह चार्ज रोज का 5 से 10 रुपए है। ताकि मुफ्त का भाव नहीं आए। उपकरण वापस लौटाने पर लिया गया शुल्क भी लौटा दिया जाता है। सोसायटी की ओर से शेखावाटी के तीनों जिलों में अब तक 450 से अधिक लोगों को मेडिकल उपकरण मुहैया कराए जा चुके हैं।

## जनकवि बजरंगलाल पारीक 'लाल' की 39वीं पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** राजस्थानी साहित्य के द्रोणाचार्य एवं सुप्रसिद्ध काव्य रचना 'चांद चढ्यो गिगनार' के रचयिता जनकवि बजरंगलाल पारीक 'लाल' की 39वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जनकवि 'लाल' के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर आनंदसिंह शेखावत उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी कैलाश चोटिया, ओमप्रकाश मित्तर एवं कालूराम झाझड़िया ने की। कवि सुरेश जांगिड़ और रमाकांत सोनी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कवि सजन जोशी ने जनकवि 'लाल' के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए ओजस्वी रचना प्रस्तुत की। कवि रिद्धीकरण बसोतिया और कवि हरेंद्र त्यागी ने वर्तमान सामाजिक परिदृश्य पर केंद्रित रचनाओं के माध्यम से समाज को संदेश दिया। जनकवि 'लाल' के ज्येष्ठ पुत्र कवि हरिप्रसाद पारीक नीरव राजस्थानी ने एक से बढ़कर एक मुक्तकों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं उनके दूसरे पुत्र कवि श्रीकांत पारीक श्री राजस्थानी ने बेटी पर आधारित मार्मिक रचना सुनाई और कहा, 'बहु सबको चाहिए लेकिन बेटी नहीं चाहिए'। जिसने श्रोताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बजरंगलाल शर्मा, सुरेश सोनी, ताराचंद टेलर, एडवोकेट तरुण मिंतर, सीताराम घोड़ेला, माखन चोबदार, पूर्व प्राचार्य विनोद चौबे, देवेंद्र पारीक, धीरेंद्र पारीक, शैलेंद्र पारीक, एडवोकेट कुलदीप पारीक, केशव पारीक, कृष्ण पारीक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहीं।

## डीवीएम के छात्र दक्ष चौधरी का राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए राज्य दल में चयन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** डालमिया विद्या मंदिर के प्रतिभाशाली छात्र दक्ष चौधरी ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दक्ष का चयन 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित 14 वर्ष आयु वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय खिलाड़ी दल में हुआ है, जो समस्त विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 25 अप्रेल 2025 से 29 अप्रेल 2025 तक संजीवन ग्रुप ऑफ स्कूल पन्हाला कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में आयोजित की जाएगी। इससे पूर्व राज्य स्तर पर चयन के लिए दक्ष का परीक्षण 16 एवं 17 अप्रेल 2025 को आयोजित किया जाएगा तथा चयनित खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर 18 से 22 अप्रेल 2025 तक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जवाहरनगर उदयपुर में संचालित होगा। प्रशिक्षण के उपरांत राज्य दल 23 अप्रेल 2025 को कोल्हापुर के लिए प्रस्थान करेगा।

## भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में बसेड़ी रोड़ स्थित एक निजी मैरिज होम में शनिवार की शाम भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बाड़ी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल और भारत विकास परिषद के रीजनल संयुक्त महासचिव डॉ शिवदयाल मंगल ने सभी महिला और पुरुष पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान अन्य अतिथियों के रूप में प्रांतीय महिला संयोजिका सरोज मंगल एवं भारत विकास परिषद के पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारतीय और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। नवीन दायित्वधारी शाखा अध्यक्ष मनोज शिवहरे, शाखा सचिव धर्मेंद्र गर्ग, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण बंसल एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ महिला पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान भारत विकास परिषद शाखा की रीति नीति क्या है और उन्हें क्या संकल्प लेकर शाखा के उद्देश्यों को आगे बढ़ाना है इसकी डॉ शिव दयाल मंगल ने जानकारी दी। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न समाजों के पदाधिकारी,भारत विकास परिषद की सूरज प्रकाश शाखा के पदाधिकारी और मातृशक्ति मौजूद रहीं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले रैली को दिया गया अंतिम रूप



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** सर्व समाज एकता मंच द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती एवं महात्मा ज्योतिबा फूले की स्मृति में आयोजित अंबेडकर-फूले मोटरसाइकिल रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसी क्रम में अणगासर रोड स्थित वार्ड नंबर पांच में श्री अंबे माताजी मंदिर प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें रैली की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। रैली के संयोजक प्रदीप चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रैली 14 अप्रेल को शाम चार बजे गांधी चौक से प्रारंभ होकर डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क तक निकाली जाएगी। रैली का उद्देश्य सामाजिक समरसता, समानता और जनजागरूकता का संदेश देना है। उन्होंने सर्व समाज से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस ऐतिहासिक अवसर को सफल बनाने की अपील की।

## कारीगर समाज को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** कारीगर समाज को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने के मकसद से रविवार को कुचामन सिटी में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मकराना रोड स्थित ग्लोरिया रिसॉर्ट में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए समाज के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मकसद समाज में सुधार की दिशा में ठोस पहल करना था। इसमें कारीगर बचत योजना, बैतूल माल फंड, बालिका शिक्षा को बढ़ावा, नशा मुक्ति, फिजूलखर्ची पर नियंत्रण, और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

**क्या है बचत योजना और बैतूल माल फंड? :** कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि 'कारीगर बचत योजना' के अंतर्गत कारीगर समाज का कोई भी व्यक्ति 500 प्रति माह की न्यूनतम राशि जमा कर योजना का सदस्य बन सकता है। सदस्य को आवश्यकता पड़ने पर शादी या अन्य पारिवारिक खर्चों हेतु एकमुश्त राशि उपलब्ध करवाई जाती है, जिसे बिना ब्याज के आसान किश्तों में लौटाया जा सकता है। साथ ही, बैतूल माल फंड समाज के कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को संबल प्रदान करने हेतु स्थापित किया गया है, जिससे आपात स्थिति में तात्कालिक सहायता मिल सके। इस मौके पर जोधपुर से आए इमामुद्दीन कारीगर ने अपने उद्बोधन में समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने पर बल दिया और बचत योजना व बैतूल माल फंड में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की। सीकर से एडवोकेट आबिद कारीगर, लोसल से इश्तियाक कारीगर, और 'यारों की टोली' समूह से जुड़े अन्य प्रतिनिधियों ने समाज की दिशा और दशा को सुधारने के लिए सारगर्भित विचार साझा किए। इस अवसर पर सलीम कारीगर, जलालुद्दीन (कुचामन), कुतुबुद्दीन (अजमेर), मुमताज कारीगर, मुन्ना कारीगर (बोरावड़), जाकिर कारीगर (इंदौर), फारूक कारीगर, मुख्तयार कारीगर, अब्दुल जब्बार कारीगर, अनारदीन (जयपुर ) ,अनारदीन (मेड़ता), रफीक कारीगर, जुल्फिकार कारीगर, इलियास, मकसूद और इमरान कारीगर सहित कई जिलों से प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रबंधन देख रहे इमामुद्दीन कारीगर ने बताया कि यह आयोजन केवल एक सभा नहीं, बल्कि कारीगर समाज के पुनर्गठन का प्रयास है। इसका उद्देश्य समाज को पिछड़ेपन से बाहर निकालकर शिक्षा, आत्मनिर्भरता और एकता की ओर अग्रसर करना है। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि समाज के युवा वर्ग को जागरूक किया जाएगा।

## हनुमान जयंती पर पटवारी मंदिर में भजन संध्या आयोजित, गुमट मंदिर पर लगे छप्पन भोग

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष आयोजन देखने को मिले। शनिवार की शाम होते ही श्रद्धालु अपने घरों से निकलकर विभिन्न मंदिरों पर बाबा के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान गुमट हनुमान मंदिर पर जहां विशेष झांकी सजाई गई और पूरी सब्जी के प्रसादी का वितरण हुआ। वही तुलसीवन रोड़ स्थित पाताली बाबा पर मंदिर भगत दीपेंद्र स्वर्णकार ने स्वर्णजड़ित पोषक से बाबा का विशेष श्रृंगार किया। पटवारी मंदिर पर स्वर साधना म्यूजिकल ग्रुप की युवतियों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया। पूरा आयोजन देर रात तक चला। इस दौरान विभिन्न मंदिरों पर बाबा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। गुमट हनुमान मंदिर पर छप्पन भोग की प्रसादी के साथ बाबा की दिव्य-भव्य फूल बंगला झांकी सजाई गई। इसका आयोजन बजरंग सेवा समिति द्वारा किया गया। कमेटी के अध्यक्ष भगवती प्रसाद मित्तल एवं अन्य पदाधिकारियों ने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूरी सब्जी के प्रसाद की भी व्यवस्था की। वहीं पटवारी हनुमान मंदिर पर स्वर साधना ग्रुप की राशि अग्रवाल एवं उनकी टीम की साथी हेमलता मीणा,तनुजा भटेल, नेहा, संध्या शर्मा एवं अन्य ने अपने गुरु रामवकील प्रताप के सानिध्य में भगवान राम भक्त हनुमान के भजनों की ऐसी प्रस्तुति थी कि हर कोई मंत्र मुक्त हो गया। वहीं शहर के हौंद वाले चूड़ामणि हनुमान मंदिर पर विशेष झांकी सजाई गई। बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर महंत रामेश्वर पुजारी ने बताया कि- हर वर्ष यहां मंदिर पर विशेष आयोजन होता है, इसके अलावा कुल्ली वाले हनुमान मंदिर,सीता वाली बगीची हनुमान मंदिर,ईशु हनुमान मंदिर, कमलेश्वर हनुमान मंदिर,मनोहर दास हनुमान मंदिर,सेठ बगीची स्थित मोटे हनुमान मंदिर,पीपल वाले हनुमान मंदिर, गुलाब बगीची स्थित हनुमान मंदिर और सुनार गली स्थित खारे कुआं के हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

## जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आज होगा आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राजस्थान सरकार के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार आगामी 14 अप्रेल सोमवार को जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर आयुष्मान भारत हेल्थ वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के अंतर्गत आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में शुरू की गई योजना की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आमजन को सुलभ, निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि शिविर में रोगियों का पंजीकरण किया जाएगा। हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी और सिकलसेल जैसे रोगों की स्क्रीनिंग होगी। नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आभा आईडी बनाई जाएगी। विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आवश्यक दवाइयां और जांचें निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। जरूरत होने पर टेली-कंसल्टेशन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की परामर्श सेवाएं दी जाएंगी। योग सत्रों का भी आयोजन होगा। 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना यानी 'मा योजना' में पंजीकरण किया जाएगा। आमजन और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों की रिपोर्टिंग एवं फोटोग्राफ आयुष्मान भारत आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाए।

## सुविचार

आज अगर ठोकरें भले खा रहे हो, कल आपका दिन हो सकता है, कार्य अच्छी दिशा में करें।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

# गुपचुप सौदा

हमारा दक्षिणी पड़ोसी श्रीलंका वैसे तो एक छोटा देश है लेकिन समंदर के बीचोबीच होने के कारण इसका हमेशा भाव बढ़ा रहता है। यही इसकी ताकत भी है। भारत इस मुल्क से जी जान से प्यार करता है। इस मुल्क की स्थिरता और शांति के लिए भारत अरबों रुपए खर्च करता है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का दौरा किया है। पीएम ने अपने इस दौरे में भारत के सहयोग से बनी अरबों रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। लेकिन यह मुल्क बहुत भरोसेमंद नहीं है। बीते आर्थिक संकट के दौरान भारत ने उसकी भरपूर मदद की थी। बीते करीब दो दशक में इस मुल्क का व्यवहार भारत के प्रति बहुत अच्छा नहीं है। लंबे समय तक वहां की सरकार में रहे पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने भारत के हितों के खिलाफ कई कदम उठाए थे। उन्होंने चीन के साथ कई ऐसे डील कर ली, जो सीधे तौर पर भारत के सामरिक हितों के खिलाफ थी। इसमें सबसे अहम डील हंबनटोटा बंदरगाह चीन को लीज पर देना था। हालांकि अब श्रीलंका में नई सरकार है। श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने भारत के हितों के खिलाफ कोई काम नहीं करने की बात कही है। इस बीच श्रीलंका ने एक बड़ी डील की है। दरअसल श्रीलंका अपनी वायुसेना को अपग्रेड कर रहा है। उसके लिए उसने लड़ाकू विमानों का सौदा किया है। इसके लिए उसके सामने भारत के लड़ाकू विमान तेजस एमके1 को खरीदने की बात कही थी। उसके सामने चीन के लड़ाकू विमान जेएफ-17 का भी विकल्प था। भारत से साथ तेजस एमके1 को लेकर लंबे समय तक चली वार्ता को बीच में ही छोड़कर उसने इजरायल के साथ बड़ी डील कर ली है। उनसे चीन या भारत से फाइटर जेट खरीदने के बजाय अपने मौजूदा फाइटर जेट फ्लीट को अपडेट करने का फैसला किया है। श्रीलंका के पास मौजूदा वक्त में केफिर फाइटर जेट हैं। ये इजरायली फाइटर जेट्स हैं। इन्हीं फाइटर जेट्स को अपडेट करने के लिए इजरायली एयरोस्पेश इंडस्ट्रीज के साथ 4.9 करोड़ डॉलर का डील की है। इस वक्त उसके पास पांच जेट विमान हैं। इस अपग्रेड के बाद ये फाइटर जेट्स 4+ पीढ़ी के हो जाएंगे। केफिर एक ऑल वेदर मल्टीरोल कंबैट फाइटर जेट है। इसे फ्रेंच दसॉल्ट मिराज 5 के डिजाइन पर बनाया गया है। श्रीलंका की वायु सेना में ये विमान 1990 से अपनी सेवा दे रहे हैं। श्रीलंका में लंबे समय तक चले गृह युद्ध के दौरान इन विमानों ने अहम भूमिका निभाई थी। इस अपडेट के बाद इन फाइटर जेट्स की लाइफ करीब 15 साल और बढ़ जाएगी। श्रीलंका की नई सरकार के इस फैसले से नए विमान खरीदने की योजना पर ब्रेक लग गया है। पिछले दिनों श्रीलंका ने नए विमान खरीदने की योजना बनाई थी।

## 30 महीनों में 25 बच्चों को जन्म

# भ्रष्टाचार जो कराए कम है...!!!



डा. अनिता राठौर

आगरा जिले के गांव नागला कादियान की 35 वर्षीय कृष्णा कुमारी ने फतेहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर 2017 में अपने बच्चे को जन्म दिया था। लेकिन उन्हें मालूम न था कि वह इसी केंद्र पर 2021 व 2023 के बीच 30 महीनों के भीतर '25 अन्य बच्चों को जन्म देंगी' और इस दौरान उनकी 5 बार 'नसबंदी' भी हो जाएगी। हाल के वित्तीय ऑडिट में यह असंभव डाटा प्रकाश में आया है। ज़ाहिर है यह 'कागज़ी खानापूर्ति' केंद्र में तैनात सरकारी कर्मचारियों ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) द्वारा संचालित योजनाओं में घोटाला करके पैसा ऐंठने के लिए की। बेचारी कृष्णा कुमारी को तो यह भी नहीं मालूम कि फर्जी कागज़ात के ज़रिए उसके नाम से बैंक खाता खोला गया, जिसमें सरकारी योजना के तहत 45,000 रुपए आए, जिन्हें घोटालेबाजों ने निकाल लिया।

इमेज

इस सिलसिले में पांच व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिनमें से चार स्वास्थ्य विभाग के ही कर्मचारी हैं और पांचवां कृष्णा कुमारी के गांव का व्यक्ति है, जिसने उनके नाम का बैंक खाता खोला और सरकारी पैसा निकाला। अगर बात सिर्फ़ इतनी ही रहती तो यह राष्ट्रीय सुर्खी के लायक खबर न होती। लेकिन यह तो मात्र हिमशैल की नोक है। इस घोटाले की परतें धीरे-धीरे खुलती जा रही हैं। यह स्वीकार करना कठिन है कि घोटालेबाजों ने सिर्फ़ चंद महिलाओं के नाम पर फ्रॉड किया। आगरा जिले में ही तीन अन्य महिलाओं का मामला प्रकाश में आया है, जिन्होंने 2021 व 2023 के बीच '53 बच्चों को जन्म दिया और 9 बार उनकी नसबंदी हुई'। सुनीता सिंह (55), मछला देवी (45) व राजकुमारी (44) को भी नहीं मालूम कि उन्होंने यह 'चमत्कार' किया है और इसके लिए उन्हें 90,000 रुपए से अधिक सरकार ने जननी सुरक्षा योजना व महिला नसबंदी पहल योजनाओं के तहत दिए हैं। इन योजनाओं में आम तौर से ग्रामीण डिलीवरी के लिए 1,400 रुपए, 1,000 रुपए शहरी डिलीवरी के लिए और 2,000 रुपए नसबंदी के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है। यह सिर्फ एक केंद्र की कहानी है और वह भी अभी अधूरी ही है। अनुमान यह है कि देश के अन्य अनेक केंद्रों पर भी इस क़िस्म के घोटाले हो रहे होंगे क्योंकि इस कोशिश में बहुत लोग लगे रहते हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ हकदारों तक पहुंचने की बजाय उनकी जेब में चला जाए। यह सब सरकारी कर्मचारियों व दलालों की सांठगांठ से होता है और दिलचस्प यह है कि सरकारी कर्मचारी ही इसका पर्दाफाश करते हैं। बहरहाल, महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या कैश ट्रांसफर जन स्वास्थ्य बेहतर करने का विकल्प है? यह प्रश्न इसलिए प्रासंगिक है क्योंकि अब लगभग सभी चुनाव कैश ट्रांसफर के वायदों पर लड़े जा रहे हैं, जिन्हें मुफ्त की रेवड़ियां भी कहा जाता है। सोचने की बात यह भी है कि क्या गरीबों की पहचान का दुरुपयोग करके भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी केवल स्वास्थ्य योजनाओं में ही घोटाला कर रहे होंगे या अन्य कल्याणकारी योजनाओं का भी यही हाल है? पूर्व में हम बिहार का चारा घोटाला, अनेक राज्यों में मिड-डे मील घोटाले, सरकारी योजना का लाभ उठाने के लिए विवाहितों को कुंवारा दिखाकर उनका पुनः विवाह करा देना आदि देख चुके हैं। बहरहाल, जो बातें प्रकाश में आ रही हैं, उनसे मालूम होता है कि गांवों में तथाकथित समाजसेवी महिलाओं का बैंक खाता इस वायदे से खुलवाता है कि उन्हें सरकारी लाभ मिलेगा। इन खातों को संबंधित महिलाएं कभी ऑपरेट नहीं करती हैं। फिर सरकारी कागज़ों में चढ़ा दिया जाता है कि इन महिलाओं ने बच्चे को 'जन्म' दिया है या इनकी 'नसबंदी' हुई है। फलस्वरूप इनके खाते में सरकारी योजनाओं का पैसा ट्रांसफर हो जाता है, जिसे निकालकर घोटालेबाज़ आपस में बांट लेते हैं। जिनके नाम पर यह घोटाला होता है, उन्हें कुछ नहीं मिलता बल्कि उन्हें तो अक्सर मालूम भी नहीं होता कि उनके नाम का दुरूपयोग किया जा रहा है। अब सबसे पहले वही पुराना सवाल-इस प्रकार की योजनाओं का वार्षिक ऑडिट कितना ठोस व ईमानदारी से होता है? यह कौन चेक कर रहा है कि यह पैसा कहां जा रहा है? गौरतलब है कि भारत की सामाजिक कल्याण योजनाओं में डिजिटल परिवर्तन लाने का उद्देश्य बीच में से दलालों को निकालना था ताकि सीधे लाभार्थी तक कैश पहुंच सके। लेकिन जिन लोगों तक इस लाभ को पहुंचाना था, उनमें टेक साक्षरता की स्थिति दयनीय है, जिसका अर्थ है कि डाटा एंट्री की टेक दुकानें नई दलाल बन गईं हैं। डिजिटलीकरण ने कल्याण प्रक्रिया को व्यक्ति से ऑनलाइन एप्लीकेशन में बदल दिया, जिससे सरकार और लाभार्थी के बीच का सीधा संपर्क हट गया। नतीजतन घोटालेबाजों के लिए शिकार करना आसान



हो गया। दूसरी समस्या योजनाओं की भरमार है। केंद्र सरकार 2024 से मातृत्व स्वास्थ्य के लिए 12 योजनाएं चला रही हैं। जननी स्वास्थ्य योजना तो 2005 से चल रही है, जिसका फायदा भी हुआ है कि मातृत्व मृत्यु दर (मातृत्व मृत्यु प्रति लाख जीवित जन्म) 384 (2000) से घटकर 97 (2020) रह गई है, लेकिन उत्तर प्रदेश में भारत के मातृत्व मृत्यु दर का बोझ 35 प्रतिशत है। इससे ज़ाहिर है कि लीकेज को रोका नहीं जा सका है। इतनी सारी योजनाओं के होने के बावजूद हाल के दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त कैश ट्रांसफर का वायदा किया गया था। बीजेपी ने गर्भवती महिला को 21,000 रुपए देने का वायदा किया है। यह मिलेगा या नहीं, कहा नहीं जा सकता। हर महिला के लिए प्रतिमाह 2500 रुपए का भी वायदा है और लड़की की शादी करते समय 1,00,000 रुपए का वायदा है। बहरहाल, जो घोटाला प्रकाश में आया है उससे यह प्रश्न भी उठता है कि जन स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक मज़बूत करना या कैश ट्रांसफर करना? राजनीतिक पार्टियां एक ऐसे चुनावी मॉडल की तरफ जा रही हैं, जो सार्वजनिक विकास की बजाय निजी लाभ को वरीयता देता है। इसके गंभीर परिणाम होने जा रहे हैं-दोनों लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए और अर्थव्यवस्था के लिए भी। सबसे पहली बात तो यह है कि हम सीधे कैश ट्रांसफर टेक सफलता का दूसरा पहलू देख रहे हैं, जिसने स्थायी तौर पर राज्य का नागरिकों से संपर्क को बदल दिया है। राजनीतिक पार्टियों और नागरिकों के बीच में यह अनैतिक व्यवस्था स्थापित हो गई है कि 'अगर आपने मेरे साथ कुछ ऐसा किया तो मैं भी आपके साथ ऐसा ही कुछ करुंगा' यानी अगर आप वोट देंगे तो आपको कैश मिलेगा। न सिर्फ चुनाव जीतने के लिए हर वैध अवैध हथकंडा अपनाया जाता है बल्कि सत्ता में आने के बाद राज्य के खज़ाने में गोता लगाकर सभी मौलिकताओं को एक किनारे लगाते हुए, मुफ्त की रेवड़ियां बांट दी जाती हैं। बस चुनावी राजनीति ही अपने आप में अंतिम लक्ष्य बनकर रह गया है। अपना काम बनता, भाड़ में जाए जनता।

## पंचांग

सोमवार, 14 अप्रैल 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - कृष्ण |
| तिथि | - प्रतिपदा 08.26 तक |
| वार | - सोमवार |
| नक्षत्र | - स्वाति 24.14 तक |
| योग | - वज्र 22.38 तक |
| करण | - तैतिल 21.42 तक |
| सूर्योदय | - 06.24 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.54 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.20 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 07.02 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - तुला |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.13 से 13.04 |
| राहु काल | - 07.56 से 09.30 |
| व्रत, त्यौहार | - आंबेडकर जयंती, संक्रांति पुण्यकाल सूर्योदय से 12.39 तक |
| दिशा शूल | - पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




## मां कैलादेवी के दरबार में भक्तों की संख्या ने तोड़ा रिकॉर्ड

उत्तर भारत का प्रसिद्ध मंदिर मां कैलादेवी के दरबार में चैत्र महीने में आयोजित होने वाले विशाल लक्खी मेले का समापन विधिवत रूप से 11 अप्रैल को हो गया। इस बार मेले में श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड तोड़ संख्या देखी गई, जो पिछले सालों की तुलना में काफी अधिक रही। अनुमान के मुताबिक इस बार 40 से 45 लाख श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। बता दें कि राजस्थान के लघु कुंभ के रूप में प्रसिद्ध यह 17 दिवसीय मेला हर साल लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना रहता है। इस मेले के दौरान उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों से भक्त बड़ी संख्या में मां कैलादेवी की चौखट पर हाजिरी लगाने पहुंचते हैं। सबसे खास बात यह है कि इस वार्षिक मेले में सबसे अधिक संख्या पैदल यात्रियों की होती है। हर साल लाखों श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर की दूरी पैदल यात्रा करते हुए मां के दरबार तक पहुंचते हैं।

**चैत्र नवरात्रि में सबसे ज्यादा भीड़**

इस साल मां कैलादेवी के चैत्र महीने में आयोजित होने वाले लक्खी मेले का शुभारंभ 22 मार्च से हुआ था, जिसका समापन 11 अप्रैल को विधिवत रूप से हुआ। इस बार भी मेले में श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड तोड़ संख्या देखी गई, जो पिछले सालों की तुलना में काफी अधिक रही। वैसे तो मेले के सभी 17 दिनों में लाखों की संख्या में भक्त मां के दर्शन के लिए पहुंचे, लेकिन चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस और दुर्गाष्टमी के दिन सबसे अधिक भीड़ उमड़ी। इन दोनों विशेष दिनों पर लगभग 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के परिचालन अधिकारी विवेक द्विवेदी के अनुसार इस बार करीब 40 से 45 लाख श्रद्धालुओं ने चैत्र नवरात्रि के दौरान मां कैलादेवी के दर्शन किए हैं। उनका कहना है कि इस बार पिछले सालों की तुलना में भक्तों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि भले ही चैत्र महीने का यह महापर्व और वार्षिक मेला अब समाप्त हो गया हो, लेकिन मां के दरबार में श्रद्धालुओं की आमद लगातार बनी हुई है। देशभर से श्रद्धालु अब भी माता रानी के दरबार में मन्नत मांगने पहुंच रहे हैं।

## तारीख विशेष

### डा. भीमराव अंबेडकर

भारतीय संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को हर साल मनाई जाती है। यह दिन न केवल उनके जीवन और संघर्षों को याद करने का मौका है, बल्कि न्याय, सामाजिक समानता और मानव अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए भी यह बहुत ही ज्यादा जरूरी हो जाता है। डा. अंबेडकर एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, विधिवेत्ता और भारतीय इतिहास के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में से एक थे। डा. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू कस्बे में एक दलित (महार जाति) परिवार में हुआ था। उनका पूरा नाम भीमराव रामजी अंबेडकर था। उनका परिवार सामाजिक रूप से निम्न समझे जाने वाले वर्ग से संबंध रखता था, जिससे उन्हें बचपन से ही सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा। स्कूल में उन्हें अलग बैठाया जाता था, पानी छूने की अनुमति नहीं थी और समाज में हर जगह उनके साथ भेदभाव किया जाता था। लेकिन बालक भीमराव ने इन सब कठिनाइयों को अपने शिक्षा के मार्ग में आड़े नहीं आने दिया। डा. अंबेडकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहद प्रतिभाशाली थे। उन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया और फिर स्कॉलरशिप की मदद से अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से एम.ए. और पीएच. डी. की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद वे इंग्लैंड गए और वहां से बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त की। विदेश में रहते हुए उन्होंने महसूस किया कि शिक्षा ही वह हथियार है, जिससे सामाजिक असमानता को समाप्त किया जा सकता है। भारत लौटने के बाद उन्होंने न केवल वकालत शुरू की बल्कि सामाजिक आंदोलन का भी नेतृत्व किया। उन्होंने 'बहिष्कृत हितकारिणी सभा' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य दलितों को शिक्षा और सामाजिक अधिकार दिलाना था। डा. अंबेडकर ने समाज में फैली जातिगत असमानता और छुआछूत के विरुद्ध व्यापक आंदोलन चलाए। उन्होंने महाड तालाब सत्याग्रह और कालाराम मंदिर प्रवेश आंदोलन जैसे ऐतिहासिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। इन आंदोलनों का उद्देश्य यह था कि दलितों को सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों, और संसाधनों पर समान अधिकार मिले।

## एआई से ज्यादा डराती

# भविष्य की जेनेटिक इंजीनियरिंग

संजय श्रीवास्तव

आशंका इस बात की है कि रोगों से लड़ने की जैव तकनीकि ढूंढने वाले चिकित्सकों की शोध का सहारा ले ये वैज्ञानिक नउ रोगों का इजाद कर दवा व्यापार का नया रास्ता निकालने का काम न शुरू कर दें। ऐसे में नए और घातक रोग बढ़ सकते हैं, जिनका इलाज ढूंढना पहले से भी जटिल और मुश्किल साबित हो सकता है। ब्यूबॉनिक प्लेग खतरनाक है पर आज उसका इलाज मौजूद है अब यदि इस रोग के जीवाणुओं की जेनेटिक इंजीनियरिंग कर दी जाए तो यह जनसंहार का ऐसा हथियार बन जाएगा जिसका काट तुरंत मिलना तो नामुमकिन ही होगा। तकनीक के तहत गुणसूत्रों में हेरफेर करके मनचाहे शिशु डिजायनर बेबी को ही लें। भविष्य में यह सुविधा आसानी से उपलब्ध होने के चलते बहुत से लोग अपने बच्चे को बेहतर और सुरक्षित बनाना चाहेंगे पर जेनेटिक अभियांत्रिकी से बच्चे की लंबाई आंखों का रंग और बहुत से शारीरिक बदलाव के साथ उसे कई अनुवांशिक बीमारियों से मुक्त तो किया जा सकता है पर वह बच्चा कुछ नई बीमारियों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता खो सकता है।

इमेज

सिर्फ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर ही वैज्ञानिक चिंताएं नहीं हैं, जेनेटिक इंजीनियरिंग को लेकर भी कई विशेषज्ञ चिंतित हैं और इसे खतरनाक दोधारी तलवार मान रहे हैं। इनके मुताबकि इसके कुछ बहुत लाभकारी पहलू हैं, लेकिन कुछ गंभीर खतरे और नैतिक प्रश्न भी इससे जुड़े हैं,जो लगातार डरावने हो रहे हैं। मसलन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के जेनेटिकिस्ट और सिंथेटिक बायोलोजी के अग्रणी जार्ज चर्च कहते हैं, 'माना कि जेनेटिक इंजीनियरिंग में भारी संभावनाएं हैं,लेकिन इसके बायोटेरोरिज्म जैसे दुरुपयोग से इनकार नहीं किया जा सकता।' चर्च तो यहां तक कहते हैं कि अगर यह तकनीक गलत हाथों में गई, तो यह महामारी और जैविक युद्ध का कारण बन सकती है। आनुवंशकीय या जेनेटिक इंजीनियरिंग के निजी नियंत्रण में जाने से कई तरह के खतरे पैदा हो सकते हैं। महान भौतिकविद स्वर्गीय स्टीफन हाकिंग कहा करते थे कि अगर जेनेटिक इंजीनियरिंग का दुरुपयोग हुआ तो कुछ "सुपरह्यूमन" लोग खुद को बाकी मानव जाति से श्रेष्ठ बना सकते हैं। उन्होंने कहा था कि जीन एडिटिंग के कारण भविष्य में कोई नस्ल 'जेनेटिकली मोडीफाइड एलीट' बन सकती है, जो बाकी पर हावी हो सकती है। अगले एक दशक के भीतर ही इस प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग की आशंका के असर का आकलन किया जा रहा है, यह अलग बात है कि वैज्ञानिक इसकी काट में लगे हुए हैं। गुणसूत्रों या जीन में हेरफेर करके कैंसर और कुछ दूसरी लाइलाज बीमारियों से निजात पाने का रास्ता तलाशने की वर्तमान प्रकिया निकट भविष्य में संसार के कई देशों को और फिर समूचे संसार को अगले एक दशक भीतर ही खतरनाक मोड़ पर लाकर खड़ा कर सकती है। हालिया शोध और विकास की पड़ताल से पता चलता है कि इस दिशा में हो रही सकारात्मक प्रगति के साथ साथ कुछ नकारात्मकक ताकतें भी सक्रिय हैं, वे इस तकनीक का दुरुपयोग कर सकती हैं। अमेरिका और ब्रिटेन, जहां अनुवांशिकी और जीन संपादन या कहें जेनेटिक इंजीनियरिंग पर गहन काम हो रहा है, वहां के वैज्ञानिक अब खुले आम यह कहने लगे हैं कि कुछ वैज्ञानिक निहित स्वार्थों के तहत तो कुछ दुष्ट देशों के चंगुल में फंसकर अनुवांशिक अभियांत्रिकी अथवा जेनेटिक इंजीनियरिंग की तकनीकि के साथ ऐसे प्रयोग में लगे हैं जिसके नतीजे घातक हो सकते हैं। विज्ञान की नैतिकता और देश के कानून के दायरे से बाहर जाकर काम कर रहे ये वैज्ञानिक आने वाले एक दशक में मानवता के लिये बेहद भयावह समस्या खड़ी कर सकते हैं। अमेरिकन एसोसिएशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ साइंस की यह चिंता वाजिब है कि यह न सिर्फ अनुवांशिकी और चिकित्सा के क्षेत्र के लिए बहुत नुकसानदेह है, वरन संपूर्ण मानवता को संकट में डालने वाला है, जीन एडिटिंग पर किये जाने वाले कार्यों को सरकार के कठोर नियंत्रण में होना चाहिए। जीन अभियांत्रिकी के क्षेत्र में बीते कुछ बरसों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिसके बहुत से फायदे भी हमें मिलने लगे हैं या मिलने वाले हैं। मसलन इस नई तकनीक का सहारा लेकर आज वैज्ञानिक पहले से बहुत ज्यादा आसानी से, कम समय में और बेहद सटीक तरीके से गुणसूत्रों का कुशल संपादन कर सकते हैं। जेनेटिक इंजीनियरिंग के जरिए निकट भविष्य में ही सिस्टिक फाइब्रोसिस अथवा कई तरह के कैंसर का इलाज बेहद सरल हो जाने वाला है। इस तकनीकि में स्मृतिभ्रंश अथवा अलज़ाइमर, एचआईवी और ब्लड कैंसर या बीटा थैलेसेमिया जैसे रोगों से निजात दिलाने की खूबी है। इससे ऐसे बैक्टीरिया बनाये जा रहे हैं जो वातावरण से कार्बन डाईआक्साइड सोखकर ग्लोबल वार्मिंग से मुक्ति दिलाएंगे, साथ ही ये बतौर ईंधन भी इस्तेमाल होंगे और इनसे रोगों को दूर करने वाले टीके भी बनाए जाएंगे। इस तकनीकि से मानव शरीर के खराब अंगों को जानवरों के अंगों से बदला जा सकेगा और अंग प्रत्यारोपण के लिए सही अंगों का निर्माण निजी प्रयोगशालाओं में हो सकेगा। निजी कंपनियां करीब 40 फीसदी मानव अंगों को पेटेंट करा भी चुकी हैं। जिस तरह कारपोरेट इस क्षेत्र में निवेश को उतावला है, उसे देखते हुए शोधकर्ताओं को इस क्षेत्र में हर कदम पर खतरा सूंघकर आगे बढना होगा ताकि उनके प्रायोगिक निष्कर्षों और प्रक्रियाओं का गलत लाभ ऐसे वैज्ञानिक न उठा सकें जिनके तार दुष्ट देशों या संगठनों से जुड़े हैं। जेनेटिक अभियांत्रिकी फिलहाल एक खुला क्षेत्र है। इस पर सरकारी नियंत्रण बहुत कम है। इधर इस क्षेत्र के तीव्र विकास में निजी क्षेत्र का भी बहुत योगदान सामने आया है। ऐसे में कुछ कारपोरेट के खरीदे हुए वैज्ञानिकों ने तरह तरह के पेटेंट करवाकर इससे अरबों डॉलर का व्यवसाय बना दिया है। कमजोर नियंत्रण और इस तरह के विकास और बाज़ार के प्रवेश ने इसे भविष्य के वैश्विक संकट बनने की सहूलियतें प्रदान कर दी हैं। इसलिए भविष्य में जीन अभियांत्रिकी दोधारी तलवार बन सकती है। यह एक हथौड़े की तरह है, जो हत्यारे के हाथ में हथियार, कलाकार के हाथ में औज़ार और किसी जज के हाथ में व्यवस्था स्थापित करने का प्रतीक बन सकता है।



## गीता सार

**ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा कूटस्थो विजितेन्द्रियः ।**
**युक्त इत्युच्यते योगी समलोष्टाश्मकांचनः ॥**

**भावार्थ :**

ऐसा मनुष्य स्थिर चित्त वाला और इन्द्रियों को वश में करके, परमात्मा के ज्ञान द्वारा परमात्मा को प्राप्त करके, पूर्ण सन्तुष्ट रहता है, ऐसे परमात्मा को प्राप्त हुए मनुष्य के लिए मिट्टी, पत्थर और सोना एक समान होते हैं। (८)

## बोले तो...



कांग्रेस ने आंबेडकर का अंतिम संस्कार दिल्ली में नहीं होने दिया था। इस पुरानी पार्टी ने भारतीय संविधान के निर्माता का स्मारक बनाने से मना कर दिया था। इन्हीं लोगों ने बाबा साहब आंबेडकर को चुनाव हारने दिया। उनके 'महा परिनिर्वाण' के बाद स्मारक भी नहीं बनने दिया।

- योगी आदित्यनाथ



मुर्शिदाबाद जिले में ही हिंदू समुदाय की 86 से ज्यादा दुकानों और मकानों में लूटपाट और तोड़फोड़ हुई है। ऐसी ही घटनाएं माल्दा, नादिया और दक्षिण 24 परगना में हुई हैं। यहां बार-बार सांप्रदायिक दंगे हो रहे हैं। विपक्षी नेताओं को हिंसा प्रभावित इलाकों में जाने नहीं दिया जा रहा।

- ज्योतिर्मय सिंह महतो



हम दिखावटी तौर पर लोकतंत्र की जननी हैं, लेकिन असल में आप तानाशाही के जनक हैं। वे (भाजपा) हिंदू-मुस्लिम एजेंडे पर अपनी राजनीति करना चाहते हैं और विपक्ष को खत्म करना चाहते हैं। कब्जे के नोटिस का उद्देश्य अखबार की संपत्तियों को अपने कब्जे में लेना है।

- कपिल सिब्बल

## कुछ अलग | अजब गजब

# पेड़ पर 'लैंड' हो गई कार, नज़ारा देख ड्राइवर को ढूंढ रहे लोग, पूछने लगे-'भाई किया कैसे?'

सोशल मीडिया और इंटरनेट के ज़माने में कब और क्या वायरल हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता है। हम ऐसी-ऐसी चीज़ें देख लेते हैं, जो पहले कभी सोची भी नहीं होती हैं। एक ऐसा ही वीडियो इस वक्त वायरल हो रहा है, जिसमें आप देखेंगे कि एक कार ऐसी जगह पर लटकी हुई है, जहां इसके पहुंचने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पेड़ के ऊपर लटकी हुई कार की तस्वीर देखने के बाद आपको ये एआई या एडिटिंग का कमाल लग सकता है लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। ये बिल्कुल असली तस्वीर है, तो भला ऐसा काम किया किसने है? जो भी ये नज़ारा देख रहा है, वो थोड़ी देर के लिए सोच में पड़ जा रहा है कि कार आखिर यहां तक पहुंची कैसे होगी?

**पेड़ पर पार्क हो गई कार**

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक हरे-भरे पेड़ के ऊपरी हिस्से में एक कार लटकी हुई है। इस तरह से कार वहां पर अटकी है कि आप देखकर समझेंगे कि इसे वहां पर सेट किया गया है। आसपास



के लोगों ने इस नज़ारे के आसपास भीड़ लगा रखी है और वे इसे लेकर आपस में बातें कर रहे हैं क्योंकि अगर कहीं ये पेड़ से नीचे की तरफ गिरती है, तो सीधा ज़मीन पर आ जाती है और इसमें अगर कोई सवार होता, तो उसके बचने की संभावना ही खत्म हो जाती। ये कोई एक्सीडेंट है या फिर जान-बूझकर तैयार किया या नज़ारा, इसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है।

**लोगों के मज़ेदार कमेंट**

इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर ankurprajapati600 नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है। इसे 2 दिन पहले ही शेयर किया गया है लेकिन अब तक 28 लाख से भी ज्यादा लोग देख चुके हैं, जबकि बहुत से लोगों ने पसंद भी किया है। इतना ही नहीं बहुत से लोगों ने इस पर कमेंट भी किया है। एक यूज़र ने लिखा-किसने बनाया ये मुजस्समा? वहीं एक अन्य यूज़र का कहना था-'ये पापा की परी का कमाल है।'

## पाठक पाती

### भय और प्रलोभन जीवन को नर्क में धकेलने के तत्व

भय और प्रलोभन ऐसे शब्द है, जिससे आदमी का जीवन बदतर हो सकता है। लालच में आकर मतांतर नहीं करने की सलाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुजरात के वलसाड में महादेव मंदिर की रजत जयंती समारोह में उच्चारण किए। किसी भी व्यक्ति को बड़ी रकम या लालच के रूप में धन की अपील कर मतांतर कराने के लिए आज भी ताकते सक्रिय है। हम अपने विचार पर अडिग रहें। धर्म से कोई बड़ा नहीं है। रोजमर्रा में हमे प्रलोभन का सामना करना पड़ सकता है। यह हमें धर्म से दूर कर सकते है। मोहन भागवत में एक समारोह में कहा कि यह हमें दूर ले जा सकती है। अपनी ताकत को पहचानना है। लोगों को लालच में आकर मतांतर नहीं करना चाहिए। यह नरक समान है। भागवत ने कहा कि हम एकजुट होना चाहते हैं और एकजुट होना जानते हैं। लेकिन हम लड़ना कतई नहीं चाहते हैं। मतांतर किसी लालच का हिस्सा नहीं बनना चाहिए। आज भी धर्म विरुद्ध भड़काने और प्रलोभन देने वाले पग-पग पर तैयार हैं। अपने विवेक का प्रयोग करना चाहिए।

- कांतिलाल मांडोत, सूरत

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

### गर्मी को देखते हुए वन विभाग अलर्ट मोड पर

# पैंथर व हिरण के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था की



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। गर्मी के मौसम में जिसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। वो है पीने के लिए पानी। जी, हां ना केवल आमजन को, बल्कि जीव—जंतुओं को भी पानी की महत्ती आवश्यकता है। झुंझुनूं जिले में स्थित पांच कंर्जेवेशन रिजर्व जगहों में से दो जगहों पर पैंथर रहते है। तो एक जगह पर काले हिरण और चिंकारा रहते है। इनके लिए वन विभाग ने भी पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए पूरा प्लान तैयार कर लिया है। ताकि कोई भी जीव पानी से ना मरें और ना ही भटके। झुंझुनूं डीएफओ उमदाराम सियोल ने बताया कि झुंझुनूं जिले में बांसियाल, बागोर, मनसा माता तथा बीड़ चार कंर्जेवेशन रिजर्व है। जबकि शाकंभरी कंर्जेवेशन रिजर्व झुंझुनूं और सीकर में है। इनमें से बांसियाल बागोर तथा मनसा माता कंर्जेवेशन रिजर्व में कुल 13 पैंथर है। वहीं झुंझुनूं की बीड़ कंजर्वेशन रिजर्व में 62 काले हिरण और 24 चिंकारा मौजूद हैं। इन सभी को गर्मी के मौसम में पर्याप्त पानी मिले। इसके लिए सभी वॉटर हॉल्स पूरी तरह से व्यवस्थित करवा दिए गए है। वहीं इनमें नियमित पानी आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभागीय टीम लगाई है। जो इन वॉटर हॉल्स की मॉनेटरिंग करते है। सियोल ने बताया कि पानी के लिए ना ही तो किसी वन्य जीव को भटकना पड़ेगा और ना ही प्यास से किसी की जान जाएगी। डीएफओ उमदाराम सियोल ने बताया कि बांसियाल में छह और मनसा माता कंर्जेवेशन रिजर्व में सात पैंथर छोड़े गए थे। संभावना है कि इनका कुनबा बढा है। हालांकि नए आंकड़े तो वन्य जीव गणना के वक्त आएंगे। लेकिन हमारा फिलहाल टारगेट यही है कि गर्मी के कारण ना तो पैंथर को, ना ही हिरणों को और ना ही किसी अन्य वन्य जीव को भटकना पड़े। साथ ही इनके खाने को लेकर भी अभी तक कोई समस्या सामने नहीं आई है। खासकर पैंथर को पहाड़ी में ही अन्य जानवर मिल जाते है। उन्होंने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही वन विभाग ने गश्त और जल प्रबंधन के इंतजामों को और बढ़ा दिया है, ताकि वन्यजीवों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इन सभी की देखभाल के लिए विभाग की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं और वाटरहॉल्स की स्थिति की निगरानी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि बीड़ रिजर्व में धामन घास की पर्याप्त मात्रा है, जिसका हिरण और चिंकारा सेवन कर रहे हैं।

**नलकूप व टैंकरों के जरिए व्यवस्था :** अप्रैल का महीना है और पारा 40 से उपर चल रहा है। इस प्रचंड गर्मी में हर कोई हलकान है। ऐसे में वन विभाग की पूर्व तैयारियां वन्य जीवों के लिए वरदान साबित हो रहा है। वन विभाग द्वारा कंजर्वेशन रिजर्व में पैंथर, हिरणों और चिंकारा सहित अन्य वन्य जीवों के लिए जो जगह जगह वाटरहॉल बनाए हैं, जिनमें नलकूप और टैंकरों के जरिए नियमित पानी की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही, छायादार आश्रय स्थल भी तैयार किए गए हैं ताकि जानवरों को तपती धूप से राहत मिल सके।

# अन्नदान योजना के अंतर्गत 100 परिवारों को राशन वितरण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** श्री बिहारी लाल जैन चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता, बैंगलोर की ओर से संचालित मासिक अन्नदान योजना के अंतर्गत रविवार को 100 परिवारों को राशन भेंट किया गया। अप्रैल माह के इस सेवा कार्य का आगाज श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष अमरचंद कोठारी, मंत्री विनोद कोचर तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष प्रमोद दूगड़ व सन्दीप घोड़ावत, विजय सिंह कोचर, नवीन सेठिया के साथ इंदौर से आई हुई रीना रजत जैन ने किया। इस अवसर पर अमरचंद कोठारी ने कहा कि दान सहयोग जैन धर्म के अपरिग्रह का एक रूप है। बैंगलोर प्रवासी ख्यातिप्राप्त समाजसेवी मुरारीलाल सरावगी जन्मभूमि क्षेत्र में जो सेवा कार्य करवा रहे हैं वह अनुकरणीय हैं। विशेष रूप से राशन सहयोग सबसे विशिष्ट है। उन्होंने तेरा पंथ धर्म संघ के प्रमुख श्रावक तथा आचार्य तुलसी के अन्यंन भक्त स्व. बिहारी लाल जैन की समाज सेवा का भी उल्लेख किया व कहा कि पिता के सिद्धांतों के अनुरूप मुरारी लाल सरावगी निष्काम सेवा कार्य कर रहे हैं। विनोद कोचर ने कहा कि अन्नदान कार्य 5 साल से यह कार्य अबाध गति से चल रहा है। यह सम्भवत: चुरू जिले व शेखावाटी क्षेत्र में एक अलग प्रकार का सेवा कार्य है। इससे जरूरतमंद लोगों के परिवार पल रहा है। ट्रस्ट प्रतिनिधि समाजसेवी वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक परिवार को 15 किलो आटा, 2 किलो चीनी, 1 लीटर तेल, 1 किलो दाल, डेढ़ किलो चावल, 400-400 ग्राम मिर्च मसले और चाय पत्ती तथा नमक प्रदान किया जाता है। इसके अलावा कुछ परिवारों को सब्जी तथा दूध भी दिलवाया जाता है। कार्यक्रम में महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष प्रमुख समाजसेविका सरोज जैन, लोकेश बैरासारिया, स्नेहा गोयल ने भी भागीदारी निभाई।

## न्यूज ब्रीफ

### जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आज होगा आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राज्य सरकार के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार, आज जिलेभर में 'आयुष्मान आरोग्य शिविरों' का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर आयुष्मान भारत हेल्थ वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के अंतर्गत आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में शुरू की गई योजना की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आमजन को सुलभ, नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सीएमएचओ डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में रोगियों का पंजीकरण किया जाएगा। हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी जैसे रोगों की स्क्रीनिंग होगी। नागरिकों के लिए 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के अंतर्गत 'आभा आईड' बनाई जाएगी। विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आवश्यक दवाइयां और जांचें नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। ज़रूरत होने पर टेली-कंसल्टेशन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की परामर्श सेवाएं दी जाएंगी। योग सत्रों का भी आयोजन होगा। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य यानी मा योजना में पंजीकरण किया जाएगा।आमजन और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों की रिपोर्टिंग एवं फोटोग्राफ 'आयुष्मान भारत आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल' पर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाए।

### वैद्य मघाराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदरासर में निर्मित जल मंदिर का उद्घाटन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** उपखंड गांव उदरासर के दलीप कुमार पंचारिया, देदाराम पंचारिया द्वारा निर्मित जल मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामवासियों, विद्यालय की व्याख्याता सुषमा सैन व स्टाफ द्वारा विधायक सारस्वत का भव्य स्वागत किया। विधायक के निजी सहायक सुधीर व्यास ने बताया कि विधायक सारस्वत ने कहा कि छात्र शक्ति को ही राष्ट्र की शक्ति कहा जाता है विद्या एक ऐसा धन है, जिसकी कभी भी लूट नहीं हो सकती पढ़ाई में कभी चूक न करें, क्योंकि इसी के आधार पर संसार के सामने आपके अस्तित्व का निर्माण होता है। सफलता के लिए मेहनत और लगन बहुत जरूरी है, बिना इनके सफलता का रास्ता कठिन होता है। शिक्षा एक ऐसा साधन है जिससे व्यक्ति बहुत बड़ा मुकाम हासिल कर सकता है। साथ ही विद्यालय का नामांकन देखकर विधायक ने स्टाफ की कार्य कुशलता को सराहनीय बताया। उन्होंने बच्चों से कहा शिक्षा के साथ साथ खेलकूद भी जीवन का अभिन्न अंग है।

### राष्ट्र की प्रगति में सभी योगदान देकर राष्ट्र को खुशहाल व मजबूत बनाएं : न्यौल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व प्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहां की राष्ट्र की प्रगति में सभी देशवासी योगदान देकर देश को खुशहाल व मजबूत बनाएं। विरासत से विकास तक की यात्रा में देश की एकता अखंडता को अक्षुण्ण बनाएं रखने से ही सांप्रदायिक सौहार्द कायम रहेगा। देश को बांटने व तोड़ने वाली ताकतों से सावधान रहे। इस मौके पर रामेश्वर लाल नायक, हरिराम न्यौल, दुलाराम मेघवाल, किशनाराम बाबल, विनोद सैनी, श्रवण बसेर, शेराराम रोलन, लिछमण मेघवाल, ओमप्रकाश जांगिड़, श्यामलाल नागवान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नरेगा श्रमिकों के कार्य का समय परिवर्तित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यरत श्रमिकों का कार्य समय 16 अप्रैल से आगामी आदेशों तक प्रात: 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक (विश्राम काल रहित) किया गया है। जिला कलक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि यदि कोई श्रमिक समूह से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह किये गये कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में इन्द्राज करवाने एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के उपरान्त कार्य स्थल छोड़ सकता है।

### पक्षियों के लिए लगाए परिंडे, नियमित पानी डालने की भी ली जिम्मेदारी

**नवलगढ़।** टोंक छिलरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्टाफ द्वारा विद्यालय में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए। संस्था प्रधान संजू नेहरा ने बताया कि विद्यार्थियों में जीवों के प्रति प्रेम व सहानुभूति के भाव जागृत करने की जरूरत है। परिंडे बांधने जैसे अभियान के जरिए हम विद्यार्थियों को ऐसे जीवंत उदाहरण दे सकते है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में इस समय पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते हुए परिंडे बांधे गए व विद्यार्थियों को नियमित रूप से उनमें साफ सफाई कर पानी भरने की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर उप प्राचार्या मोनिका, व्याख्याता संदीप कुमार, वरिष्ठ अध्यापक महावीरप्रसाद सैनी, ताराचंद डूडी, रामलखन सैनी, अध्यापक जीवनराम, रमेशचंद्र शर्मा, लक्ष्मणराम, अमन कुमार, कुलदीप सिंह शारीरिक शिक्षक, कंप्यूटर अनुदेशक मनोज कुलदीप, संदीप कुमार वरिष्ठ सहायक, पंचायत सहायक शर्मिला, सुमन शर्मा सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### गणेश सैनी को महात्मा ज्योतिबा फुले सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बड़ागांव।** महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान विद्याधर नगर (जयपुर) में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बड़ागांव के युवा पत्रकार गणेश सैनी को राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी, पिलानी विधायक पितराम सिंह काला, चौमूं विधायक शिखा मील बराला, धौलपुर शोभा रानी कुशवाहा, चौमूं पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी एवं सैनी समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुभव चंदेल आदि ने महात्मा ज्योतिबा फुले सम्मान 2025 अवार्ड से नवाजा गया।

# राधा कृष्ण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के तहत धूमधाम से निकाली शोभायात्रा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राधा कृष्ण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत नई सड़क से नया बास स्थित शिव मंदिर तक महिलाओं ने शोभायात्रा धूमधाम से निकाली। आयोजक कपिल रक्षक ने बताया कि राधा कृष्ण की मूर्तियों को भव्य शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण करवाया गया। शोभायात्रा में शिव पार्वती, हनुमान जी की सजीव झांकी व राधा कृष्ण की झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा का नयाबास से वापिस राधाकृष्ण मंदिर तक पहुंची। धर्म प्रेमी महिलाओं ने 111 कलशो के साथ। शोभा यात्रा में सहभागिता निभाई। आयोजकीय भूमिका में संजय रक्षक, विमला गढ़वाल, सीमा पवार,रतनी सोनी, शंकर जालुका, अमर सिंह भाटी, राजेश रक्षक, लिखमीचन्द प्रजापत, श्यामलाल रक्षक, राजेंद्र रक्षक अमित शर्मा, दीपक रक्षक अनिल पाठक, राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। प्राण-प्रतिष्ठा में पांडित्य कार्य रवि प्रकाश शर्मा, शिवरतन शर्मा, विनोद शर्मा, सुनील शर्मा, खगेन्द्र शर्मा, सचिन शर्मा, आदि विद्वान पंडितो की ओर से किया गया। मंदिर में 14 अप्रैल को सोमवार सुबह 10:00 बजे को मंदिर में मूर्ति स्थापित की जाएगी।

# नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का सफल समापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में बजाज परिवार मुंबई के सौजन्य से बजाज आई हॉस्पिटल, चूरू में आयोजित नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का सफल समापन हुआ। पूर्व सचिव पुनीत लाटा ने बताया शिविर में प्रान्त प्रतिनिधि निरंजन चोटिया व शिविर प्रभारी मदन सिंह राठौड़ के देखरेख में डॉ. सुरेश गुप्ता द्वारा रोगियों की आंखों की जांच करके फेको पदत्ति से मोतियाबिंद के ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। शिविर के दौरान भारत विकास परिषद् के संरक्षक श्याम सुंदर पारीक ने शिविर का अवलोकन किया एवम् रोगियों को ऑपरेशन पश्चात दी जाने वाली दवाई की किट वितरित करते हुए भामाशाहों व हॉस्पिटल के ट्रस्टी श्याम सुन्दर बजाज, सभी परिषद सदस्यों, स्वयंसेवकों व हॉस्पिटल स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर परिषद् सदस्य निरंजन वर्मा, हुकम चन्द गौड़, देवेंद्र चंदेल, सुरेंद्र ग्रोवर, सचिव संदीप शर्मा ने महत्वपूर्ण प्रबंधकीय भूमिका निभाई।

# शिविर में 90 युवाओं ने किया रक्तदान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** दीपक सैनी की 9वीं पुण्यस्मृति पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रतननगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें दीपक सैनी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में निर्मल सेन, राजेंद्र धरेंद्रा, बनवारी सेनी, महेश सैनी, नन्दलाल सैनी, पवन सैनी, बाली सिंह, अजीत सिंह, कुलदीप सैनी, अमन जाट, पवन यादव, गौरव शर्मा, सम्पत तंवर, मकसूद खान, जाकिर खान, सुभाष सैनी, जितेंद्र सैनी, धर्मपाल सैनी, गोपाल बालन आदि सहित अनेको युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में रतन नगर एव आस पास के गांवों से युवाओं साथियों ने मिलकर 90 यूनिट रक्तदान किया गया।

# श्याम अखंड ज्योत पाठ का 11वां उत्सव धूमधाम से मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** श्रीश्याम अखंड ज्योत पाठ समिति चूरू की ओर से रविवार को नागवानों के नोहरे में श्याम अखंड ज्योत पाठ का 11वां भव्य उत्सव फटकारो मोरछड़ी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा श्याम की ज्योत प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई। राघव चौधरी व कृष्णा चौधरी ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान कोलकाता के पाठ वाचक विनोद ने अखंड ज्योत है अपार माया श्याम देव की प्रबल छाया सहित अनेक भजनों के माध्यम से संगीतमय पाठ का वाचन किया। इस अवसर पर बाबा श्याम के दरबार का ड्राई फ्रूट व विशेष प्रकार के फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम में इत्र वर्षा, अखंड ज्योत व छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। श्याम पाठ में प्रसंग के दौरान शिव आराधना, बारात स्वागत, भीम विवाह, कन्यादान, श्याम जन्मोत्सव की नृत्य नाटिकाएं सभी के आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ समिति के पदाधिकारी व श्याम प्रेमी मौजूद थे।

# हजारों प्रतिभाओं ने राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में दिखाया दम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** चौमूं की सरजमीं आज एक ऐतिहासिक शैक्षिक आयोजन की साक्षी बनी, जब न्यू टारगेट साइंस पॉइंट द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा प्री नीट 2025 में प्रदेश भर से हजारों विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता की सुबह कुछ खास थी। चौमूं स्थित टारगेट एजु हब परिसर में सुबह से ही विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का सैलाब उमड़ पड़ा। ऐसा लगा मानो चौमूं शिक्षा का तीर्थ बन गया हो। आठवीं, दसवीं और 12वीं बायोलॉजी विषय के छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में भाग लेने पहुंचे, और हर चेहरे पर था आत्मविश्वास और उम्मीदों की चमक।

**राज्य भर से ऐतिहासिक भागीदारी :** इस प्रतियोगिता की सबसे खास बात रही इसका राज्यव्यापी स्वरूप। हरियाणा, अजमेर, नागौर, सीकर, दौसा, चूरू, हनुमानगढ़, कोटपूतली, करौली, सवाई माधोपुर, कुचामन, दूदू सहित अनेक जिलों से हजारों विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर इसे सिर्फ एक परीक्षा नहीं, बल्कि प्रतिभा का महाकुंभ बना दिया।

**परीक्षा का स्तर और निष्पक्षता की मिसाल :** आठवीं और दसवीं के छात्रों के लिए परीक्षा उनके कक्षा स्तर पर आधारित रही, जबकि 12वीं बायो के लिए पेपर हृश्वश्वञ्ज पैटर्न पर तैयार किया गया। निष्पक्षता, पारदर्शिता और कड़ाई के साथ परीक्षा संचालन ने टारगेट की विश्वसनीयता को और मजबूत किया है।

**पुरस्कार नहीं, प्रोत्साहन है उद्देश्य :** परीक्षा में टॉप करने वाले 100 विद्यार्थियों को मोटरसाइकिल, लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्ट वॉच, साइकिल, टी-शर्ट, शील्ड, और प्रशस्ति पत्र के साथ छात्रवृत्तियां दी जाएंगी। ये केवल इनाम नहीं, भविष्य के लिए हौसला है। टारगेट संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए नि:शुल्क बस सेवा, विद्यार्थियों के लिए ठंडे पेय और अभिभावकों के लिए अल्पाहार की उत्तम व्यवस्था की गई। यह सिर्फ एक शैक्षणिक परीक्षा नहीं थी, यह एक व्यवस्थित और सुसंस्कृत आयोजन था। संस्था के निदेशक अशोक गोरा ने इस अभूतपूर्व आयोजन के लिए समर्पित टीम, विद्यार्थियों और अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज टारगेट एजु हब के प्रांगण में जो उत्साह, ऊर्जा और उमंग देखने को मिली, वह हमारे लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। राज्य भर से आए होनहार विद्यार्थियों का यह सैलाब न केवल हमारी मेहनत का प्रमाण है, बल्कि यह दर्शाता है कि हमारे देश का भविष्य कितना उज्ज्वल है।

# ग्रन्थमाला का प्रथम पुष्प रक्षामंत्री को किया भेंट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल भारत वर्षीय धर्म संघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर सप्तर्षि मिश्र ने भारत के यशस्वी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उन्होंने रक्षामंत्री को अखिल भारत वर्षीय धर्म संघ के संस्थापक धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महाराज एवं धर्म संघ विश्व विद्यालय, गुरुकुल ब्रह्मचर्याश्रम (चूरू राजस्थान) के संस्थापक स्वामी शिवानन्द सरस्वती जी महाराज की स्मृति में काशी की पावन धरा धर्म संघ दुर्गाकुण्ड परिसर में आयोजित एकादश कुण्डीय शिव -शक्ति महायज्ञ का प्रसाद के साथ स्वामी श्री शिवानन्द सरस्वती के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाशित ग्रन्थमाला का प्रथम पुष्प भेंट किया। डॉ मिश्र ने राजस्थान के चूरू जिला मुख्यालय पर संचालित धर्म संघ विश्व विद्यालय गुरुकुल ब्रह्मचर्याश्रम की संचालन सम्बन्धी जानकारी रक्षामंत्री जी को दी। डॉ सप्तर्षि मिश्र ने धर्म संघ विश्व विद्यालय गुरुकुल ब्रह्मचर्याश्रम चूरू के स्नातकों द्वारा आयोजित किए जाने वाले आगामी कार्तिक मास में गंगा तट ऋषिकेश में यज्ञानुष्ठान का निमंत्रण भी दिया।

# जोधपुर : स्कूटर से उतारकर युवक को पीटा

## ▸▸ बोला-पुलिस ने प्राइवेट पार्ट पर मारा, शराब के छींटे दिए



**जोधपुर।** जोधपुर में पुलिस कर्मियों की अमानवीयता का मामला डांगियावास थाने में सामने आया है। यहां पर गाय पालन कर परिवार चलाने वाले पंजाब के एक सरदार के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की। बाद में उसके विरोध करने पर उसे थाने लाकर बंद कर दिया गया। इन सभी ने मिलकर उसे स्कूटर से नीचे गिरा दिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। बाद में उसका अपहरण कर अपनी कार में डाल दिया। जबकि उसके साथ चल रहे राजेश को स्कूटर पर पीछे छोड़ दिया। बाद में करीब डेढ़ घंटे तक कार में अपने साथ घूमते रहे और कार में ही बुरी तरह से मारपीट की। उसकी जेब में रखे 26 हजार 700 थे वह भी निकाल लिए और उसे जान से मारने की धमकियां दी। करीब 10:30 बजे यहां से उसे कुड़ी थाने लेकर गए जहां उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया जिसमें उसके कपड़े उतार कर नंगा कर दिया और जमीन पर पटक दिया। जिसमें दिनेश नाम का व्यक्ति जो सिविल कपड़ों में पुलिसकर्मी था वह उसके पैरों पर बैठ गया और उसके प्राइवेट पार्ट पर बेसबॉल का डंडा डालने की कोशिश भी की। इसकी वजह से उसका प्राइवेट पार्ट पर चोट लग गई। इस दौरान साथ में खड़े एक व्यक्ति ने कहा कि इस तरह से मामला बिगड़ जाएगा तब दिनेश ने डंडा हटा लिया इस दौरान मौके पर चैनाराम नाम का एक व्यक्ति जो सिविल कपड़ों में था उसने बूट पहने हुए उसकी कमर पर खड़ा हो गया और एक एएसआई शिवराज जो वर्दी में था उसने उसके ऊपर शराब के छींटे मारे और कहा कि आप महाराज हो आपका धर्म भ्रष्ट कर दूंगा।

### गाली गलौज कर बाइक रुकवाई

थाने में दी रिपोर्ट में खुशवंत सिंह पुत्र हरजिंदर सिंह पंजाबी राजपूत निवासी अनूपगढ़ ने बताया कि वह वर्तमान में कानावास पाना तहसील मंडोर में पशुपालन का काम करता है। सात अप्रैल को सुबह 8:30 बजे वह और उसके साथ राजेश घायल जो पशुपालन का काम करते हैं दोनों स्कूटर लेकर देवलिया की तरफ जा रहे थे। जब वह जालेली पहुंचे इतनी ही देर में उनकी बाइक का पीछा करते हुए दो व्यक्ति आए, जिनमें एक का नाम सुनील पुत्र भंवरलाल बाबल वह एक अन्य था।

# सिवाना में तीन साल पुरानी चोरी का खुलासा



**बालोतरा।** सिवाना पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित था। मामला सात अगस्त 2022 का है। पीड़ित आम्ब सिंह के घर से अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल और सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए थे। पीड़ित ने 11 अगस्त को सिवाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। थानाधिकारी दिनेश डांगी के मुताबिक, पुलिस ने विशेष टीम बनाकर जांच शुरू की। तकनीकी और परंपरागत तरीकों से जांच के बाद मुख्य आरोपी सोमरनाथ को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। सोमरनाथ रामदेव कॉलोनी के भालनाथ की ढाणी का रहने वाला है।

# शराब ठेके में तोड़फोड़ का मामला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** सिणधरी पुलिस ने शराब ठेके में तोड़फोड़ मामले में ऑपरेशन शिकंजा के तहत चार महीने से फरार चल रहे आरोपी गोसाईराम को गिरफ्तार किया है। मामला कौशलू गांव के सरकारी शराब ठेके का है। पूर्व ठेकेदार भानाराम पोटलिया ने 2024 में जानबूझकर ठेका नहीं लिया। उनका मकसद अवैध शराब का धंधा करना था। भानाराम की धमकियों के चलते काफी समय तक ठेका खाली रहा। सात महीने बाद आबकारी विभाग ने नया ठेका आवंटित किया। इससे नाराज होकर भानाराम ने आठ-10 साथियों के साथ नए ठेकेदार पर हमला कर दिया। उन्होंने ठेके में तोड़फोड़ और मारपीट की। इस घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। एसपी हरि शंकर के निर्देश पर सिणधरी थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीमें बनाई गईं। शुरुआती कार्रवाई में दो आरोपी पकड़े गए। मुख्य आरोपी भानाराम और अन्य साथी फरार थे। पुलिस ने कई जगहों पर दबिश दी। जनवरी के पहले सप्ताह में आरोपियों ने दोबारा शराब ठेके पर हमला किया। सिणधरी थाने में नया केस दर्ज हुआ। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी। अब पुलिस ने पनोणी धतरवालों की ढाणी, सडेचा, निंबलकोट आरजीटी निवासी गोसाईराम को गिरफ्तार कर लिया है।



## ▸▸ चार महीने से फरार आरोपी गिरफ्तार

# बाड़मेर में पारा चढ़ा, पहुंचा 40 डिग्री पार

## ▸▸ रुक-रुककर हवा का दौर जारी



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले में अप्रैल के फर्स्ट वीक में हीटवेव शुरू हुई। लेकिन दो दिन पहले पश्चिम विक्षोभ एक्टिव होने के बाद जोधपुर संभाग में कई जगह पर बारिश हुई। इससे बाड़मेर में गर्मी से राहत मिली। तापमान भी 40 डिग्री के करीब चल रहा है। दरअसल, बाड़मेर में अप्रैल के फर्स्ट वीक से गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इस सीजन अब तक अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री तक पहुंच गया था। लेकिन नौ अप्रैल के बाद से लगातार तापमान गिर रहा है। फिलहाल तापमान 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है। वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के आसपास चल रहा है।

▪ पांच दिनों का तापमान

अधिकतम तापमान (सेल्सियस)
न्यूनतम तापमान (सेल्सियस)

| | | |
|---|---|---|
| 8 अप्रैल | 46.4 | 31.5 |
| 9 अप्रैल | 44.3 | 27.9 |
| 10 अप्रैल | 41.6 | 25.8 |
| 11 अप्रैल | 39.6 | 26.2 |
| 12 अप्रैल | 40.7 | 27.8 |

रविवार को लू व गर्मी का असर बीते दिनों की अपेक्षा थोड़ा कम है।

# मां की याद में छात्रावास को दी राशि

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रामदेवरा।** रामदेवरा में स्व. समंदर कंवर के चार बेटों ने अपनी माता की स्मृति में आयोजित पाग दस्तूर कार्यक्रम के बीच बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राजपूत कन्या छात्रावास के निर्माण में दो लाख 25 हजार रुपए का योगदान दिया। पदमसिंह, प्रयागसिंह, देवीसिंह और नारायण सिंह ने यह अनोखी पहल की। क्षत्रिय विकास सेवा समिति फलोदी द्वारा निर्माणाधीन छात्रावास के लिए उनके इस योगदान की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इनमें सांवलसिंह बारु, कोषाध्यक्ष सुगनसिंह, अमानसिंह खारा, छैलूसिंह और गादीपतिराव भोमसिंह शामिल थे। किशोरसिंह, पोकरण डिप्टी भवानीसिंह, रामदेवरा सरपंच समंदरसिंह और उपसरपंच खीवसिंह भी उपस्थित रहे।

# बालोत : रातेज गर्मी से निपटने प्रशासन अलर्ट

## ▸▸ कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्थाओं का लिया जायजा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा में बढ़ते तापमान और हीटवेव से निपटने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने कई गांवों का दौरा कर पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने भावगिरी का मीठा, ऊंचिया, मंडावला, दरगुड़ा और हेमें की ढाणी में जल विभाग के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल मिले, यह प्राथमिकता है। जलदाय विभाग अवैध जल कनेक्शन और जल व्यापार पर कार्रवाई कर रहा है। प्रशासन ने पानी की कमी वाले गांवों की पहचान कर ली है। इन क्षेत्रों में टैंकरों से जलापूर्ति की व्यवस्था की गई है। सार्वजनिक टांकों की साफ-सफाई और मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। नए और पुराने हैंडपंप को चालू करने के आदेश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने मंडावला और दरगुड़ा में अवैध खनन स्थलों का भी निरीक्षण किया। दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए और अवैध बजरी स्टॉक को जब्त किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक हरि शंकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बायतु के उपखंड अधिकारी भागीरथ चौधरी ने विभिन्न स्थानों पर पेयजल आपूर्ति का निरीक्षण किया। पचपदरा तहसीलदार गोपी किशन पालीवाल ने भी कई गांवों में पेयजल व्यवस्था और स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा कर हीटवेव से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की।

# नाबालिग रेप पीड़िता ने तेजाब पीकर की आत्महत्या

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में नाबालिग रेप पीड़िता ने घर के बाथरूम में तेजाब पी लिया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आरोपी से लड़की की दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। उसने 10 अप्रैल को नाबालिग को मिलने से घर बुलाया और रेप किया। परिजनों की एफआईआर पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उस पर रेप और सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप है। विवेक विहार थाना पुलिस के अनुसार पीड़िता की मां ने बताया कि करीब चार महीने पहले नाबालिग की दोस्ती आरोपी लड़के से हुई थी। इसके बाद दोनों में बातचीत होने लगी थी। दो दिन पहले नाबालिग सहेली से कॉपी लेने की बात कहकर घर से निकली थी। तीन-चार घंटे बाद वह घर लौटी। उससे जब कॉपी के बारे में पूछताछ की तो उसने कुछ नहीं बताया। संदेह होने पर उससे वापस पूछा तो उसने रेप की जानकारी दी।

# बाइक सवार युवकों ने मारी एक्टिवा को टक्कर

**जोधपुर।** जोधपुर के महामंदिर थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवकों ने एक्टिवा सवार को टक्कर मारी। इसका विरोध करने पर एक्टिवा सवार के साथ मारपीट कर डाली और उसे धमकियां भी दी। इसको लेकर अब रिपोर्ट दी गई है। महामंदिर थाने में सुनीलराम पुत्र नेमाराम जाट निवासी खारिया आनावास पीपाड़ शहर ने रिपोर्ट दी। बताया कि पावटा बी रोड बिश्नोई छात्रावास के पास पांच मार्च को निकल रहा था तभी एक्टिवा सवार युवकों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसके चलते उसे चोटें आई। इसका विरोध करने पर बाइक सवार आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर डाली। इसमें दिनेश, अभिषेक ढाका, संदीप खारा, अनिल जांगू निवासी मानजी का हत्था के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है।

# बालोतरा में ऑपरेशन मदमर्दन में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**बालोतरा।** बालोतरा जिले की डीएसटी टीम और जसोल पुलिस ने ऑपरेशन मदमर्दन के तहत मादक पदार्थ पर संयुक्त बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 44.264 किलोग्राम डोडा-पोस्त, 335 ग्राम अफीम दूध, 1.285 किलो निर्मित अफीम बरामद किया है। साथ मादक पदार्थ से अर्जित 18.68 लाख रुपए जब्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार- सूचना मिली थी कि कस्बा जसोल प्रजापतों का वास में अवैध डोडा-पोस्त की बिक्री हो रही है। इस पर डीएसटी टीम प्रभारी इमरान खान और जसोल थानाधिकारी चन्द्र सिंह मय पुलिस टीमें गांव में दबिश दी। वहां पर लक्ष्मण गिरी के घर के चारों तरफ घेराबंदी की गई। तलाशी लेने पर लक्ष्मण गिरी के घर से 44.264 किलोग्राम डोडा-पोस्त, 335 ग्राम अफीम दूध, 1.285 किलोग्राम अफीम मिला। वहीं मादक पदार्थ की बिक्री से अर्जित 18 लाख 68 हजार 550 रुपए बरामद किए। पुलिस ने लक्ष्मण गिरी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी हरि शंकर ने बताया- आरोपपी लक्ष्मण गिरी पुत्र नरपत गिरी निवासी प्रजापतों का वास जसोल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया।

# व्यापार जगत

## ▸▸ कच्चा तेल चार साल के निचले स्तर पर

# पेट्रोल-डीजल पर खूब कमा रहीं कंपनियां

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसियों के अनुसार मौजूदा समय में तेल कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 12-15 और डीजल पर 6.12 का मुनाफा हो रहा है। रेटिंग एजेंसियों के अनुसार मौजूदा समय में तेल कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 12-15 और डीजल पर 6.12 का मुनाफा हो रहा है। कच्चे तेल की कीमतें चार साल के सबसे निचले स्तर (65.41 डॉलर प्रति बैरल) आ गई हैं। इससे पहले अप्रैल 2021 में दाम 63.40 डॉलर प्रति बैरल थे। इस गिरावट से पेट्रोल-डीजल रिफाइन करने पर होने वाली कमाई ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। रेटिंग एजेंसियों के अनुसार मौजूदा समय में तेल कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 12-15 और डीजल पर 6.12 का मुनाफा हो रहा है।



• तेल कंपनियों की ऐतिहासिक कमाई

**▸▸ कच्चे तेल के दाम 65-75 डॉलर के बीच**

तेल और गैस एक्सपर्ट नरेंद्र तनेजा के मुताबिक, पिछले तीन महीने के अंदर कच्चे तेल के दाम 65-75 डॉलर के बीच में ही रहे हैं। उस आधार पर ही तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) पेट्रोल पर चार और डीजल पर करीब 3.5 प्रति लीटर तक दाम घटाने की स्थिति में हैं। ट्रम्प के टैरिफ वॉर के बाद दुनियाभर में कच्चे तेल के दाम आठ से 10 डॉलर प्रति बैरल तक घट चुके हैं। ऐसे में तेल कंपनियां अगले माह से कटौती करके भी ग्राहकों को राहत दे सकती हैं। वजह यह है कि मौजूदा घटे दामों पर दुनियाभर में भारतीय रिफाइनरीज कंपनियां कच्चे तेल के सौदे कर रही हैं।

2024-25 में राज्य सरकारों का सब्सिडी बिल 4.7 लाख करोड़ रहा। केंद्र की कुल सब्सिडी इस वर्ष 3.81 लाख करोड़ थी। दोनों को मिलाकर देश में कुल सब्सिडी 8.51 लाख करोड़ की रही। इसके एवज में राज्यों को पेट्रोल-डीजल पर टैक्स से 3.2 लाख करोड़ और केंद्र को चार लाख करोड़ मिले। दोनों को मिलाकर कुल कमाई 7.2 लाख करोड़ रही। यानी केंद्र-राज्य सरकारों ने जो सब्सिडी बांटी उसका करीब 85% हिस्सा पेट्रोल-डीजल पर टैक्स लगाकर ही वसूल लिया। केंद्र व राज्य सरकारों के लिए पेट्रोल-डीजल आय का बड़ा जरिया हैं। केंद्र को एक्साइज ड्यूटी, कंपनियों के लाभांश और आयकर से कुल 21.4 लाख करोड़ की कमाई हुई और राज्य सरकारों के वैट और लाभांश में हिस्सेदारी के रूप में 13.6 लाख करोड़ मिले।

# टॉप-10 कंपनियों में से पांच की मार्केट-वैल्यू 84,559 करोड़ बढ़ी

## ▸▸ मार्केट कैप 28,700 करोड़ बढ़कर 5.56 लाख करोड़ पहुंचा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** पिछले हफ्ते के कारोबार में देश की टॉप-10 कंपनियों में से पांच का कंबाइन मार्केट कैपिटलाइजेशन 84,559 करोड़ रुपए बढ़ा है। इनमें हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड यानी HUL को पिछले हफ्ते सबसे ज्यादा फायदा हुआ। इसका मार्केट कैप 28,700 करोड़ गिरकर 5.56 लाख करोड़ पहुंच गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 19,757 करोड़ बढ़कर 16.50 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। ITC का मार्केट कैप 15,329 करोड़ बढ़कर 5.27 लाख करोड़ हो गया है। इसके अलावा बजाज फाइनेंस और भारतीय एयरटेल का मार्केट कैप भी बढ़ा है। वहीं TCS, इंफोसिस, SBI, ICICI बैंक और HDFC बैंक की मार्केट वैल्यू घटी है।




### मार्केट कैप कैसे घटता-बढ़ता है?

मार्केट कैप के फॉर्मूले से साफ है कि कंपनी की जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की कीमत से गुणा करके इसे निकाला जाता है। यानी अगर शेयर का भाव बढ़ेगा तो मार्केट कैप भी बढ़ेगा और शेयर का भाव घटेगा तो मार्केट कैप भी घटेगा। किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स को देख कर लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है। निवेशक मार्केट कैप को देखकर पता लगा सकते हैं।

मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की टोटल नंबर को स्टॉक की प्राइस से गुणा करके किया जाता है। मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले।

## आप का राशिफल 14 अप्रैल

- **मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-2-4-6
- **वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-5-7
- **मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-2-4-6
- **कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-1-5-6
- **सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7
- **कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-3-4-7
- **तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-3-5-6
- **वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें। शुभांक-3-5-7
- **धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-2-4-6
- **मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-1-5-8
- **कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-7
- **मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। --कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

# एसबीआई ने एफडी की ब्याज दरों में कटौती की




**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स डिपॉजिट की ब्याज दरों में 0.20% तक की कटौती की है। एसबीआई में अब एक साल की एफडी कराने पर 6.70% ब्याज मिलेगा। नई ब्याज दरें 15 अप्रैल से लागू होंगी। इससे पहले हाल ही में केनरा बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक ने भी एफडी पर ब्याज दरों में कटौती की है। आरबीआई के रेपो रेट में कटौती के बाद अब बैंकों भी एफडी की ब्याज दरों में कटौती कर रहे हैं। 'अमृत वृष्टि' स्पेशल डिपॉजिट स्कीम की ब्याज दरों में भी बदलाव एसबीआई ने 'अमृत वृष्टि' नाम की एक स्पेशल डिपॉजिट स्कीम की ब्याज दरों में भी बदलाव किया है। इस स्कीम के तहत 444 दिनों के लिए एफडी कराने पर सामान्य नागरिकों को 7.05% सालाना ब्याज दिया जाएगा। वहीं सीनियर सिटीजन को सालाना 7.55% और सुपर सीनियर सिटीजन को 7.65% के हिसाब से ब्याज दिया जाएगा। एसबीआई ने एक अन्य स्पेशल टर्म डिपॉजिट (एफडी) स्कीम 'वीकेयर' भी चला रहा है।

# 50-30-20 के नियम से सैलरी के तीन हिस्से करें

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नया वित्त वर्ष फाइनेंशियल रणनीतियां बनाने और उसे अमल में लाने का एक अच्छा मौका हो सकता है। अपने पैसों का अधिकतम इस्तेमाल कर सकें और इससे फाइनेंशियल यात्रा बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चलती रहे। हम ऐसे आसान फाइनेंशियल नियमों पर चर्चा करेंगे, जो सुरक्षित वित्तीय भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। आपको अपने पैसों को बुद्धिमानी से प्रबंधित करने में मदद कर सकते हैं। ये नियम मार्गदर्शक हैं लेकिन इनका उपयोग परिस्थिति के मुताबिक हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है।




**▸▸ निवेश सुझाव : 100-आयु नियम से करें जोखिम का परीक्षण**

इक्विटी जैसी जोखिम भरी संपत्ति में निवेश का कितना हिस्सा रखें, यह जानने के लिए अपनी आयु को 100 में से घटाएं। यदि आपकी उम्र 32 वर्ष हैं, तो 100-32=68 यानी 68% धन शेयर बाजार में और 32% धन डेट या एफडी जैसी सुरक्षित संपत्ति में निवेश करना चाहिए।

### इससे फाइनेंशियल प्लानिंग बेहतर होगी

ये नियम महीने के पहले सप्ताह में ही अपनी आय का 20% बचाने और निवेश करने का सुझाव देता है। इसके अलावा किसी नई खरीदारी से पहले एक हफ्ते इंतजार करें। यदि एक सप्ताह बाद भी आप मजबूती से इसकी जरूरत महसूस करते हैं, तब ही आगे बढ़ें। आपात स्थिति से निपटने के लिए इमरजेंसी फंड मासिक खर्च का कम से कम छह गुना होना चाहिए। यदि मासिक खर्च 50,000 रुपए है, तो बैंक खाते में तीन लाख रुपए रखें। इससे आपात स्थिति में भी वित्तीय लक्ष्यों के लिए निवेश की गई राशि सुरक्षित रहती है। आपके द्वारा लिए गए कर्ज (होम, कार या पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड) के लिए चुकाई जाने वाली कुल ईएमआई आपकी टेक होम सैलरी के 40% से अधिक नहीं होनी चाहिए। टेक होम सैलरी एक लाख रुपए है तो ईएमआई 40,000 रुपए से कम होनी चाहिए। जीवन बीमा आपकी अनुपस्थिति में परिवार की वित्तीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।



## विहिप राजस्थान क्षेत्र संगठन मंत्री ने किए मां आशापुरा के दर्शन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** विश्व हिन्दू परिषद राजस्थान क्षेत्र संगठन मंत्री राजाराम ने नाडोल पहुंच आशापुरा माता के दर्शन किए एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर रामोत्सव एवं हनुमान जयंती कार्य मों की संपन्नता की समीक्षा की। क्षेत्र संगठन मंत्री के आगमन पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के विस्तार एवं आगामी प्रशिक्षण शिविरों में बजरंग दल एवं दुर्गावाहिनी कार्यकर्ताओं को भाग लेकर संगठन की रीति नीति सीखकर और अधिक गति से समाज में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद समाज में समरसता एवं हिन्दू एकता के कार्य को पूर्ण गति के साथ कर रहा है और इसके लिए बजरंग दल व दुर्गावाहिनी के युवा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित होकर गांव-गांव तक संगठन कार्य के विस्तार की योजना पर कार्य करना होगा। इससे पूर्व उन्होंने आशापुरा माता मंदिर पहुंच आराध्य के दर्शन कर पूजा अर्चना की। आशापुरा संस्थान के ट्रस्टी जोरसिंह चौहान, व्यवस्थापक लालसिंह शक्तावत ने ट्रस्ट कार्यालय में उनका स्वागत किया। क्षेत्र संगठन मंत्री के साथ विहिप जोधपुर प्रांत सह प्रचार प्रमुख नरेश बोहरा, भोपालसिंह राजपुरोहित, लुम्बाराम प्रजापत, जीतु जोशी, प्रहलाद बंजारा, सचिन जणवा एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पद की मर्यादा एवं गरिमा बनाए रखेंगे : मांडोत

### आशापुरा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी में जुलाई से सत्र होगा प्रारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर/नाडोल।** बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट खिंवाड़ा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष केवलचंद मांडोत रविवार को नाडोल के आशापुरा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी पहुंचे। जहां संस्थान के डॉ. मुकेश भाटी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष मांडोत का मुख्य द्वार पर ढोल ढमाकों के साथ पुष्प वर्षा के बीच माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मांडोत ने कहा कि बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पद की उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसपर बखूबी खरा उतरने का प्रयास करेंगे एवं मंदिर विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीस कौम को साथ लेकर चलेंगे और अध्यक्ष पद की मर्यादा व गरिमा बनाए रखेंगे।



इस मौके पर बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी एडवोकेट निर्मल आचार्य ने कहा कि खिंवाड़ा बालाजी मंदिर मारवाड़ एवं गोड़वाड क्षेत्र का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल है। इस मंदिर से छत्तीस कौम के सैकडों प्रवासियों की आस्था जुड़ी हुई हैं। इस अवसर पर युवा नेता जितेंद्र सिंह कोटेचा सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

**विद्यार्थियों की सुविधा को खोला जाएगा हॉस्टल भी**

डा. भाटी ने क्षेत्र में जरूरतमंदों को रियायती दरों पर फॉर्मेसी करवाने के लिए निर्माणाधीन आशापुरा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी के बारे में अध्यक्ष मांडोत को बताया। उन्होंने बताया कि आशापुरा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी निर्माणाधीन है। अपनी मातृभूमि पर फार्मेसी कॉलेज खोलकर यहां पर अपने क्षेत्र की होनहार ग्रामीण प्रतिभाओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। जुलाई 2025 से डी फार्मेसी का सेशन शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही यहां पर पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हॉस्टल भी खोला जाएगा। इसके बाद हायर एजुकेशन की सुविधा भी एक ही जगह पर उपलब्ध करवाई जाएगी।

## विद्यालय में भेंट किया वाटर कूलर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए विद्यार्थियों को ठंडा पेयजल उपलब्ध करवाने भामाशाह खूमाराम, डूंगाराम सेन की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अणेवा में वाटर कूलर भेंट किया गया। प्रधानाध्यापक हिम्मतसिंह चारण समेत विद्यालय परिवार की ओर से भामाशाह परिवार के सदस्य खुमाराम, डुंगाराम, राजेश सेन, हर्ष सेन, राहुल सेन, रूद्र सेन, झील, ममता सैन का साफा माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान निर्भयसिंह राठौड़, रामलखन मीना, मोहसिनअली, बाबूलाल मीना, एसएमसी अध्यक्ष रतनाराम चौधरी, शैतानसिंह सांदू भी मौजूद थे।

## विधायक चौधरी ने समस्याओं का करवाया समाधान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** मारवाड़ विधायक केसाराम चौधरी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के बागोल पंचायत के गुड़ा देवडान मेड़तियान, काकलावास गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्या सुन समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर कुछ समस्याओं का हाथों-हाथ निस्तारण करवाया। इस मौके पर विधायक चौधरी के कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं व उनके दुख दर्द सुन कर उनका निवारण करना उनकी पहली प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि मारवाड़ के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस मौके पर भाजपा नेता एवं पिलोवनी सरपंच किशोरसिंह राजपुरोहित, भाजपा खिंवाड़ा मंडल अध्यक्ष महेन्द्रसिंह सोलंकी, डूंगरसिंह धनला, वेनाराम चौधरी, विक्रमसिंह गुड़ा देवड़ा, हरीशकुमार टेलर बागोल, मदनलाल मेघवाल, शैतानसिंह बागोल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## परिंडा व गौरेया हाउस वितरण का संकल्प

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** मुख्य बाजार स्थित गणेशम प्लाजा सीए कार्यालय में नवाचार के तौर पर पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत की प्रेरणा से सीए चेतन अरोड़ा ने अपने मित्रों व रिश्तेदारों को पौधा गिफ्ट व विलुप्त गौरैया संरक्षण के लिए 151 परिंडा व गौरेया हाउस वितरण का संकल्प लिया। पर्यावरण प्रेमी कुमावत के सानिध्य में गणेशम प्लाजा सुमेरपुर में हार्ट फुलनेस संस्था जिला सिरोही समन्वयक सीए चेतन अरोड़ा ने सीए दीपक सोनी के जन्मदिन पर औषधीय पौधा एलोवेरा गिफ्ट किया। साथ ही गायत्री मंत्रो के उच्चारण के साथ परिंडे में पानी भरा। इसी ' म में स्वामी नारायण संस्था सिरोही के संतों का स्वागत किया गया। वहीं पौधा -रस्म की परम्परा अदा करते हुए स्वामीनारायण संस्था के संत परम मुनी स्वामी व गौरव मुनी संतों को पौधा भेंट कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। पर्यावरण प्रेमी कुमावत ने बताया कि अरोड़ा एक व्यक्ति एक पौधा मिशन की पौधा रस्म से प्रेरित होकर अलग-अलग अवसरों पर जन्मदिन हो या कोई भी प्रसंग शादी समारोह, शादी वर्षगांठ हो, अब तक 500 पौधे व 101 परिंडे गिफ्ट कर चुके हैं। अरोड़ा हार्ट फुलनेस संस्था के माध्यम से आमजन में योग व ध्यान की जाग्रति का कार्य भी कर रहे हैं। एकात्म अभियान के तहत हर गांव वासी को ध्यान के अभियान में जुड़ने के लिए आमंत्रित कर रहे है।



प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन पर प्रकृति संरक्षण में सहयोग की अपील की। पशु पक्षियों के प्रति सकारात्मक सोच रखें। तेज गर्मी में अपने घर कि छत पर परिंडा रखे। नियमित पानी भरने के साथ हर पेड परिंडा लगाओं का संकल्प लें। इस अवसर पर बाबूलाल माली, नटवर गहलोत, सीए बसंत गहलोत, सीए दिनेश कुमावत, सीए आशीष बोहरा, राकेश गहलोत, भावेश परिहार, नितिन प्रजापत, प्रतीक प्रजापत सहित पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# खिंदारा गांव में लगाया इडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जागरूकता शिविर

### क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन का सकारात्मक प्रयास

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में खिंदारा गांव में रविवार को इडबल्यूएस प्रमाण पत्र जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खिंदारा गांव और सिंदरू गांव के योग्य अभ्यर्थियों ने आर्थिक कमजोर वर्ग को मिलने वाले आरक्षण के अंतर्गत इनकम एंड एसेट सर्टिफिकेट के आवेदन किए। फाउंडेशन के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य दिग्विजय सिंह कोलीवाड़ा ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण के प्रमाण पत्र की वैद्यता एक वित्तीय वर्ष के लिए होती है जो कि 31 मार्च को समाप्त हो चुकी है। इस शिविर का मूल उद्देश्य योग्य अभ्यर्थियों द्वारा समय पर प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी जागरूकता पैदा करना है। कई बार समय पर प्रमाण पत्र नहीं बने होने के कारण अभ्यर्थी विभिन्न सरकारी नौकरियों के आवेदन से वंचित रह जाते है। शिविर में ई मित्र सहित अन्य सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल जाने के कारण अभ्यर्थियों के बिना किसी परेशानी के प्रमाण पत्र बन जाते है और वे समय पर विभिन्न



सरकारी नौकरियों के आवेदन कर सकते है। फाउंडेशन द्वारा अभी तक जैसलमेर, बाड़मेर और नागौर जिले में इस प्रकार के आयोजन किए गए है, पाली जिले में यह पहला आयोजन है इसके बाद जिले के अन्य ग्राम पंचायतों पर भी इस प्रकार के आयोजन करने की योजना है। शिविर में सेवानिवृत सीबीइओ परबतसिंह राठौड़, वि' मसिंह, गोविंदसिंह, अधिवक्ता जितेंद्रसिंह, मदनसिंह, शूरवीरसिंह, पूरणपालसिंह, जयपालसिंह, गणपतसिंह, भोपालसिंह, छैलसिंह, जसवंतसिंह, मनोहरसिंह आदि का सहयोग रहा।

## रावणा राजपूत समाज की बैठक आयोजित




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** रावणा राजपूत समाज छात्रावास भवन फालना में तहसील क्षेत्र बाली की बैठक तहसील अध्यक्ष हनुमानसिंह बेड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समाज के प्रवक्ता सुखसिंह खंगारोत ने बताया कि बैठक में तहसील की नव कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें विभिन्न गांव के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें पूर्व सामूहिक विवाह, प्रतिभावान सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में तहसील अध्यक्ष हनुमानसिंह पंवार ने मृत्यु भोज जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने का आह्वान किया। बैठक में प्रेमसिंह, युवा अध्यक्ष महिपालसिंह, पर्वतसिंह सोलंकी, विजयसिंह सिसोदिया, रतनसिंह, पार्षद श्रीपालसिंह, राजेंद्रसिंह भाटी, भोपालसिंह सिसोदिया, कानसिंह पंवार, लालसिंह सिसोदिया, भवानीसिंह, देवीसिंह राठौड़, धनसिंह पवार, समंदरसिंह रावणा, मोहनसिंह देवड़ा, उत्तमसिंह देवड़ा, बागसिंह सोलंकी, भबुतसिंह आदि मौजूद थे।

# हर्षोल्लास से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** लुणावा के सुंदरकांड हनुमान मंडली की ओर से हनुमान जन्मोत्सव पर पंचमुखी हनुमान मंदिर करणवा में 121 आसनों पर विशाल संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया। सुंदरकांड हनुमान मंडली में लुणवा एवं करणवा के ग्रामीणों भाग लिया। हितेंद्र श्रीमाली, रमेश सुथार, भरत ओझा, नरेंद्र सुथार, अरुण सुथार, नरेंद्रसिंह, भंवरलाल कुमावत, लालचंद सुथार, रामलाल, राजेश सुथार, भरत सोलंकी, गुलाबराम, अरविंद सुथार, हितेश, दिनेश, प्रकाश, कैलाश वैशणव, चंपालाल वैष्णव, प्रकाश सोनी, जयेश, केसरीमल, घीसुलाल, राहुल गर्ग, नरेश, शंकरलाल, जगदीश, बाबूलाल सुथार, दीपचंद, मदन, किशोर सोलंकी आदि मौजूद थे।









सांडेराव। कस्बे सहित आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिरों में दिनभर पूजा-अनुष्ठान, हनुमान चालीसा पाठ एवं हवन सहित अनुष्ठान हुए। बालाजी को भोग लगा शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान चौक स्थित हनुमान मंदिर परिसर में जन्मोत्सव पर हनुमान नवयुवक मंडल एंव भक्तों की ओर से एक शाम हनुमान के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी तो श्रद्धालु झूम उठे। बालाजी का विशेष श्रृंगार कर प्रसादी का भोग लगाया गया। हनुमान नवयुवक मंडल की ओर से भजन संध्या से पूर्व महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

## आनंद पूर्णानंद बालिका विद्यापीठ छात्रावास की बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर के नदी ढलान स्थित आनंद पूर्णानंद बालिका विद्यापीठ छात्रावास में रविवार को कार्यकारिणी और भामाशाहों की बैठक अध्यक्ष भंवर परमार के सान्निध्य में हुई। जिसमें कई निर्णय लिए गए। संस्थान सचिव प्रभुराम मोरडू ने बताया कि सुबह 11 बजे हुई बैठक में छात्रावास निर्माण कार्य को और अधिक गति देने भामाशाहों को संस्था से जोड़ने, कक्षों के भामाशाहों की नाम पट्टिका लगाने, आजीवन सदस्यों की नामावली हॉल के दोनों और गेलेरी में ग्रेनाइट पर लिखवाने, डायनिंग हॉल, रसोई, स्टेज तथा सभा भवन में नाम पट्टिका लगाने, सभी कक्षों, हॉल व रसोई में टाइल्स लगाने एवं स्टेज व सीढ़ियों पर ग्रेनाइट लगाने व पूरे भवन में टाइल्स लगाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष परमार ने बताया कि निर्माण कार्य की गति को बढ़ाने पर चर्चा की गई ताकि जल्द छात्रावास का कार्य पूर्ण हो सकें। प्रवासी भामाशाहों को जोड़ने के लिए कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व भामाशाहों व कार्यकारिणी सदस्यों ने निर्माण कार्य का अवलोकन किया व कार्य प्रगति पर संतोष जताया। इस मौके पर मोहनलाल परमार, शंकर बोराणा, पदमाराम सोलंकी, हिरालाल भाटी, हिम्मत परमार, किस्तुरचंद, मुलाराम परमार, नेनमल बोराणा, शंकरलाल भाटी, नारायण सोलंकी आदि मौजूद रहे।



## बाबा साहेब को किया याद



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेघवाल नगर में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यापक मांगीलाल सोलंकी ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले के बारे में भी जानकारी दी।

## आज चार घंटे बंद रहेगी बिजली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** कारोला के 220 केवी उपचौकी केंद्र पर सोमवार को रखरखाव को लेकर कारोला से जुड़ी बिजली आपूर्ति सवेरे 7.30 से 11.30 बजे तक बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने बताया कि रखरखाव कार्य को लेकर 33 केवी पीएचडी एवं एनसीपी फीडरों से जुड़े क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। विशेष रूप से 33/11 केवी उपचौकी केंद्र हरियाली, मालवाड़ा, धमा ना एवं रूडा का गोलिया में बिजली बंद रहेगी।

# देह से बढ़कर कोई उत्तम देवालय नहीं : आकाश





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** कोठारी कीर्ति स्तंभ में सन टू ह्यूमन के तीन दिवसीय दृष्टिकोण वाले शिविर के अंतिम दिन रविवार को सूत्र संचालन का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक परम आकाश खंडेलवाल ने कहा कि मंदिरों और पूजाघरों को हम कितना पवित्र रखते है। वे देवालय मनुष्य द्वारा निर्मित होने के बाद भी हमारे भाव उसके प्रति बहुत ही पवित्र और पूजनीय होते है। जबकि यह देह (शरीर) परमात्मा की कृति है। माता पिता केवल माध्यम बने है। इसलिए देह से बढ़कर कोई उत्तम देवालय नहीं हो सकता है। फिर भी हम इसका ध्यान नहीं रखते और दिनभर कचरा डाल डाल कर उसे डस्ट बीन बना देते है। उन्होंने कहा कि यदि देह को देवालय बना देवे तो सारी समस्याओं का तुरंत समाधान हो जाएगा। सम्यक आहार, सम्यक व्यायाम और सम्यक नींद ही हमारे जीवन का आधार है। परम आकाश ने कहा कि मनुष्य जीवन के रूप में जो असंभव घटा है। जिस लक्ष्य के लिए हमारा मनुष्य जन्म हुआ है। वह हम भूल बैठे है। हमने केवल पदार्थों को ही साध्य मान लिया। शिविर के दौरान तीनों दिन ऊर्जावान अदृश्य नाश्ता भी साधकों को दिया गया। रविवार को तीसरे दिवस को उत्सव दिवस के रूप में मनाते हुए कई नए प्रयोग भी करवाए गए। आयोजन समिति के अशोक मेहता, भरत शर्मा, रमेश अग्रवाल, जोगाराम चौधरी, हनुमान शर्मा, नारायण जांगिड़, हरिराम विश्नोई, जीवाराम विश्नोई, सुरेश अग्रवाल, सुरेश माली, दिनेश भाटी, नवरत्न अग्रवाल, डॉ हिम्मत शर्मा, रमेश परिहार, सुरेश विश्नोई, बाबूलाल सोलंकी, रमेश शर्मा, मानाराम पुरोहित आदि व्यव-स्था में मौजूद रहे। शिविर में रानीवाड़ा, धानेरा, जुंजाणी, बागोड़ा सहित आस पास गांवों के कई साधकों ने भाग लिया।

## कल रवाना होगी क्षत्रिय सरगरा समाज एकता यात्रा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** मेगा हाइवे पर मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से मंगलवार को सरगरा समाज एकता यात्रा संतों के सानिध्य में रवाना होगी। चार जिलों की इस यात्रा में मांगूनाथ देसूरी, राजूगिरी, चेतननाथ पनोता, निर्भयनाथ सायला, मोहननाथ मोकलसर, जीवननाथ केरली, पूरणदास खिमेल का सानिध्य रहेगा। यात्रा सवेरे रवाना होगी जो शाम को आबूरोड में समाज की धर्मशाला में पहुंचेगी। दूसरे दिन बुधवार को आबूरोड से रवाना होकर शाम को मोकलसर मंदिर पहुंचेगी। गुरुवार को मोकलसर से रवाना होकर शाम को सरदारपुरा जोधपुर पहुंचेगी। शुक्रवार को यात्रा जोधपुर से रवाना होकर शाम को सर्वोदय नगर पाली पहुंचेगी एवं शनिवार से पाली से रवाना होकर शाम को मक्तेश्वर धाम पहुंच विसर्जित होगी।



# लखनऊ में रहेगा गेंदबाजों का बोलबाला ?

## निकोलस पूरन और नूर अहमद के बीच जंग

**नई दिल्ली। आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। चेन्नई सुपर किंग्स लगातार 5 मैच हार चुकी है। आईपीएल के इतिहास में ऐसा पहली बार देखने को मिला है। यही नहीं, घर पर भी चेन्नई को लगातार 3 मैचों में हार का मुंह देखना पड़ा है। इससे पहले सीएसके की टीम को घर में लगातार 3 हार कभी नहीं मिली थी। अब चेन्नई हार के सिलसिले को तोड़ने के इरादे से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ उतरेगी। हालांकि, चेन्नई के लिए नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की गैरमौजूदगी में आसान नहीं होगा। टीम को गायकवाड़ की जगह तीसरे नंबर पर आने वाले राहुल त्रिपाठी पर अच्छा प्रदर्शन का दबाव होगा। यह मुकाबला इकाना स्टेडियम में सोमवार को खेला जाएगा । लखनऊ ने अब तक कमाल का प्रदर्शन किया है और 6 में से 4 मैच जीते हैं। वहीं अंक तालिका में एलएसजी तीसरे व सीएसके 10वें स्थान पर है । निकोलस पूरन और नूर अहमद के बीच जंग देखने को मिलेगी। आईपीएल के 18वें सीजन का 30वां मैच है।**

### पिच रिपोर्ट

लखनऊ के इकाना स्टेडियम की बात करें तो पिच में काफी बदलाव आया है और ये पिच अब बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जा रही है। लेकिन इस पिच पर पहले स्पिनर्स का बोलबाला रहता था । इस मैदान पर खूब चौके-छक्के देखने को मिल सकते हैं। हालांकि इस मैदान पर पिछले मैच में लखनऊ की टीम ने आसानी से टारगेट चेज कर दिया था और गुजरात को हरा दिया था। ऐसे में दोनों कप्तान टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना चाहेंगे।

### हेड टू हेड रिकॉर्ड

लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के हेड टू हेड आंकड़ों की बात करें तो दोनों टीमों के बीच अब तक 5 मैच खेले गए हैं, जिसमें से लखनऊ ने 3 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि चेन्नई को सिर्फ 1 जीत मिली है ।हालांकि एक मुकाबल बेनतीजा रहा है ।पिछले साल लखनऊ ने सीएसके को दोनों बार शिकस्त दी थी। बता दें कि लखनऊ का चेन्नई पर पलड़ा भारी है ।

**लखनऊ सुपर जायंट्स की संभावित टीम :** ऋषभ पंत (कप्तान/विकेटकीपर), एडेन मारक्रम, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, डेविड मिलर, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, रवि बिश्नोई, आकाश दीप। **इम्पैक्ट प्लेयरः** दिग्वेश राठी

**चेन्नई सुपर किंग्स की संभावित टीम :** रचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, शिवम दुबे, विजय शंकर, रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, एमएस धोनी (कप्तान/विकेटकीपर), नूर अहमद, अंशुल कंबोज, खलील अहमद। **इम्पैक्ट प्लेयरः** मथीशा पथिराना

### आईपीएल रिकॉर्ड

इकाना स्टेडियम में अब तक 17 आईपीएल मैच खेले जा चुके हैं। पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 8 बार जीत दर्ज की है। वहीं रनों का पीछा करने वाली टीम ने भी 8 बार फतह हासिल की है। इस मैदान पर एक मुकाबले का नतीजा नहीं निकला था।



# साल्ट की आंधी में उड़ी राजस्थान रॉयल्स

## आरसीबी ने 9 विकेट से जीता मैच

आईपीएल 2025 के 28वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को उसी के घर में शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने 17.3 ओवर में एक विकेट गंवाकर 175 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। आरसीबी की जीत में विराट कोहली और फिल साल्ट का बड़ा योगदान रहा, दोनों ने दमदार अर्धशतकीय पारी खेली।

### आरसीबी की आसान जीत

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी को विराट कोहली और फिल साल्ट ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 92 रनों की शानदार साझेदारी हुई। साल्ट ने 33 गेंदों में 65 रनों की पारी खेली। दूसरी ओर विराट ने 45 गेंद में 62 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के लगाए। फिल साल्ट के आउट होने के बाद विराट ने देवदत्त पडिक्कल के साथ 83 रनों की साझेदारी करटी मकी जीत सुनिश्चित की।

### यशस्वी जायसवाल पर भारी पड़े विराट

राजस्थान ने इस मैच में पहले बैटिंग की थी, जिसके लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल टॉप स्कोरर साबित हुए। जायसवाल ने 47 गेंद में 75 रनों की पारी खेली थी ।वहीं ध्रुव जुरेल ने 35 रन और रियान पराग ने 30 रनों का योगदान दिया था।

### हरे रंग की जर्सी में आरसीबी

आरसीबी की टीम हरे रंग की जर्सी पहने मैदान पर उतरी। ये हर सीजन में देखा जाता है कि आरसीबी की टीम के खिलाड़ी किसी एक मैच में ग्रीन जर्सी जरूर पहने नजर आते हैं। साल 2020,2021, 2022 के सीजन मैच में कोविड-19 की वजह से दूसरे वेन्यू पर आरसीबी को ये हरे रंग की जर्सी पहने देखा गया था।




# अभिषेक का पर्ची सेलिब्रेशन

## शर्मा की तूफानी सेंचुरी की चारों तरफ चर्चे

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2025 का 27वां मुकाबला खेला गया। मैच में अभिषेक शर्मा के बल्ले से तूफानी शतक निकला। यह उनके इंडियन प्रीमियर लीग करियर की पहली सेंचुरी है। शतक लगाने के बाद अभिषेक ने अनोखा रिएक्शन देकर मजेदार सेलिब्रेशन दिया। अभिषेक ने शतक जड़ने के बाद एक व्हाइट रंग की पर्ची दिखाई, जिसके ऊपर कुछ स्पेशल वड्‌र्स लिखे हुए थे। इस मैसेज को पढ़ने के बाद एसआरएच के सारे चाहने वालों के चेहरे पर मुस्कान आ गया। अभिषेक की इस विस्फोटक पारी के चलते एसआरएच ने आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे विशाल स्कोर को अपने नाम किया।

### अभिषेक शर्मा ने फैंस को दिया उपहार

पंजाब के सामने 246 रनों के पहाड़ जैसे स्कोर का पीछा करते हुए अभिषेक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और 40 गेंदों पर शतक पूरा कर लिया। आईपीएल करियर की पहली सेंचुरी जड़ने के बाद उन्होंने सेलिब्रेशन करते हुए एक पर्ची दिखाई।

### बड़े स्कोर को बल्लेबाजी से बनाया बौना

अभिषेक को पंजाब ने एक बड़ा जीवनदान भी दिया। यश ठाकुर की गेंद पर अभिषेक कैच आउट हो गए थे, लेकिन वह गेंद नो बॉल निकली। फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने 19 गेंदों पर पचासा पूरा किया, इसके बाद 40 गेंदों पर सेंचुरी भी जड़ दी।

# छक्के-चौके से शतक पूरा करने वाले खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** आईपीएल में सिर्फ 8 ही बल्लेबाज ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी इनिंग के दौरान छक्के-चौके से शतक पूरा किया है। मतलब ये कि इनिंग तो उनकी बड़ी रही है। मगर उस इनिंग के 100 या उससे ज्यादा रन उन्होंने बाउंड्रीज यानी छक्के-चौके से कम्पलीट किया है। आईपीएल की शुरुआत भले ही 2008 में हुई। लेकिन 2025 तक आते-आते अभी तक सिर्फ 8 बल्लेबाज ही ये कमाल कर सके हैं।

- **क्रिस गेलः** छक्के- चौके से सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने आईपीएल 2013 में खेली अपनी 175 रन की इनिंग के दौरान 156 रन छक्के-चौके से बनाए थे। उन्होंने अपनी इनिंग में कुल 13 चौके, 17 छक्के मारे थे। क्रिस गेल ने आईपीएल 2012 में खेली 128 रन की इनिंग में 106 रन बाउंड्रीज से बनाए थे। उन्होंने 7 चौके और 13 छक्के लगाए थे। आईपीएल 2015 में 115 रन की इनिंग के दौरान भी गेल ने 100 रन बाउंड्रीज से बनाए थे। 7 चौके और 12 छक्के मारे थे।
- **ब्रेंडन मैक्कुलमः** दूसरे नंबर पर ब्रेंडन मैक्कुलम हैं, जिन्होंने आईपीएल 2008 में खेली 158 रन की पारी में 118 रन छक्के-चौके से बनाए हैं। केकेआर की ओर से खेलते हुए RCB के खिलाफ उस इनिंग में मैक्कुलम ने 10 चौके और 13 छक्के मारे थे।
- **अभिषेक शर्माः** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के खिलाफ अभिषेक शर्मा छक्के-चौके से सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने अपनी 141 रन की इनिंग में 116 रन बाउंड्रीज से बनाए। अभिषेक शर्मा ने 14 चौके और 10 छक्के लगाए हैं।
- **एबी डीविलियर्स और यशस्वी जायसवालः** एबी डीविलियर्स और यशस्वी जायसवाल ने 112-112 रन बाउंड्रीज से एक इनिंग में बनाए हैं। डीविलियर्स ने आईपीएल 2016 में 129 रन की पारी के दौरान 10 चौके और 12 छक्के मारे थे। वहीं यशस्वी जायसवाल ने आईपीएल 2023 के दौरान 124 रन की पारी में 16 चौके और 8 छक्के मारे थे । एबी डीविलियर्स ने आईपीएल 2015 में 133 रन की इनिंग के दौरान 100 रन बाउंड्रीज से जमाए थे।
- **सनथ जयसूर्याः** आईपीएल 2008 में जब सनथ जयसूर्या ने जब 114 रन बनाए थे, तो उसमें 102 रन बाउंड्रीज के जरिए बनाए थे।
- **ऋषभ पंतः** पंत ने जब 128 रन सनराइजर्स के खिलाफ आईपीएल 2018 में बनाए तो उन्होंने 102 रन बाउंड्रीज से बनाए थे। पंत ने 15 चौके 7 छक्के मारे थे।
- **क्विंटन डि कॉकः** 2022 में क्विंटन डि कॉक ने 140 रन की पारी में 100 रन बाउंड्रीज से बनाए थे। उन्होंने अपनी इनिंग में 10 छक्के, 10 चौके लगाए थे।

# म नो रं ज न



## ग्रीन साड़ी में करीना का कहर

करीना कपूर खान चाहे कैजुअल लुक में हों या फिर बोल्ड लुक में, चाहे मेकअप की हों या नो-मेकअप में. ।। वह हमेशा अपनी अदाओं से लोगों का ध्यान खींच ही लेती हैं। एक बार फिर करीना ने अपनी अदाओं से कहर ढहाया है। करीना उन चुनिंदा सेलिब्रिटीज में से एक हैं जो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। डेली लाइफ से जुड़े अपडेट्स हो या फिर वेकेशन पर जाना हो, वह अपने छोटे-छोटे पलों को सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। ऐसे में वह अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलकियां कैसे न शेयर करें। हाल ही में, करीना कपूर ने अपने लेटेस्ट लुक से सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है। लेटेस्ट तस्वीरों में करीना कपूर पेस्टल ग्रीन कलर की साड़ी में खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने अपना लुक चोकर से पूरा किया था। खुले बाल, बोल्ड आईज और न्यूड मेकअप में वह बहुत ही हसीन लग रही हैं। एक और हर कोई उनकी खूबसूरती पर फिदा हो रहा है, लेकिन एक्ट्रेस तो किसी और के ही सपने देख रही हैं। जी हां, करीना कपूर खान दिन में ही अपने कढ़ी चावल के सपने देख रही हैं। उन्होंने मजेदार कैप्शन में लिखा, "दिन में मैं अपने कढ़ी चावल के सपने देख रही हूं।" खैर, करीना को भले ही अपने कढ़ी-चावल का ख्याल आ रहा हो, लेकिन लोग की नजर तो उनकी खूबसूरती पर अटक गई है।



## साउथ एक्ट्रेस की लिप-लॉक फोटो वायरल

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर फीमेल सुपरस्टार अनुपमा परमेश्वरन की ध्रुव विक्रम को किस करते हुए एक तस्वीर ऑनलाइन लीक हुई है। इसके बाद से सबका ध्यान एक्ट्रेस और उनकी लव लाइफ पर है। अनुपमा और ध्रुव की लिप लॉकिंग तस्वीर ने लोगों के बीच हलचल मचा दी है और नेटिजन्स हैरान है कि क्या दोनों एक-दूसरे को डेटिंग कर रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस से तरह-तरह के सवाल पूछ रहे हैं। यह तस्वीर तब लीक हुई जब नेटिजन्स ने म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म स्पॉटिफाई पर अनुपमा और ध्रुव की एक-दूसरे के साथ शेयर की गई प्लेलिस्ट देखी। इस प्लेलिस्ट की प्रोफाइल फोटो ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। तस्वीर में, अनुपमा और ध्रुव को रात के आसमान के नीचे एक-दूसरे को फ्रेंच किस करते हुए देखा जा सकता है। प्लेलिस्ट में एड शीरन, रयान गोसलिंग, जस्टिन हर्विट्ज और कई फेमस सिंगर के गाने भी दिखाई दिए। जैसे ही यह फोटो वायरल हुई, नेटिजन्स सोचा में पड़ गए कि क्या यह उनकी अपकमिंग फिल्म 'बाइसन' के लिए यह एक पब्लिसिटी स्टंट है, जिसमें अनुपमा और ध्रुव स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगे। कुछ प्रशंसकों का कहना है कि इस फिल्म का ऐलान होने के पहले भी वह कई बार साथ नजर आ चुके हैं। अनुपमा और ध्रुव दोनों ने डेटिंग अफवाहों और लीक हुई तस्वीर पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि ध्रुव सुपरस्टार चियान विक्रम के बेटे हैं। उनकी आने वाली फिल्म 'बाइसन' का निर्देशन मारी सेल्वराज ने किया है और इसका निर्माण पा रंजीत ने किया है।



## 'जाट' ने तीसरे दिन पकड़ी रफ्तार

सनी देओल की 'जाट' तेज रफ्तार से दौड़ रही है। फैंस को फिल्म में सनी का एक्शन के साथ रणदीप की एक्टिंग खूब भा रही है। फिल्म को दर्शक और क्रिटिक्स के मिल रहे अच्छे रिव्यू का असर 'जाट' की कमाई पर भी पड़ रहा है। 'जाट' का कलेक्शन हर दिन बढ़ता जा रहा है। 'जाट' के साथ सनी देओल फिर एक्शन अवतार में लौटे हैं। उनकी पिछली फिल्म 'गदर 2' ब्लॉकबस्टर रही थीं। इसके बाद फैंस को इस मूवी से भी काफी उम्मीदें थीं। 'जाट' फैंस की इन उम्मीदों पर काफी हद तक खरी उतरी नजर आई हैं। फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट नजर आ रही है। सनी देओल-रणदीप हुड्डा की फिल्म में तीसरे दिन उछाल देखने को मिला है। फिल्म ने ओपनिंग डे से भी ज्यादा कमाई अपने थर्ड डे पर की है। आंकड़ों के मुताबिक जहां 'जाट' ने पहले दिन 9.5 करोड़ की कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरुआत की थी। इसके बाद दूसरे दिन शुक्रवार होने की वजह से फिल्म के कलेक्शन में थोड़ी कमी आई थीं। दूसरे दिन 'जाट' ने 7 करोड़ का कारोबार किया था। वहीं, हनुमान जयंती की छुट्टी और शनिवार का 'जाट' को फायदा मिलता दिखा। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार तीसरे दिन फिल्म ने 10 करोड़ का कलेक्शन किया है। इस तरह 3 दिनों के अंदर 'जाट' ने 26.50 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। आज यानी रविवार को भी फिल्म अच्छी खासी कमाई कर सकती है।




## गौहर ने रैम्प पर छिपाया बेबी बंप

एक्ट्रेस गौहर खान एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उन्होंने बीते दिन अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था। अलग अंदाज में पति जैद दरबार के साथ वीडियो बनाया और अंत में खुलासा किया कि वह नन्हें मेहमान का स्वागत करने वाली हैं। इस बीच उन्हें रैम्प वॉक करते हुए देखा गया। जहां उन्होंने दुपट्टे से बेबी बंप छिपाया था। लोग अब उनकी तारीफ कर रहे हैं। गौहर खान ने पहले बेटे को 10 मई, 2023 को जन्म दिया था। अब उन्होंने अप्रैल, 2025 में दूसरी प्रग्नेंसी का ऐलान किया है। हालांकि इस दौरान जहां महिलाओं को हील्स पहनने को मना किया जाता है। वहीं, 41 साल की एक्ट्रेस हाई हील्स में रैम्प वॉक करती दिखाई दीं। उन्होंने इंडो-वेस्टर्न लुक कैरी किया था, जिसमें वह बला की खूबसूरत लग रही थीं। गौहर अपने बेबी बंप को दुपट्टे से ढंकती दिखाई दीं। साइड से तो नजर आ रहा था लेकिन जब वह पीछे की तरफ मुड़ने लगीं तो उन्होंने पेट पर हाथ रख लिया, जिससे दुपट्टा हवा से उस जगह से हट न जाए। अब इस पर लोगों ने रिएक्ट किया। कुछ ने तो जमकर तारीफ की और कुछ ने सवाल उठाए। एक यूजर ने लिखा, 'प्रेग्नेंसी में रैम्प वॉक?' एक ने लिखा, 'प्रेग्नेंसी के दौरान अच्छा कॉन्फिडेंस है।' एक ने मजाक उड़ाते हुए लिखा, 'क्या कॉम्बिनेशन है।'

## पोस्टपोन हुई 'फुले'

अनंत महादेवन के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'फुले' 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन विवादों की वजह से इस फिल्म को पोस्टपोन कर दिया गया। प्रतीक गांधी और पत्रलेखा स्टारर इस फिल्म पर जातिवाद को बढ़ावा देने के आरोप लगे। ब्राह्मण संगठनों ने फिल्म का विरोध किया। डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने फिल्म को लेकर एक पोस्ट किया है। अनुभव सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर तीन फिल्मों के पोस्टर का एक कोलाज फोटो शेयर किया है। पहली फिल्म है 'संतोष, दूसरी 'धड़क 2' और तीसरी है 'फुले.' तीनों फिल्में जातिवाद पर हैं। अनुभव ने लिखा, "समाज में वर्ण व्यवस्था नहीं है क्या? नहीं रही क्या हमेशा से? हम झूठ क्यों बोलें अपने आप से? और फिर सिर्फ सिनेमा झूठ क्यों बोले?" अनुभव ने आगे लिखा, "आखिर चुनाव आयोग भाषणों में किन बातों की अनुमति दे और सीबीएफसी सिनेमा में किन बातों की अनुमति दे, ये दो बातें अलग नहीं हो सकतीं। दोनों समाज से बात करते हैं। कल का निर्माण करने को तैयार युवाओं को 'संतोष', 'धड़क 2' और 'फुले' जैसी फिल्में हॉल में सामूहिक रूप से देखनी चाहिए। सहमत हो असहमत हो वो अलग है। देश का समझदार युवा ऐसी फिल्मों में फूट के कारण नहीं तलाशेगा बल्कि समाज के एकजुट होने की आवश्यकता पहचानेगा।"



# मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर, उनको संजोय रखना हमारा दायित्व : कुमावत



विभिन्न पशु प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



मेले का समापन आज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** आपेश्वर पशु मेला सेवाड़िया में शनिवार को पांचवे दिन विभिन्न पशु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेले में पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत तथा खेल एवं युवा मामले के मंत्री, जिला प्रभारी मंत्री केके विश्नोई ने ऊंट दौड़ व घुड़ दौड़ प्रतियोगिता का लुत्फ उठाते हुए प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। कुमावत ने पूर्व विधायक देवल के कहने पर रानीवाड़ा के प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने व मालवाड़ा में प्रथम श्रेणी चिकित्सालय बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की ओर से बैलों से खेती करने पर किसानों को 30 हजार रुपए तक का अनुदान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मानना है कि इससे बैलों की पुनः कद्र होने के साथ पालन पोषण के प्रति जागरुकता आएगा। उन्होंने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर है जिसको संजय रखने के लिए मुख्यमंत्री ने हर जिले में पशु मेले लगाने के लिए प्रपोजल तैयार करवाए है। प्रभारी मंत्री विश्नोई ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी एवं किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही। मेला अधिकारी हेमलता विश्नोई ने बताया कि पशु चयन प्रतियोगिता में अदंत बैलों की जोड़ी से मलत्यान बैलों की जोड़ी सहित घोड़े-घोड़ियों, बछरे-बछेरियों व ऊंटों की सौंदर्य प्रतियोगिता हुई।

## डेयरी मंत्री कुमावत व राज्य मंत्री विश्नोई का किया स्वागत

### सरस डेयरी पर दुग्ध उत्पादकों ने सौंपा ज्ञापन

**रानीवाड़ा।** पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत एवं राज्यमंत्री केके विश्नोई के रानीवाड़ा सरस डेयरी पहुंचने पर डेयरी प्रबंधन व कर्मचारियों की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान दुग्ध उत्पादकों एवं समिति के अध्यक्षों व सचिवों ने मंत्री जोराराम कुमावत को ज्ञापन सौंप डेयरी में स्थाई एमडी लगाने व दूध के भाव बढ़ाने की मांग की। मंत्री ने डेयरी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कुमावत द्वारा गांव में डेयरी गतिविधियों को बढ़ाने एवं अधिक से अधिक पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय से जोड़ने पर बल दिया गया। राज्य मंत्री विश्नोई ने परंपरागत खेती के साथ नई तकनीकी एवं औषधीय खेती अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर विधायक रतन देवासी, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, जिला कलेक्टर डॉ प्रदीप के गावंडे, गुण नियंत्रण प्रभारी प्रकाश श्रीवास्तव, प्लांट मैनेजर डूंगाराम जीनगर, पीएडआइ



प्रभारी जवानसिंह बालावत, लेखाधिकारी केशरसिंह सोलंकी, विपणन प्रभारी जयंतीलाल चौधरी, मनीष भटनागर, रघुवीरसिंह सोलंकी, मगसिंह परिहार, वि मसिंह, जयेश त्रिवेदी सहित कई अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

### मनोरंजक साधनों से लोगों में बना उत्साह

मेले में पशुओं की खरीद फरोख्त भले ही धीमी हो, लेकिन मनोरंजक साधनों से मेले के प्रति लोगों में उत्साह बना हुआ है। मेले में हाट बाजार के साथ ही मनोरंजन के लिए झूले, मौत का कुआं, सर्कस, जादूगर, फिल्म थिएटर आदि मनोरंजन के लिए लगाए गए हैं। जिसका लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। मणिहारी बाजार में महिलाओं व युवतियों ने सौंदर्य सामग्री की खरीदारी की। इसी प्रकार बड़ी कढ़ाई, लोहे की पेटियां, बक्से, कपड़ों के बाजार में चद्दर, रजाई आदि व लकड़ी की बनी वस्तुओं की बिक्री परवान पर रही।

### समारोह में यह भी रहे मौजूद

पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, विधायक रतन देवासी, जिला कलेक्टर प्रदीप के गावंडे, मेला मजिस्ट्रेट सुनीलकुमार, डीएसपी भवानीसिंह, मेला अधिकारी हेमलता विश्नोई, बड़गांव ठा मानवेंद्रदेव देवड़ा, प्रधान राघवेंद्रसिंह देवड़ा, थानाधिकारी दीपसिंह चौहान, भामाशाह पोपटभाई जाखड़ी सहित कई जनप्रतिनिधि, पशुपालक, किसान, सरकारी कार्मिक व गणमान्य लोग मौजूद थे।

### तत्कालीन प्रधान ने की थी मेले की शुरुआत

रानीवाड़ा के प्रधान मालमसिंह बड़गांव ने करीब 65 वर्ष पूर्व इस मेले की शुरुआत की थी। इसके पीछे मूल उद्देश्य यही था कि पशुपालकों व किसानों को खेती व अन्य कार्य के लिए पशुओं की उपलब्धता आसानी से हो सके। मेले में पशुओं की बड़ी मात्रा में खरीद फरोख्त होती थी। क्षेत्र में सेवाड़िया मेले का नाम था। लेकिन समय की धारा एवं आधुनिकता के दौर ने पशु मेलों की उपयोगिता का घटा दिया।

### दशक पहले आए थे 26 हजार पशु, इस बार संख्या 711 पर सिमटी

पिछले कुछ दसकों में खेती कार्यों में ट्रैक्टरों सहित आधुनिक उपकरणों के उपयोग से पशुओं की उपयोगिता सीमित हो गई है। ऐसे में पशु मेलों के प्रति पशुपालकों का रूझान भी कम हो गया है। सेवाड़िया पशु मेले में वर्ष 2013-14 में करीब 26 हजार पशुओं की आवक हुई थी। लेकिन इस वर्ष संख्या केवल 711 पर सिमट कर रह गई है। पशुपालक बैलों को लेकर तो आ जाते है लेकिन खरीदार नहीं मिल पाते। पशुओं को अच्छा आहार देकर तैयार करने एवं मेले तक लाने में काफी व्यय होता है। ऐसे में जब खरीददार नहीं मिलते तो पशुपालकों के सामने विचित्र स्थिति पैदा हो जाती है। पशुओं को वापस गंतव्य तक ले जाने में पसीने छूट जाते है। आर्थिक नुकसान झेल पाने की क्षमता तक नहीं रहती। मेले का उदघाटन 8 अप्रैल को हुआ था, सोमवार 14 अप्रेल को समापन है। मेले में अब तक 711 पशुओं की आवक हुई। जिसमें 627 बैल, 26 ऊंट एवं 58 घोड़े-घोड़ी ही मेले में पहुंचे।

## पीथापुरा में तीन माह से पेयजल का टोटा, ग्रामीण परेशान

### शिकायत के बाद नहीं हो रही सुनवाई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बड़गांव।** जल जीवन मिशन में ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते बड़गांव के पीथापुरा के लोग पेयजल संकट का सामना कर रहे है। यहां पिछले तीन महीने से पानी नहीं आ रहा है एवं गर्मी में हालात और बिगड़ते जा रहे है। शिकायत के बावजूद जलापूर्ति सुचारू नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि दो साल पहले गांव में पीने के पानी के लिए नल कनेक्शन लगाए गए थे। इन नलों में कभी कबार पानी की सप्लाई आती थी। लेकिन पिछले तीन माह से नल सूखे पड़े है। ग्रामीणों को टेंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। ऐसे में आर्थिक नुकसान के साथ कई तरह की परेशानियां उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से हालात नहीं सुधर रहे। समस्या को लेकर ग्रामीणों में आ ोश बढ़ता जा रहा है।

### नहीं हो रही सुनवाई

पीथापुरा में करीब तीन महीने से पानी नहीं आ रहा है। इसको लेकर विभागीय अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रहा है। ग्रामवासी पानी के लिए इधर-उधर भट रहे है।

जेसाराम माली
ग्रामीण पीथापुरा

## गोवंश सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा सोशल ग्रुप

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** गोवंश के चारे की समस्या को देखते हुए बाबा पाटीड नाथ 008 सोशल ग्रुप के सदस्यों ने गौसेवा का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।



ग्रुप संचालक कमलेश कड़वासरा व एडमिन रमेश कड़वासरा, दिनेश कावा, कैलाश ढाका, गणपतलाल भाम्भू, दिनेश कावा, दिनेश कड़वासरा, धेवर सारण सहित अन्य सदस्यों ने मिलकर बजरंग गौशाला झड़पा नाडी, सिया गांव में एक पिकअप में चारा भेजा गया। गौशाला में वर्तमान में 100 निराश्रित गोवंशों की सेवा की जा रही है। श्रीराम गो सेवा संस्थान राजीवनगर सरनाऊ में भी चारा सामग्री की सहायता प्रदान की गई।

## दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए शिविर 20 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** विकलांग कल्याण समिति राजस्थान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जालोर तथा भगवान महावीर स्नातकोत्तर (पीजी) कॉलेज सांचौर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को दिव्यांग प्रमाण-पत्र एवं रोडवेज पास शिविर रविवार को भगवान महावीर पीजी कॉलेज हाड़ेचा रोड में आयोजित किया जाएगा। जिसमें दिव्यांगजनों को ऑनलाइन प्रमाण-पत्र, राजस्थान रोडवेज द्वारा निःशुल्क यात्रा पास तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए यात्रा पास बनाए जाएंगे।

आयोजन में शरीक होंगे पूर्व सीएम गहलोत व प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा सहित कई नेता : पाराशर

## जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं पुनर्निर्मित कांग्रेस कार्यालय का लोकार्पण कल

- राजीव गांधी भवन निर्माण में सभी कांग्रेसजनों का सहयोग : मेघवाल
- कार्यक्रम को लेकर पत्रकार वार्ता में दी जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से 15 अप्रेल को आयोजित किए जाने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन व पुनर्निर्मित राजीव गांधी भवन लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जन अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि मंगलवार को जालोर में जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं पुनर्निर्मित कांग्रेस कार्यालय का लोकार्पण होने जा रहा है। जिसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली को निमंत्रण दिया गया है साथ ही समस्त अतिथिगण जालोर आएंगे।

उन्होंने कहा कि कार्यम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी नेतागण, संगठन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि एआइसीसी एवं पीसीसी के निर्देशानुसार संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही हाल ही में अहमदाबाद में आयोजित अधिवेशन की मूल भावना के तहत 2025 संगठन सृजन वर्ष को मानते हुए उक्त कार्य म का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुनर्निर्मित राजीव गांधी भवन निर्माण में सभी कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का सहयोग तन मन धन से रहा है, यह भवन सभी कांग्रेसजन का है। संगठन के पदाधिकारी बदलते रहते हैं लेकिन कांग्रेस कार्यालय सभी वर्तमान एवं भविष्य के बनने वाले जिलाध्यक्ष व संगठन पदाधिकारी हेतु काम आएगा। जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने कहा कि मंगलवार को आयोति होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के समस्त संगठन पदाधिकारी मेहनत कर रहे है। कांग्रेस नेतागण, ब्लॉक अध्यक्ष मंडल एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुनर्निर्मित राजीव गांधी भवन निर्माण में सभी कांग्रेसजन का सहयोग रहा है सभी कांग्रेसजन ने आर्थिक रूप से सहयोग देकर राजीव गांधी के पुनर्निर्माण में अपनी भागीदारी निभाई है। यह भवन सभी कांग्रेसजन के सहयोग और मेहनत से बना है। अपनी इच्छा अनुसार सभी कार्यकर्ताओं ने इसके पुनर्निर्माण में आर्थिक सहयोग दिया है। उन्होंने सभी कांग्रेसजन से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर सरोज चौधरी, प्रदेश महासचिव नैनसिंह राजपुरोहित, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह कुम्पावत, संगठन महासचिव वीरेन्द्र जोशी उपस्थित थे।

## क्षत्रिय समाज ने मनाई महाराणा सांगा की जयंती



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जीवाणा/सायला।** निकटवर्ती गढ़ बावतरा स्थित कैवाय माता मंदिर प्रांगण में क्षत्रिय समाज ने महाराणा सांगा की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया। दर्जनों लोगों ने राणा सांगा की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। व्याख्याता दुर्जनसिंह ने राणा सांगा के शौर्य, परा म और वीरता का बखान करते हुए कहा कि उन्होंने 100 से ज्यादा युद्ध लड़े व विरता का प्रदर्शन किया। महाराणा सांगा मेवाड़ के महान शासक थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि और युद्ध कौशल से विदेशी आ ंताओं को मुंहतोड़ जवाब दिया। वह राजपुताना के गौरव और एकजुटता का प्रतीक रहे। खानवा के युद्ध में बाबर के विरुद्ध उनके नेतृत्व ने इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ा। विदेशी शक्तियों के सामने कभी झुके नहीं। उन्होंने अपार व्यक्तिगत क्षति सहकर भी अपना गौरव और सम्मान बनाए रखा। दीपसिंह दुदवा ने कहा कि महाराणा सांगा का पूरा जीवन संघर्ष करते हुए बीत गया, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ सभी लड़ाइयों पर विजय प्राप्त की। राणा सांगा ने अपने युद्ध कौशल के माध्यम से सर्व समाज को जोड़ते हुए उन्हें साथ लेकर अनेकों लड़ाई लड़ी। इन महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा। सभा को अमरसिंह, पाड़सिंह देता, ज्ञानसिंह, इंद्रसिंह सायला सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान राणा पाड़सिंह, व्याख्याता गजेंद्रसिंह, ज्ञानसिंह, इंद्रसिंह सायला, पूर्व प्रधान खंगारसिंह आसाना सहित कई लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षत्रिय युवक संघ के चार दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। आगामी 9 मई से 12 मई तक गढ़ बावतरा में प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## पक्षियों के लिए लगाए परिंडे, अभियान का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** भारत विकास परिषद शाखा जालोर की ओर से रविवार को शिवाजी नगर क्षेत्र स्थित नेहरू उद्यान में पक्षियों के लिये परिडें लगाने के कार्य का शुभारम्भ किया। शाखा अध्यक्ष राजेंद्र भूतड़ा ने बताया कि मानव समाज में पक्षियों का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में शहर के विभिन्न उद्यानों व सार्वजनिक स्थलों पर परिंडे लगाना तय किया गया है। परिषद् शाखा सचिव शांतिलाल सोनी, कोषाध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी, महेंद्र आनंद वैष्णव, प्रेम कुमार परमार, कमल किशोर, कालूराम कुमावत, राजेन्द्रसिंह काबावत, जगदीश अग्रवाल, आनंद खत्री, अम्बालाल माली, हेमराज सुथार, राजेन्द्र चौधरी, बजरंगसिंह, गोविंद बोराणा, सुरेन्द्रसिंह, मादाराम, मंशाराम चौहान आदि मौजूद थे।



## कल रवाना होगी क्षत्रिय सरगरा समाज एकता यात्रा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** मेगा हाइवे पर मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से मंगलवार को सरगरा समाज एकता यात्रा संतों के सानिध्य में रवाना होगी। चार जिलों की इस यात्रा में मांगूनाथ देसूरी, राजूगिरी, चेतननाथ पनोता, निर्भयनाथ सायला, मोहननाथ मोकलसर, जीवननाथ केरली, पूरणदास खिमेल का सानिध्य रहेगा। यात्रा सवेरे रवाना होगी जो शाम को आबूरोड में समाज की धर्मशाला में पहुंचेगी। दूसरे दिन बुधवार को आबूरोड से रवाना होकर शाम को मोकलसर मंदिर पहुंचेगी। गुरुवार को मोकलसर से रवाना होकर शाम को सरदारपुरा जोधपुर पहुंचेगी। शुक्रवार को यात्रा जोधपुर से रवाना होकर शाम को सर्वोदय नगर पाली पहुंचेगी एवं शनिवार से पाली से रवाना होकर शाम को मक्तेश्वर धाम पहुंच विसर्जित होगी।

## आज चार घंटे बंद रहेगी बिजली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** कारोला के 220 केवी उपचौकी केंद्र पर सोमवार को रखरखाव को लेकर कारोला से जुड़ी बिजली आपूर्ति सवेरे 7.30 से 11.30 बजे तक बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने बताया कि रखरखाव कार्य को लेकर 33 केवी पीएचइडी एवं एनसीपी फीडरों से जुड़े क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। विशेष रूप से 33/11 केवी उपचौकी केंद्र हरियाली, मालवाड़ा, धमा ना एवं रूडा का गोलिया में बिजली बंद रहेगी।

## राजेन्द्र पूनम ग्रुप के सदस्यों ने की आदाणी तीर्थ की यात्रा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राजेन्द्र पूनम ग्रुप के 36 सदस्यों ने चैत्री सुदी पूर्णिमा पर आदाणी तीर्थ यात्रा का लाभ लिया। ग्रुप के सदस्य गौतम वेद मुथा ने बताया कि बैंगलुरू से सभी भक्त पेद् दतुम्बलम् तीर्थ यात्रा पर गए। वहां पर तीर्थंकर पार्श्वममणि पार्श्वनाथ की पूजा अर्चना की गई। इस यात्रा के आयोजन का लाभ भी सामूहिक रूप से लिया जाता है। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि जैन धर्म में चैत्री पूर्णिमा का बड़ा महत्व है। हीराचन्द वेद मुथा, रमेश बालर, गणेश लुणीया मुथा, बाबूलाल सोफाडिया, दिनेश लम्बु, जुगराज भंडारी, गौतमकुमार वेद मुथा, हितेषकुमार, जितेन्द्रकुमार, अनिलकुमार, गणेश लुणीया मुथा, रमेश बालर, ललित अग्नि गोत्र, परोसी, विकास, किरण जैन, रविन्द्र मोदी, विकास जैन, प्रकाश, दिलीप, विमलकुमार, मनोहरमल, चंपालाल श्रीमाल, पृथ्वीराज लुंकड, निकिल, प्रकाशदेवी, अनीतादेवी, मंजुदेवी, अलकादेवी, पिंकुदेवी, संगीतादेवी, दाईबाई, मीनादेवी, सीमादेवी, रजनदेवी, पुष्पादेवी, जशोदादेवी, कमलादेवी सहित कई सुश्रावक एवं सुश्राविका उपस्थित रहे।



सत्यमेव जयते


राजस्थान सरकार



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री



भारत रत्न बाबा साहेब

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर

## 134वां जयन्ती समारोह

मुख्य अतिथि

## श्री भजनलाल शर्मा

माननीय मुख्यमंत्री

**शुभारम्भ / स्वीकृति / वितरण**

अम्बेडकर पंचतीर्थ योजना का शुभारम्भ

एस.सी., एस.टी. उद्यमियों को औद्योगिक भूखंडों का आवंटन

स्वच्छकारों को सेफ्टी किट / एस.सी., एस.टी., सफाई कर्मचारी आदि के लिए एक मुश्त समझौता योजना

मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना की स्वीकृति

नशा मुक्ति केन्द्रों का शुभारम्भ

मस्कुलर डिस्ट्रोफी पीड़ितों को इलेक्ट्रिक व्हील चेयर

**14 अप्रैल, 2025 | प्रातः 11.00 बजे | राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर, जयपुर**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद